सुप्रभात

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ | महाशिवरात्रि

रांची, बुधवार 26.02.2025 | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 | वर्ष : 12 | अंक : 225 | * * नगर संस्करण | पेज : 12 | khabarmantralive.com

# देवघर, दुमका, रांची समेत पूरे राज्य में शिवरात्रि की धूम

- शिवबारात में नाचेंगे देव-दानव, भूत-बैताल
- सामाजिक कुरीतियों से जुड़ी झांकियां भी होंगी
- मनमोहक ढंग से सज गये हैं सभी मंदिर

**खबर मन्त्र टीम**

**रांची, देवघर, दुमका।** महाशिवरात्रि और शिवबारात को ले कर राजधानी के पहाड़ी मंदिर, देवघर में बैजनाथ मंदिर, बासुकीनाथ में बाबा मंदिर समेत पूरे झारखंड के शिवालय धजधज कर तैयार हैं। सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। बाबा का अद्भुत ऋृंगार किया गया है। देवघर में 34 वर्षों में पहली बार राज्य सरकार का पर्यटन विभाग शिव बारात निकाल रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी इसबार बाबा बैजू के बारात में शामिल हांगे। इस वर्ष शिव बारात में एक ड्रैगन झांकी आकर्षण का केंद्र रहेगा।

वहीं देवी-देवता, किन्नर, गंर्धव, भूत-बैताल, हाथी, घोड़ा, नंदी, भृंगी, डाकिन, साधु-संन्यासी, ढोल बाजा बैंड भांगड़ा सहित अन्य बारात में शामिल होंगे। शिवबारात में 12 ज्योतिर्लिंग का प्रारूप झांकी के माध्यम से प्रदर्शित किया जा रहा है।

रांची पहाड़ी मंदिर में जीवंत झांकियां, ताशा-बैंड, छऊ नृत्य, भूत-प्रेतों के मनमोहक प्रदर्शन और अन्य रंगारंग प्रस्तुतियां देखने को मिलेंगी। राजधानी में पहाड़ी मंदिर, इंद्रपुरी, सुरेश्वर महादेव चुटिया, पंच मंदिर हरमू, सुंगर विहार, कोकर, श्रीराम मंदिर चुटिया में भी शिवबारत की भव्य तैयारी की गयी है। पहाड़ी मंदिर की बारात में आठ झांकियां होंगी शामिल होंगी।



## बैजू बाबा की बारात में सीएम भी होंगे शामिल

सीएम हेमंत सोरेन बुधवार की शाम देवघर पहुंचेंगे। शाम 5 बजे केकेएन स्टेडियम में शिव बारात उदघाटन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम के बाद सीएम वापस रांची लौट जायेंगे।

### ड्रैकुला लोगों को मनोरंजित करेगा

**देवघर** के लोगों में इस बात को लेकर खासा उत्साह है। इसबार शिव बारात में निकलने वाली झांकी एक ड्रैगन झांकी आकर्षण का केंद्र रहेगा। ड्रैगन के मुंह से निकलने वाले ड्रैकुला लोगों को मनोरंजित करेगा। इसके अलावा कलिकासुर राक्षस भी लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। इसके अलावा मौजूदा राजनीतिक महत्वाकांक्षा को भी दर्शाया गया है। किस तरह से लोग अपने परिवार और जनता को छोड़कर कुर्सी के पीछे पड़े हुए हैं। शिव बारात में निकलने वाली झांकी में एक दृश्य यह भी दिखाया जाएगा कि आज के भागम भाग के दौर में बच्चे कैसे मोबाइल के कारण बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं।



सामाजिक कुरीति के साथ-साथ कई ऐसी चीजें झांकी में दिखाई जाएंगी जो लोगों को खासा आकर्षित करेगी।

## न्यूज डायरी

### रांची में महसूस किये गये भूकंप के झटके

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में मंगलवार की सुबह 6 बजकर 10 मिनट के आसपास भूकंप के झटके महसूस किये गये। जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक भूकंप की तीव्रता 5.1 आंकी गयी। इसका केंद्र बंगाल की खाड़ी में 91 किलोमीटर की गहरायी में था। रांची मौसम केंद्र के मुताबिक सुबह का वक्त होने और कम तीव्रता की वजह से ज्यादातर लोगों को भूकंप का पता नहीं चल पाया।

### मैट्रिक की परीक्षा में एक मुन्नाभाई धराया

**सतबरवा(पलामू)।** बीएस नामधारी मेमोरियल कॉलेज में मंगलवार को किसी दूसरे छात्र के नाम पर मैट्रिक की परीक्षा दे रहा छात्र पकड़ा गया है। उड़नदस्ता टीम के कृष्ण मुरारी तिर्की ने बताया कि दूसरे के नाम पर परीक्षा दे रहे एक छात्रा को पकड़ा गया है। पकड़े गये छात्र की पहचान स्तरौन्नत उवि सोहडीखास के छात्र नॉलेज यादव पिता प्रेमचंद यादव है। पुलिस ने वीक्षक की पहचान पर मुन्ना भाई के तर्ज पर परीक्षा दे रहे फर्जी छात्र को हिरासत में ले लिया है।

### सुखदेव लोस याचिका समिति के सदस्य बने

**लोहरदगा।** लोकसभा के स्पीकर ने लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत को लोकसभा याचिका समिति का सदस्य बनाया है। याचिका समिति के अध्यक्ष सांसद चंद्र प्रकाश जोशी को बनाया गया है। यह 14 सदस्यी समिति है। सांसद श्री भगत के कार्यों से प्रभावित होकर उन्हें बड़े-बड़े दायित्व दिया जा रहा है। लोहरदगा इलाके में इसे ले कर उत्साह है।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 79800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 100000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




# बालू और पेपर लीक पर पक्ष-विपक्ष में घमासान

## विपक्ष के हंगामे के बावजूद सदन में चला प्रश्न काल






**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को सदन में जैक की मैट्रिक परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक और बालू के मुद्दा को लेकर सवाल उठे। भाजपा ने सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले प्रश्नपत्र लीक मामले की सीबीआइ जांच को लेकर बाहर प्रदर्शन किया। पेपर लीक मामले पर सदन के अंदर और बाहर भाजपा विधायकों का प्रदर्शन, सीबीआई जांच की मांग को लेकर हंगामा किया। स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने वेल पर पहुंचे भाजपा विधायकों को समझा-बुझा कर बैठाया।

**कार्यस्थगन प्रस्ताव :** भाजपा के दो विधायकों नीरा यादव और राज सिन्हा ने इसे लेकर कार्य स्थगन प्रस्ताव लाया, जिसे स्पीकर ने इस तर्क के साथ अस्वीकार कर दिया कि चलते सत्र में भी इसपर चर्चा हो सकती है। इस पर स्पीकर ने कहा कि सदन के बाहर प्रदर्शन करने से उनका विषय आ चुका है। अब विधायक सदन की परिपाटी को शुरू से ही पटरी पर रहने दें। सदन में प्रश्न आने देने के अनुरोध पर विधायक अपनी-अपनी सीट पर बैठे।

### सीपी बोले मुझे बालू चाहिए

भाजपा विधायक सीपी सिंह ने कहा कि उन्हें दो हाइवा बालू चाहिए। मंत्री बालू उपलब्ध करा दें, जो भी बिल होगा उसका भुगतान कर दिया जायेगा। जवाब में मंत्री ने उन्हें ऑनलाइन आवेदन करने का सुझाव दिया। भाजपा विधायकों ने यह पूछकर मंत्री को घेरने का प्रयास किया कि वे बता दें कि राज्य में बालू किस दर पर मिल रहा है। जवाब में मंत्री ने कहा कि विपक्ष भी पेट्रोल-डीजल की दर बता दें। भाजपा विधायक मनोज यादव ने बिहार से बालू झारखंड आने का बात कही, जिसका सीपी सिंह ने भी समर्थन किया।

**चला प्रश्न काल :** मंगलवार को सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले भाजपा विधायकों ने पोस्टर -बैनर लेकर प्रदर्शन किया। नवीन जायसवाल ने कहा कि हेमंत सरकार में जितनी भी परीक्षाएं होती हैं उसका पेपर लीक हो जाता है। कार्यवाही जैसे ही 11.10 बजे शुरू हुई भाजपा विधायक वेल में प्रवेश कर गये।

विपक्षी सदस्यों ने सीबीआइ जांच की मांग की। स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने समझा-बुझा कर भाजपा विधायकों को सीट पर बैठाया। स्पीकर कहा कि चलते बजट सत्र में इस मसले पर चर्चा होगी।

(शेष पेज 11 पर)

### अभिभाषण पर चर्चा, कार्यवाही स्थगित

बजट सत्र के दूसरे दिन राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा हुई। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण को असत्य का पुलिंदा कहना सही नहीं है। प्रश्नकाल और शून्यकाल भी हुआ। इस दौरान कई बार हंगामा भी हुआ। अभिभाषण पर चर्चा के बाद सदन की कार्यवाही गुरुवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी।

### 573 गरीबों को आवास बनाने को मुफ्त बालू

बालू मुद्दे पर गंगा के बीच प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि राज्य सरकार ने गैर करदाताओं के लिए बालू मुफ्त कर दिया है। प्रधानमंत्री आवास योजना तथा अबुआ आवास योजना के लिए भी मुफ्त बालू मिल रहा है। राज्य सरकार ने अबतक 573 लोगों को 1.63 हजार क्यूबिक फीट ;सीएफटी, मुफ्त बालू उपलब्ध कराया गया है। भाजपा विधायक नवीन जायसवाल ने बालू घाटों की बंदोबस्ती नहीं होने तथा लोगों को बालू नहीं मिलने से हो रही परेशानी का मामला उठाया था। इस पर सदन में दोनों पक्षों में लंबी बहस हुई। भाजपा विधायकों ने आरोप लगाया कि बालू के उठाव में थाने संलिप्त हैं। लोगों को 44 हजार रुपये प्रति हाइवा बालू लेने को मजबूर होना पड़ रहा है।

# गिरीडीह से हुआ था पेपर लीक मास्टरमाइंड समेत 10 गिरफ्तार

## एक मजदूर लड़के ने दिया था घटना को अंजाम: डीजीपी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मैट्रिक परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले में चल रहे हंगामे के बीच पुलिस ने इस केस में बड़ा उद्भेदन किया है। डीजीपी ने बताया कि पेपर लीक गिरीडीह से हुआ था। मामले में एक सामान्य सा लड़का जो मजदूर का काम करता है, उसने ट्रक से पेपर उतारते समय ब्लेड से बंडल को फाड़कर पेपर निकाला और फोटो कॉपी कर वायरल कर दिया। पुलिस ने इस मामले में उस लड़के के घर से पेपर के साथ कई कागजात बरामद किये हैं। इस मामले में दस लोग पकड़े गये हैं। उनसे पूछताछ जारी है।



कोडरमा एसपी के नेतृत्व में की गयी इस कार्रवाई की जानकारी देते हुए डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा है कि इस मामले में 10 लोग पकड़े गये हैं और सभी से पूछताछ की जा रही है। उन्होंने पेपर लीक मामले में किसी तरह के सिंडिकेट का हाथ होने से इनकार किया। साथ ही कहा कि एक सामान्य लड़के ने इस घटना को अंजाम दिया है, जो लेबर का काम करता है। गिरिडीह में ट्रक से प्रश्न पत्र उतारने के वक्त ब्लेड से बंडल को फाड़कर उसमें से प्रश्न पत्र निकाल लिया। पुलिस ने उस लड़के को भी गिरफ्तार किया है।

**क्या था मामला :** मैट्रिक की परीक्षा के दो पेपर क्रमशः हिंदी और विज्ञान का प्रश्न पत्र परीक्षा से पहले ही वायरल हो गया था। जब मिलान किया गया तो सवाल हूबहू था। ऐसे में जैक ने तुरंत ही दोनों विषय की परीक्षा को रद्द कर दिया। मामले की जांच के आदेश दे दिये गये। गिरिडीह तथा कोडरमा के डीसी को 24 घंटे के अंदर जांच करते हुए रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया गया। दोनों जिला के अधिकारियों ने जांच टीम का गठन किया और पड़ताल शुरू कर दी।

# भविष्य की नयी यात्रा पर पूर्वोत्तर भारत : मोदी

**एजेंसी**

**गुवाहाटी।** पीएम मोदी ने कहा कि पूर्वी भारत और पूर्वोत्तर भारत आज भविष्य की नयी यात्रा पर निकल रहे हैं। यह क्षेत्र देश की समृद्धि में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और अब समय आ गया है कि यह अपनी वास्तविक क्षमता को पूरी दुनिया के सामने प्रस्तुत करे। पीएम मोदी ने मंगलवार को असम के गुवाहाटी में आयोजित एडवांटेज असम 2.0 निवेश एवं अवसंरचना शिखर सम्मेलन के उदघाटन पर बोल रहे थे। उन्होंने पूर्वोत्तर भारत के विकास को लेकर अपनी सकारात्मक दृष्टि व्यक्त की।

**ए फॉर असम का आदर्श पूरे देश में लागू होगा :** उन्होंने आशा व्यक्त की कि जब भारत विकास की दिशा में आगे बढ़ेगा, तो पूर्वी भारत और पूर्वोत्तर क्षेत्र अपनी पूरी क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने 2013 में किए गए अपने वादे को याद करते हुए कहा कि वह समय दूर नहीं है जब ए फॉर असम का आदर्श पूरे देश में लागू होगा। उन्होंने असम की अर्थव्यवस्था के उल्लेखनीय विकास की ओर इशारा करते हुए कहा कि 2018 में असम की अर्थव्यवस्था का मूल्य 2.75 लाख करोड़ रुपये था, जो अब बढ़कर



लगभग छह लाख करोड़ रुपये हो गया है। यह केंद्र और राज्य सरकारों के समन्वित प्रयासों का परिणाम है। पीएम मोदी ने असम में कानून व्यवस्था के सुधारों का भी उल्लेख किया और कहा कि राज्य में शांति समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। लंबित सीमा मुद्दों का समाधान किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि देश में उद्योग और नवाचार संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कई सकारात्मक नीतियां लागू की गयी। उन्होंने कहा कि भारत और असम दोनों ही डबल इंजन की गति से विकास कर रहे हैं और भारत में किए जा रहे संस्थागत सुधार, उद्योग, बुनियादी ढांचे और नवाचार का संयोजन देश की प्रगति का आधार बन रहा है।

# 1984 दंगे में सज्जन कुमार को उम्रकैद

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक विशेष अदालत ने 1984 में सिख विरोधी दंगों के दौरान सरस्वती विहार इलाके में दो व्यक्तियों की हत्या से संबंधित एक मामले में पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार को मंगलवार को आजीवन कारावास की सजा सुनायी। एमपी/एमएलए मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने अभियोजन पक्ष और बचाव पक्ष के वकील की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश सुनाया। अदालत ने 12 फरवरी को सज्जन कुमार को भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत दंडनीय अपराधों के लिए



दोषी ठहराया था। सजा की अवधि पर दलीलें सुनने के बाद अदालत ने फैसला सुनाने के लिए मामले को 25 फरवरी के लिए सूचीबद्ध कर दिया था।

वर्तमान मामला तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी की उनके दो सिख अंगरक्षकों द्वारा हत्या के बाद दिल्ली और देश के अन्य हिस्सों में हुए व्यापक सिख विरोधी दंगों के कई उदाहरणों में से एक से संबंधित है।

(शेष पेज 11 पर)

## महाकुंभ : आज आखिरी दिन भारी भीड़, सुरक्षा कड़ी, वाहन बैन

# अबतक 64 करोड़ ने लगायी पवित्र डुबकी

- ईशा अंबानी, रवीना टंडन ने लगायी डुबकी
- 144 वर्षों के अद्भुत संयोग का साक्षी बनने उमड़े लोग

**एजेंसी**

**प्रयागराज।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर महाकुंभ अपने चरम पर पहुंच चुका है। 144 साल बाद बने इस अद्भुत संयोग का साक्षी बनने के लिए करोड़ों श्रद्धालु संगम तट पर उमड़ पड़े हैं। मां गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के पावन संगम में रोज सवा करोड़ से ज्यादा





श्रद्धालु डुबकी लगाकर शांति और मोक्ष की कामना कर रहे हैं। महाकुंभ में अब तक 64 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पवित्र स्नान कर चुके हैं। मंगलवार को जबरदस्त भीड़ रही। शाम 4 बजे तक 97.21 लाख लोग स्नान कर चुके हैं। इस तरह 13 जनवरी से अब तक 44 दिन में 64.33 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड की कार्यकारी निदेशक ईशा अंबानी ने संगम स्नान किया। एक्ट्रेस रवीना टंडन ने भी बेटी राशा के साथ संगम में डुबकी लगायी। यूपी भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने भी संगम में लगायी डुबकी। हिमाचल के सीएम सुखविंदर सुक्खू ने पत्नी-बेटी के साथ किया पवित्र स्नान।

**आज आखिरी दिन, एयरफोर्स तैनात :** महाशिवरात्रि को महाकुंभ का आखिरी दिन है। महाशिवरात्रि के स्नान पर्व को देखते हुए ट्रैफिक प्लान बदला गया है। मंगलवार शाम से मेला क्षेत्र में प्रशासनिक गाड़ियों को छोड़कर सभी वाहनों की एंट्री रोक दी गयी है। प्रशासन ने अपील की है कि श्रद्धालु नजदीकी घाट पर स्नान करें और घर जायें। महाकुंभ में निगरानी के लिए एयरफोर्स के जवान तैनात हैं।

(शेष पेज 11 पर)

## मंईयां सम्मान योजना की पूरे देश में हो रही है चर्चा : प्रदीप

कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने राज्यपाल के अभिभाषण के पक्ष में बोलते हुये कहा कि मंईयां सम्मान योजना की पूरे देश में चर्चा हो रही है। इसके साथ ही बिजली बिल माफी और अबुआ आवास योजना ने भी धूम मचा रखी है। यह योजना महिलाओं के सशक्तिकरण और उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। झारखंड सरकार ने दो बार किसानों का कर्ज माफ किया है। पहली बार 50,000 रुपये तक का कर्ज माफ हुआ था। जबकि इस बार 2 लाख रुपये तक का कृषि ऋण माफ हो रहा है। 2024-25 में 7625 आवेदन स्वीकृत हुये और 738 करोड़ रुपये सब्सिडी ऋण दिया गया है।

## कोयलांचल में रैयतों पर हो रहा जुल्म : जयराम महतो

जेएलकेएम विधायक जयराम कुमार महतो ने सदन में कहा कि कोयलांचल में रैयतों पर जुल्म हो रहा है। उनका आरोप है कि मांडू के कई गांवों में दो कंपनियां खनन करने वाली हैं। जिससे रैयतों को परेशानी हो रही है। इस मामले में पांच सौ से ज्यादा महिलाएं धरना पर बैठी हैंण उनकी मांग है कि उनकी बात सुनी जाये और उन्हें न्याय दिलाया जाये।


**चक्रधरपुर मंडल के तहत विज्ञापन परिसंपत्तियों के लिए ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति, भारत संघ की ओर से एवं उनके लिए, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, चक्रधरपुर मंडल, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा चक्रधरपुर मंडल के तहत निम्नलिखित परिसंपत्तियों की श्रेणियों के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है, जिसे https:/www.ireps.gov.in/वेबसाइट पर अधिसूचित किया गया है। ई-नीलामी का विवरण निम्नानुसार है: **क्रम सं. 1, श्रेणी:** विज्ञापन ओओएच, **कैटलॉग नं.:** एडीबीटी-एडीटीपी-ओओएच-2, **नीलामी की तिथि:** 07.03.2025, **नीलामी शुरू होने का समय:** 11.45 बजे, **नीलामी बंद होने का समय:** 12.15 बजे। **क्रम सं. 2, श्रेणी:** एडीबीटी. ट्रेन एक्सटीरियर, **कैटलॉग नं.:** एडीबीटीटीआरएनईएक्सटी-1-25, **नीलामी की तिथि:** 06.03.2025, **नीलामी शुरू होने का समय:** 11.30 बजे, **नीलामी बंद होने का समय:** 12.10 बजे। इच्छुक पार्टी इस तथ्य को ध्यान में रखें और साइट के विवरण तथा ई-नीलामी सूचना के बारे में संबंधित जानकारी के लिए ऊपर उल्लिखित वेबसाइट देखें। किसी भी तरह की पूछताछ/स्पष्टीकरण के लिए, कृपया अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क करें।

(PR-1171) वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, चक्रधरपुर

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा



सीएमपीडीआई cmpdi
सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाईन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड
CENTRAL MINE PLANNING & DESIGN INSTITUTE LIMITED
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी)
गोन्दवाना प्लेस, कांके रोड, रांची-834008, झारखण्ड, इण्डिया

**सूचना**

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट **www.coalindia.in**/संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीएमपीडीआई, **www.cmpdi.co.in**), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://coalindiatenders.nic.in** एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://eprocure.gov.in** पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल **https://gem.gov.in** के माध्यम से भी खरीद की जाती है"।


# महिला दिवस पर दी जायेगी मंईयां योजना की तीनों किस्त : दीपिका

**बजट सत्र : दूसरा दिन**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा है कि मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना की राशि जल्द ही लाभार्थियों को दी जायेगा। मंत्री ने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि तकनीकी त्रुटियों के कारण राशि समय पर नहीं भेजी जा सकी। लेकिन अब समस्या दूर कर ली गयी है। जल्द ही सभी लाभार्थियों के खातों में एक साथ तीन माह की राशि 7500 रुपये ट्रांसफर की जायेगी। उन्होंने बताया कि होली या महिला दिवस के अवसर पर मंईयां योजना की तीनों किस्त दी जायेगी। उन्होंने यह भी कहा कि हेमंत सोरेन सरकार अपने वादों को पूरा करने की क्षमता रखती है।

उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत दी जाने वाली राशि को 1000 रुपये से बढ़ाकर 2500 रुपये किया गया था। हालांकि कुछ तकनीकी दिक्कतों के कारण राशि के वितरण में बाधायें आयीं। लेकिन इसे ठीक कर लिया गया है।



## मां कोलेश्वरी स्टोर पर 28 लाख का फाइन

**विधायक** जनार्दन पासवान ने सदन में पूछा कि हंटरगंज में माफिया, वन पदाधिकारी और खान विभाग के पदाधिकारियों द्वारा अवैध खनन और व्यापार किया जा रहा है। इस प्रभारी मंत्री ने कहा कि मां कोवलेश्वरी स्टोन को तीन अक्तूबर 2015 को लघु खनिज का पट्टा दिया गया था। दायरे से अधिक खनन करने पर 2023 में उस पर 27.89 लाख का फाइन भी किया गया है। इसकी जांच कराई जायेगी। कांग्रेस विधायक सुरेश बैठा ने पूछा कि खलारी के एनके एरिया में कोयला खदानों में नियम विरूद्ध विस्फोट किया जा रहा है।

# राज्यपाल से असत्य बोलवाया गया : विपक्ष

## चर्चा के बाद सदन की कार्यवाही गुरुवार तक के लिए स्थगित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन दूसरी पाली में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा हुई। हालांकि चर्चा के दौरान कई बार हंगामा भी हुआ। राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव और उसके समर्थन में सत्ता पक्ष के विधायकों द्वारा पक्ष रखे जाने पर भाजपा विधायक सीपी सिंह ने सवाल उठाया। इस दौरान स्पीकर ने कहा कि सभा का संचालन नियम के तहत ही हो रहा है। उन्होंने बताया कि सत्ता पक्ष के मुख्य दल द्वारा पक्ष रखे जाने के बाद भाजपा की बारी आयेगी। भाजपा विधायक सीपी सिंह ने सदन में राज्यपाल के अभिभाषण पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि अभी तो नई-नई सरकार बनी है, अभी किसी को कुछ नहीं कहेंगे। लेकिन, राज्यपाल से असत्य बोलवाया गया है। उन्होंने नि>य पत्र को दिखाते हुए कहा कि सरकार बनने के दो साल के भीतर नियुक्ति की जायेगी। लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ है। उन्होंने मंईयां सम्मान योजना का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जनवरी और फरवरी की राशि अभी तक नहीं मिली है। उन्होंने रांची में चल रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान का भी जिक्र किया और कहा कि इसका सीधा असर गरीबों पर पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड सरकार अपराधियों को संरक्षण दे रही है। खनिज लूट रही है और बालू लूट रही है। राज्य में छिनतई और हत्या की घटनायें रोजाना हो रही हैं। लेकिन सरकार की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

**कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों के शिक्षकों के लिए बन रही नियमावली :** विधानसभा में अल्पसूचित प्रश्न के माध्यम से सत्ता पक्ष के ही विधायक समीर मोहंती ने डायट एवं अन्य सरकारी शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में डीएलएड की पढ़ाई बंद होने का मामला उठाया। उन्होंने सवाल किया कि आखिर क्यों सरकारी संस्थानों में इसकी पढ़ाई बंद कर दी गई। जबकि निजी संस्थान बड़ी राशि लेकर इसकी पढ़ाई करा रहे हैं। इस पर शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन इसका संतोषजनक जवाब नहीं दे सके।

**शिक्षा मंत्री का शिल्पी नेहा तिर्की ने दिया साथ :** सरकारी शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में डीएलएड की पढ़ाई क्यों बंद हुई, के सवाल पर जवाब के क्रम में शिक्षा मंत्री को मदद करते हुये कृषि एवं पशुपालन मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत बवर्ष 2030 तक डीएलएड की पढ़ाई बंद हो जायेगी। उन्होंने निजी संस्थानों में भी इसकी पढ़ाई बंद करने के लिए राज्य सरकार द्वारा आदेश जारी किए जाने का सुझाव दिया। इधर, अल्पसूचित प्रश्न के माध्यम से ही विधायक निरल पूर्ति ने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को केंद्रीय विद्यालयों की तर्ज पर 27,500-28200 वेतनमान देने की मांग उठाई। जवाब में शिक्षा मंत्री ने कहा कि वर्तमान में शिक्षकों को प्रतिमाह 13,200 रुपये मानदेय का भुगतान होता है।

इसमें 11 हजार रुपये समग्र शिक्षा अभियान के तहत उपलब्ध कराया जाता है।वहीं, 2,200 रुपये राज्य सरकार अतिरिक्त भुगतान करती है। मंत्री ने इन विद्यालयों के शिक्षकों के लिए नियमावली का गठन प्रक्रियाधीन होने की जानकारी दी।

### हजारीबाग में बन रहा है 500 बेड का अस्पताल : मंत्री

ध्यानाकर्षण के तहत विधायक प्रदीप प्रसाद ने हजारीबाग सदर अस्पताल का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि वहां ऑफलाइन पर्ची कटाने की भी व्यवस्था होनी चाहिए। ऑक्सीजन प्लांट और मेडिकल वेस्ट डिस्पोजल मशीन भी बंद है। डॉक्टरों की कमी है। इमरजेंसी दवाएं भी नहीं हैं। इस पर स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि हजारीबाग में शेख भिखारी हॉस्पिटल 500 बेड का बन रहा है। मेडिकल कॉलेज बनने के बाद सदर अस्पताल का लोड कम हो जायेगा। 25 मई तक भवन तैयार हो जायेगा।

रिक्त पदों पर नियुक्ति की जा रही है। विधायक मथुरा प्रसाद महतो की ओर से पूछे गये डीएमएफटी के सवाल पर प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट नियमावली राज्य हित में नहीं है। इसमें संशोधन होना चाहिए। जितने भी खनिज हैं, सभी से रॉयल्टी आता है। वहीं, कोडरमा में करियावां मौजा को विस्थापित गांव की सूची में शामिल नहीं करने के सवाल पर भू-राजस्व मंत्री दीपक बिरूआ ने कहा कि इसकी जांच कर विस्थापित गांव की सूची में शामिल किया जायेगा। ध्यानाकर्षण के जरिए विधायक अमित यादव ने यह सवाल पूछा था।


**कार्यालय : जिला परिषद, चतरा**
(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

**-: शुद्धि सूचना :-**

कार्यालय पत्रांक 94/जि.प., दिनांक 13.02.2025 (PR No. 346457 (District) 24-25*D) द्वारा सिमरिया प्रखण्ड अन्तर्गत मत्स्य विभाग कार्यालय के सामने सिमरिया-बगरा पथ में 24 दुकानों को लाभुकों के बीच आवंटित करने हेतु दिनांक 28.02.2025 को लॉटरी का आयोजन किया गया है।

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त लॉटरी दिनांक 03.03.2025 को 12.30 अपराह्न में जिला परिषद सभाकक्ष में आयोजित की जायेगी।

वे लाभुक, जिन्होंने पूर्व में संबंधित दुकान आवंटन हेतु निर्धारित राशि का डिमांड ड्राफ्ट जमा किया है, संशोधित तिथि पर समय से उपस्थित होकर लॉटरी प्रक्रिया में भाग लेना सुनिश्चित करें। अनुपस्थित लाभुकों के किसी भी प्रकार के आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

उप विकास आयुक्त-सह-
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, चतरा

PR 347240 District (24-25)_D



**कार्यालय नगर पंचायत, डोमचाँच (कोडरमा)**

**अति अल्पकालीन**

**डाक बन्दोबस्ती आमंत्रण सूचना-14/2025**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, डोमचाँच के अन्तर्गत वित्तीय एक वर्ष के लिए (दिनांक-01.04.2025 से 31.03.2026 तक के लिए) निम्न सैरातों की बन्दोबस्ती ई-प्रोक्यूरमेंट कमिटि के अध्यक्ष की अध्यक्षता में 2:00 बजे अपराह्न नगर पंचायत, डोमचाँच कार्यालय कक्ष में होगी। इच्छुक डाकधारी निर्धारति शर्त एवं समय के अनुसार दिनांक- 07.03.2025 को अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में खुली डाक के से बोली लगाने हेतु निर्धारित किया जाता है।

| क्र0सं0 | बन्दोबस्ती का नाम | सुरक्षित 2025 के लिए | जमानत की राशि 10 प्रतिशत | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सांस्कृतिक भवन | 270000.00 | 27000.00 | दिनांक-07.03.2025 को 02:00 बजे पूर्वाह्न से |

बन्दोबस्ती की शर्त एवं विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस को नगर पंचायत, डोमचाँच को सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

प्रशासक
नगर पंचायत, डोमचाँच

PR.NO.347194 Urban Development(24-25):D



**कार्यालय, असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गुमला**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड सरकार के आदेश के उपरान्त गुमला जिला अंतर्गत किसी भी प्रकार का पान मसाला तम्बाकू और निकोटिन युक्त पदार्थ को बैन कर दिया गया है , अतः सभी से अनुरोध है कि अगर किसी भी कोटपा 2003 से संबंधित शिकायत है तो वह बंद लिफाफे में ntcp ncd cell सिविल सर्जन कार्यालय को सूचना दे सकते है अथवा मेल आईडी ntcpncdgumla@gmail.comमें शिकायत भेज सकते है

शिकायतकर्ता निम्नलिखित मापदण्ड पर शिकायत करे।

1. कही भी किसी भी तरह के तम्बाकू उत्पाद का प्रचार प्रसार अगर किया जा रहा है।
2. पान मसाला खैनी गुटखा सिगरेट खुले में बेचा जा रहा है।
3. 18 साल के कम उम्र के बच्चे के द्वारा तम्बाकू पदार्थ प्रयोग किया या बेचवाया जा रहा हो ।
4. कोई भी दुकानो के पास खुले में धम्रपान करते दिखायी दे रहे हो।
5. स्कूलों के 100 मीटर के क्षेत्र में खैनी, सीगरेट एवं गुटखों की दुकान हो तो ।
6. कही भी भण्डारन किया जा रहा हो।

शिकायतकर्ता का नाम और पहचान गुप्त रखा जाएगा।

विश्वासभाजन
असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गुमला

PR 347163 Health Med Edu and Family Welfare (24-25)_D



**कार्यालयः अनुमण्डल कृषि पदाधिकारी (सामान्य) लातेहार**
संयुक्त जिला कृषि कार्यालय भवन, प्रथम तल, कीनामाड़, लातेहार-829206
E-mail ID – latehardao@rediffmail.com

**पुनः अल्पकालिन निविदा सूचना 3rd Call**

विभागीय राज्यादेश संख्या 63 दिनांक 10.01.2024 के आलोक में कृषि निदेशक, झारखण्ड, राँची के उपावंटनादेश सं० 1676 दिनांक 08.04.2024 द्वारा राज्य योजनान्तर्गत मुख्यशीर्ष-2401 फसल कृषि कर्म लघु शीर्ष 789-अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना एवं लघु शीर्ष-115 छोटे/उपांतक किसानों तथा कृषि श्रम की योजना में आवंटन प्राप्त है।

Leaf color chart के क्रय हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। आपूर्ति की जाने वाली सामग्री की सूची निम्न प्रकार है-

| S.No | Name of Instruments and Accessories | Specification | Price |
|---|---|---|---|
| 1 | Leaf color chart | State Agriculture University / ICAR Approved For Wheat – 6 Panel Leaf Color Chart | Price in 1 no with all Taxes |

निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 04.03.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त की जायेगी। निर्धारित तिथि एवं समय पर निविदा प्राप्त नहीं होने पर उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। निविदा खोलने की तिथि 05.03.2025 एवं समय 2:00 बजे अपराह्न अनुमंडल कृषि कार्यालय, लातेहार में निर्धारित है।

नियम एवं शर्तें जिला कृषि कार्यालय के सूचनापट् पर देखी जा सकती है।

विश्वासभाजन
अनुमण्डल कृषि पदाधिकारी, (सामान्य), लातेहार

PR 347210 Agriculture (24-25)_D


## राज भवन में आयोजित ऐट होम में बोले राज्यपाल

# राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण होती है युवाओं की भूमिका



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को राजभवन में आयोजित ऐट होम कार्यक्रम में भाग लिया। राज्यपाल ने एनसीसी कैडेट्स और एनएसएस स्वयंसेवकों को गणतंत्र दिवस शिविर-2025 में राज्य का गौरवपूर्ण प्रतिनिधित्व करने पर बधाई दी। उन्होंने एनसीसी और एनएसएस संगठनों को राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि ये संगठन युवाओं को सामाजिक सेवा, राष्ट्रभक्ति और अनुशासन की दिशा में प्रेरित करते हैं।

**मेरा भी एनसीसी से गहरा जुड़ाव था :** राज्यपाल ने कहा कि रक्तदान, साक्षरता अभियान, वृक्षारोपण, स्वच्छ भारत मिशन, पर्यावरण संरक्षण और आपदा प्रबंधन जैसे कार्यों में इन संगठनों की सक्रिय भागीदारी सराहनीय रही है। उन्होंने अपने छात्र जीवन को याद करते हुए बताया कि उनका भी एनसीसी से गहरा जुड़ाव था और सैन्य सेवा की ओर झुकाव था, लेकिन आपातकाल के दौरान जेल जाने के बाद उनका जीवन एक नया मोड़ ले लिया और वे राजनीति में सक्रिय हो गए। बरेली की जनता के विश्वास से वे आठ बार लोकसभा सांसद चुने गए और अब झारखंड के राज्यपाल के रूप में अपने संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं।

**एनसीसी-एनएसएस से अधिक युवाओं के जुड़ने का आह्वान :** राज्यपाल ने झारखंड राज्य के अधिक से अधिक युवाओं को एनसीसी और एनएसएस से जुड़ने के लिए प्रेरित किया, ताकि वे शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक दायित्वों का भी सफलतापूर्वक निर्वहन कर सकें और राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकें।

### महिला सशक्तिकरण पर जोर

राज्यपाल ने महिला सशक्तिकरण पर चर्चा करते हुए कहा कि एनसीसी और एनएसएस में बेटियों की बढ़-चढ़कर भागीदारी समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है। उन्होंने कहा कि आज बेटियां अपने साहस और नेतृत्व क्षमता से देश और समाज को नई दिशा दे रही हैं, जो गर्व की बात है। उन्होंने युवाओं से विकसित भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया और माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के युवा शक्ति, विकसित भारत विजन का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की सबसे अहम भूमिका होगी।

## खबर एक नजर में

### मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग वाली पूर्व आइपीएस अरुण उरांव की पीआइएल खारिज

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय नेता और पूर्व आइपीएस अधिकारी अरुण उरांव द्वारा दाखिल जनहित याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। मंगलवार की सुनवाई के बाद अदालत ने उनकी याचिका खारिज कर दी। राज्य सरकार की ओर से इस जनहित याचिका की मेंटेंनबिलिटी पर सवाल उठाया गया था। वहीं प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अभय मिश्रा ने कहा कि याचिका दायर करने वाला व्यक्ति एक रिटायर्ड आइपीएस अधिकारी हैं। इसलिए मेंटेंनबिलिटी का सवाल नहीं उठता। दरअसल अरुण उरांव ने अपनी जनहित याचिका में कहा था कि झारखंड में पिछले कुछ समय से केंद्रीय एजेंसी इडी ने कई बड़ी कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में मनी लॉन्ड्रिंग के कई मामले सामने आये हैं। लेकिन सरकार की ओर से कोई कठोर कार्रवाई नहीं की गयी। इसलिए मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपियों के खिलाफ राज्य सरकार को भी कार्रवाई करने का निर्देश दिया जाना चाहिए। मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस की बेंच में हुई।

### बायोमेडिकल वेस्ट के निस्तारण को लेकर हाईकोर्ट में सुनवाई, जिलों के डीसी से मांगा जवाब

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में झारखंड ह्यूमन राइट कनफेडरेशन की जनहित याचिका की सुनवाई हुई। याचिका में राज्य में नर्सिंग होम एवं हॉस्पिटल से निकलने वाले बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण को लेकर सवाल उठाए गए हैं। कोर्ट ने राज्य के सभी जिलों के डीसी से पूछा है कि उनके जिले में स्थित नर्सिंग होम एवं हॉस्पिटल से निकलने वाले बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण की क्या व्यवस्था है। कोर्ट ने इसे शपथ पत्र के माध्यम से प्रस्तुत करने का निर्देश सभी जिलों के डीसी को दिया है। झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से कोर्ट को बताया गया है कि झारखंड में अभी 5 जगहों – लोहरदगा, रामगढ़, पाकुड़ धनबाद एवं आदित्यपुर में बायोमेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट चल रहे हैं, जबकि देवघर में अभी बायोमेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट बन रहा है। कोर्ट ने अगली सुनवाई मई माह के प्रथम सप्ताह में निर्धारित की है।

### पांच न्यायिक पदाधिकारियों को एलएम की उपाधी के बाद तीन अग्रिम वेतन वृद्धि की स्वीकृति

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट से अनुशंसित झारखंड वरीय न्यायिक सेवा के पांच न्यायिक पदाधिकारियों को एलएम की उपाधी प्राप्त करने के बाद तीन अग्रिम वेतन वृद्धि की स्वीकृति प्रदान की गई है। इनमें जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश धीरज कुमार, दीपक बर्णवाल, बिरेंद्र कुमार, शिवनाथ त्रिपाठी और आशुतोष कुमार पांडेय शामिल हैं। उक्त अग्रिम वेतन वृद्धि वेतन का हिस्सा होगी और महंगाई भत्ता इसके अनुसार तय होगा। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

**चार सेवानिवृत न्यायिक पदाधिकारियों को भी तीन अग्रिम वेतन वृद्धि की स्वीकृति :** इसके अलावा चार सेवानिवृत न्यायिक पदाधिकारियों को भी एलएलएम उपाधी प्राप्त करने के बाद तीन अग्रिम वेतन वृद्धि की स्वीकृति दी गई है। इनमें जिला जज सिमडेगा रिजवान अहमद, चतरा से सेवानिवृत रामबाबू गुप्ता, जिला जज लोहरदगा से सेवानिवृत्त राजेंद्र कुमार जुमनानी और न्यायमुर्ति झारखंड उच्च न्यायालय नवनीत कुमार शामिल हैं।

### वर्ष 1984 सिख दंगा मामला : हाई कोर्ट ने वन मैन कमीशन की रिपोर्ट जल्द प्रस्तुत करने का सरकार को दिया निर्देश

**रांची।** वर्ष 1984 के सिख दंगा में झारखंड में प्रभावित लोगों को मुआवजा दिलाने एवं सिख दंगा से संबंधित केस क्रिमिनल केस की मॉनिटरिंग करने को लेकर दायर सतनाम सिंह गंभीर जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट में अब तक वन मैन कमीशन की रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं किए जाने पर नाराजगी जताई। राज्य सरकार से पूछा की यह रिपोर्ट कब तक प्रस्तुत की जाएगी। वन मैन कमीशन की रिपोर्ट जल्द प्रस्तुत करने का निर्देश राज्य सरकार को दिया। अगली सुनवाई 8 अप्रैल को होगी। कोर्ट ने कहा कि कितने पीड़ित को मुआवजा मिला है, कितने शेष बचे हैं उस रिपोर्ट से ही यह स्पष्ट हो सकेगा। पूर्व की सुनवाई में राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया लगभग पूरी कर ली गई है। वन मैन कमीशन द्वारा अनुशंसा किए गए 41 पीड़ितों में से 39 पीड़ितों को मुआवजा दे दिया गया है।

**वन मैन कमीशन ने दिया है चार जिलों में मुआवजा भुगतान का निर्देश :** पूर्व की सुनवाई में प्रार्थी के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया था कि कमीशन ने 4 जिलों में सिख दंगा पीड़ितों को मुआवजा भुगतान करने का राज्य सरकार को निर्देश दिया है। वहीं, राज्य सरकार की ओर से बताया गया था कि हाई कोर्ट द्वारा गठित वन मैन कमीशन की रिपोर्ट के तहत मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया जारी है। हाई कोर्ट के आदेश पर सिख दंगा मामले को लेकर रिटायर्ड जस्टिस डीपी सिंह की अध्यक्षता में वन मैन कमिशन बनाई गई है। कमीशन ने अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को दी थी। झारखंड के सिख दंगे से प्रभावित 4 जिलों रांची, रामगढ़, बोकारो, पलामू के लोगों को मुआवजा देने के संबंध में कमीशन ने आदेश पारित किया है।

### हाईकोर्ट कोर्ट की अनुशंसा पर चार जिला जज का तबादला

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय की अनुशंसा के आलोक में चार न्यायाधीश का तबादला किया गया है। विनोद कुमार सिंह, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश-सह विशेष न्यायाधीश निर्वाचित एमपी एवं एमएलए डालटेनगंज को अगले आदेश तक जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सह विशेष न्यायाधीश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निरोधक अधिनियम के तहत अपराधों की सुनवाई के लिए विशेष न्यायालय डालटेनगंज के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है। विशेष न्यायाधीश पोक्सो एक्ट गढ़वा दिनेश कुमार को अगले आदेश तक विशेष न्यायाधीश पोक्सो एक्ट सह विशेष न्यायाधीश अनुसूचित जनजाति अत्याचार निरोधक अधिनियम के तहत अपराधों की सुनवाई के लिए विशेष न्यायालय गढ़वा के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है।

जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश गिरीडीह मनोज चंद्र झा को जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, अनुसूचित जनजाति अत्याचार निरोधक अधिनियम के तहत अपराधों की सुनवाई के लिए विशेष न्यायालय गिरिडीह के पद पदस्थापित किया गया है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश साहेबगंज धीरज कुमार को अगले आदेश तक जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह विशेष्रा न्यायाधीश अनुसूचित जनजाति अत्याचार निरोधक अधिनियम के तहत अपराधों की सुनवाई के लिए विशेष न्यायालय साहेबगंज के पद नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

### हत्या मामले में दोषी को आजीवन कैद की सजा

**रांची।** अपर न्यायायुक्त शैलेंद्र कुमार की अदालत ने हत्या मामले में निक्की नायक को दोषी पाकर आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर पांच हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। उस पर ओरमांझी थाना क्षेत्र के चकला गांव निवासी सौरव संजीव पांडे की चाकू से गला काटकर हत्या करने का आरोप था। अभियुक्त ने घटना को अंजाम 9 जुलाई 2022 को दिया था। पुलिस ने अभियुक्त को 11 जुलाई 2022 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। तब से वह लगातार जेल में ही है। निचली अदालत से तीन बार और झारखंड हाईकोर्ट से दो बार उसे जमानत देने से इनकार किया था। घटना को लेकर मृतक की मां ने ओरमांझी थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। अभियुक्त और मृतक के बीच किसी बात को लेकर बहस हुई थी। इसी बीच निक्की नायक ने चाकू से सौरव के गर्दन पर तीन-चार वार किया। इससे वह गिर गया और उसकी स्कूटी लेकर अभियुक्त भाग गया। अस्पताल ले जाने के दौरान उसकी मौत हो गई थी। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से ठोस गवाही दर्ज कराई गई।

### अश्लील हरकत करने के मामले में टीचर को नहीं मिली जमानत

**रांची।** नाबालिग छात्रा से अश्लील हरकत करने के आरोप में जेल में बंद कोकर के हैदरअली रोड निवासी ट्यूशन टीचर अमरेंद्र कुमार उर्फ अमरेंद्र सिंह को अदालत ने राहत देने से इनकार किया है। पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने उसकी ओर से दाखिल जमानत याचिका सुनवाई प>ात खारिज कर दी है।

मोरहबादी के स्टेट हैंडलूम एक्सपो का उद्योग सचिव ने किया उद्घाटन, 10 तक चलेगा

# हैंडलूम सेक्टर में काम करने वालों को सहयोग को तैयार है राज्य सरकार : अरवा राजकमल

- निःशुल्क होगी एंट्री, सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक खुला रहेगा एक्सपो
- एक्सपो में हुनरमंदों को मिलेगा मंच और बाजार

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** उद्योग सचिव अरवा राजकमल ने कहा कि झारखंड के इतिहास में पहली बार इस तरह का स्टेट हैंडलूम एक्सपो ऑर्गेनाइज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक्सपो एक ऐसा प्लेटफार्म है, जो न केवल झारखंड के हैंडलूम सेक्टर में काम करने वाले बुनकरों को प्रोत्साहित कर रहा है, ािल्क पूरे देश के अन्य राज्यों को भी मंच दे रहा है। वह मंगलवार को मोराहबादी मैदान में स्टेट हैंडलूम एक्सपो के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड एक विकसित होता हुआ राज्य है, यहां के लोग काफी कला प्रेमी हैं। यहां की संस्कृति में जो कला है, उसका स्वरूप यहां की कलाकृतियों में दिखाई देती है। हैंडलूम एक्सपो हर साल यहां ऑर्गेनाइज करने के लिए हम लोग एक संकल्प लेंगे और जो बुनकर समिति हैं उन्हें शेड बनाने से लेकर, उनके मशीन लगाने तक कई सारे सब्सिडीज सरकार के द्वारा दिया जाएगा। प्रति साल सैकड़ों की संख्या में इस तरह का सहयोगी समितियां को भी हम लोग राशि प्रदान करने का काम किया करते हैं। इस साल भी मैं आपको उम्मीद दिलाता हूं कि बजट के अनुरूप ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को चयनित करके हम लोग इस योजना का लाभ उनको देंगे।

### एक्सपो क्रय-विक्रय के समन्वय का एक बेहतरीन मंच : कीर्ति श्री

झारक्राफ्ट की एमडी कीर्ति श्री ने कहा कि झारक्राफ्ट के द्वारा पहली बार स्टेट हैंडलूम एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 80 से अधिक स्टॉल हैं । देश के विभिन्न कोने से हमारी बुनकर कम्युनिटीज ने अपना स्टॉल लगाया है। यह एक्सपो बॉयर और सेलर के बीच में एक समन्वय स्थापित करने के लिए और बुनकर कम्युनिटीज को एक विश्व एवं राज्य स्तर पर एक पहचान दिलाने के लिए मंच है। यह एक ऐसा प्लेटफॉर्म है, जहां वे अपने सारे प्रोडक्ट्स को गुणवत्ता के साथ खरीद और बेच सकते हैं। ये हम सौभाग्य समझते हैं कि यह हैंडलूम एक्सपो ऑर्गेनाइज करने का हमें मौका मिला है। उन्होंने बताया कि करीब 15 दिनों तक चलने वाले इस एक्सपो में कुक्कुम धागे को बनाने की विधि और कपड़े की बुनाई का लाइव डेमोंस्ट्रेशन किया जाएगा। साथ ही अगले 15 दिनों तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन राज्य एवं अन्य प्रांतों के क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा किया जाएगा। झारखंड सरकार द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। हैंडीक्राफ्ट से लोगों को एक जोड़ा गया है। इस साल दिल्ली,कोलकाता, अयोध्या और मुंबई में भी हम हैंडीक्राफ्ट के शोरूम खोल रहे हैं

**10 मार्च तक चलेगा स्टेट हैंडलूम एक्सपो :** 25 फरवरी से 10 मार्च 2025 तक स्टेट हैंडलूम एक्सपो चलेगा। एक्सपो में बंगाल, बिहार, ओडिसा, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश से बड़ी संख्या में आए बुनकर अपने उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे। इसके अलावा झारखंड के बुनकर केंद्र के 80 स्टॉल भी लगाए गए हैं।

**लाभुकों को लूम, वर्कशेड और ट्रेनिंग को स्वीकृति बांटे :** कार्यक्रम के उद्घाटन के दौरान उद्योग सचिव अरवा राजकमल के हाथों बुनकर से जुड़े लाभुकों के बीच लूम वितरण, वर्क शेड स्वीकृति पत्र और ट्रेनिंग के लिए पत्र का वितरण किया गया। स्टेट हैंडलूम एक्सपो उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य रूप से निदेशक उद्योग सुशांत गौरव, एमडी जिडको आकांक्षा रंजन, सीईओ मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्योग विकास बोर्ड हिमांशु मोहन, एमडी प्रेरणा दीक्षित, सीईओ खादी बोर्ड सुमन पाठक, जीएम झारक्राफ्ट पंकज कुमार साव सहित राज्य और अन्य प्रदेशों से आए बुनकर मौजूद थे।

# रांची में आज महाशिवरात्रि पर निकलेगी भव्य शिव बारात

- छऊ नृत्य, ताशा-बैंड और झांकियों से सजेगा शिव बारात

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर रांची में भव्य शिव बारात निकाली जायेगी। इसकी तैयारियां अंतिम चरण में हैं। बुधवार को होनेवाले इस धार्मिक आयोजन को भव्य और आकर्षक बनाने के लिए विभिन्न समितियां और श्रद्धालु पूरी तैयारी में जुटे हुए हैं। शहरभर में शिव बारातों की धूम रहेगी। जीवंत झांकियां, ताशा-बैंड, छऊ नृत्य, भूत-प्रेतों के मनमोहक प्रदर्शन और अन्य रंगारंग प्रस्तुतियां देखने को मिलेंगी। इस बार कई स्थानों से शिव बारात निकलेगी, जिनमें प्रमुख रूप से पहाड़ी मंदिर, इंद्रपुरी रातू रोड, सुरेश्वर महादेव मंदिर चुटिया, पंच मंदिर हरमू और श्रीराम मंदिर चुटिया शामिल हैं। इन सभी आयोजनों में विशेष झांकियां, भक्तिमय गीत-संगीत और पारंपरिक विधि-विधान के साथ भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह संपन्न होगा।

**केंद्रीय महासमिति पहाड़ी मंदिर (मुख्य द्वार) की बारात में छह भव्य झांकियां होंगी :** श्री शिव बारात आयोजन केंद्रीय महासमिति पहाड़ी मंदिर (मुख्य द्वार) के तत्वावधान में पहली बार पहाड़ी मंदिर से शिव बारात निकाली जायेगी। इसमें विशेष झांकियों के साथ भक्तगण भगवान शिव की बारात का स्वागत करेंगे। समिति के नरेश पपनेजा के अनुसार, बारात में छह भव्य झांकियां शामिल होंगी, जिनमें चार अघोरी साधु और जीवंत सांप, शंकर-पार्वती की नृत्य झांकी, राधा-कृष्ण का जीवंत स्वरूप, मां काली का तांडव और बजरंगबली दो वानरों के साथ दिखेंगे। इसके अलावा ढोल-नगाड़ों, ताशा पार्टी और छऊ नृत्य का विशेष आकर्षण रहेगा। झांकियों का निर्माण कानपुर और इलाहाबाद के कारीगर कर रहे हैं। समिति के मुख्य संस्थापक नंदकिशोर सिंह चंदेल ने बताया कि शिव बारात पहाड़ी मंदिर के मुख्य द्वार से आरती के साथ प्रारंभ होगी और हरमू रोड, शनि मंदिर, बकरी बाजार, कार्टसराय रोड, कोतवाली थाना रोड, शहीद चौक, अलबर्ट एक्का चौक होते हुए विश्वनाथ मंदिर पहुंचेगी। विश्वनाथ मंदिर में भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह संपन्न होगा।

**श्री शिव बारात आयोजन समिति, इंद्रपुरी (रातू रोड) :** यहां शिव बारात दोपहर एक बजे निकलेगी, जिसमें महाकुंभ थीम पर आधारित 11 विशेष झांकियां होंगी। प्रसिद्ध गायक आलोक कुमार की प्रस्तुति होगी। विद्युत सज्जा, सिंधी ढोल, छऊ नृत्य और झांकियों का प्रदर्शन होगा। बारात इंद्रपुरी मंदिर से मेट्रो गली, रानी सती मंदिर मार्ग, पहाड़ी मंदिर, कार्टसराय रोड होते हुए आरआर स्पोर्टिंग क्लब, श्री दुर्गा साईं मंदिर पहुंचेगी। समिति अध्यक्ष रमेश सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश, दिल्ली और बंगाल के कलाकार झांकियां तैयार कर रहे हैं।

**श्री शिव बारात आयोजन समिति, पंच मंदिर हरमू :** यहां शिवरात्रि के लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं। पंच मंदिर में दिनभर पूजा-अर्चना के बाद शाम पांच बजे शिव बारात निकाली जायेगी। इसमें जीवंत झांकियां आकर्षण का केंद्र होंगे। कलाकारों का मेकअप बंगाल के मेकअप आर्टिस्ट कर रहे हैं। गाजे-बाजे के साथ निकलनेवाली बारात हरमू पंच मंदिर, वीर कुंवर सिंह, हरमू कॉलोनी होते हुए वापस मंदिर परिसर पहुंचेगी। रात नौ बजे भंडारा का आयोजन होगा।

**श्री राम मंदिर शिव बारात समिति, चुटिया :** यहां 12 वर्षों से शिव बारात निकाली जा रही है। अध्यक्ष मुनचुन राय ने बताया कि कोलकाता और कानपुर के कलाकार जीवंत झांकी में महाकाल, काल भैरव, हनुमान सहित अन्य रूप धारण करेंगे। इसके अलावा पुरुलिया का छऊ नृत्य, लोहरदगा का नगाड़ा, ताशा पार्टी भी खास होंगे। भक्त नाचते-गाते शिव बारात में शामिल होंगे। शिव बारात रांची रेलवे स्टेशन के समीप से निकलेगी और श्रीराम मंदिर होते हुए महादेव मंडा तक जायेगी। यहां शिव पार्वती का शुभ विवाह होगा।

### पहाड़ी मंदिर की बारात में आठ झांकियां होंगी शामिल

श्री शिव बारात आयोजन महासमिति, पहाड़ी मंदिर की शिव बारात में आठ झांकियां खास होंगी। दोपहर तीन बजे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भगवान की आरती कर बारात को रवाना करेंगे। यहां की झांकी में राधा-रानी, शिव तांडव, काली तांडव, राम दरबार, शिव पार्वती व अयोध्या वाले श्रीराम आकर्षण के केंद्र होंगे। प्रवक्ता बादल सिंह ने बताया कि भगवान शंकर की जीवंत झांकी के साथ गले में जीवित सांप लपेटे हुए अघोरी नृत्य करते चलेंगे। साथ ही छऊ नृत्य, ताशा पार्टी और डीजे की धुन भी होगी। भजन मंडली भजनों की गंगा बहायेगी। शिव बारात पहाड़ी मंदिर से निकलकर गाड़ीखाना चौक, अपर बाजार, शहीद चौक, अलबर्ट एक्का चौक होते हुए वापस शहीद चौक, रातू रोड होते हुए विश्वनाथ मंदिर पहुंचेगी। यहां रात आठ बजे विवाह संपन्न होगा।

# इंद्रपुरी से आज निकलेगी बाबा भोलेनाथ की बारात, नाचेंगे भूत-बेताल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रातु रोड स्थित कृष्णा इन होटल में महाशिवरात्रि को लेकर श्री श्री शिव बारात आयोजन समिति की तैयारी पूरी है। समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह ने कहा कि महाशिवरात्रि पर इंद्रपुरी से बाबा भोलेनाथ का शोभायात्रा के साथ बारात निकाली जाएगी। इसे भव्य और यादगार बनाने के लिए शाम में आसमान पर गुब्बारा उड़ाया जाएगा। जिसमें राधा कृष्णा की नृत्य को देख सकेंगे श्रद्धालु, जो काफी आकर्षक होगा। इससे लोगों में भगवान के प्रति आस्था जागृत होगी।

बताया कि दोपहर एक बजे शिव मंदिर प्रांगण से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें 12 झांकियों को शामिल किया गया है। इसके अलावा तासा पार्टी, बैंड बाजा, आकर्षक विद्युत लाइटों, सिंधी ढोल, छऊ नृत्य की टोली को बारात में बुलाया गया है। बताया कि 144 वर्ष बाद हो रहे महाकुंभ के ऊपर भव्य झांकियां प्रस्तुत की जाएगी। इसके आलावा भूत, बेताल, साधु संत और देवी देवताओं की मनोरम झांकियों को दिखाया जाएगा।

**प्रेस वार्ता में ये शामिल थे :** सचिव शैलेन्द्र कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष नवीन पपनेजा, महेश सोनी, राकेश अरोड़ा, रवि अरोड़ा, सत्येन्द्र तिवारी, गौरव बजाज, दिलीप गुप्ता, नमन भारतीय, हीरालाल पपनेजा, संजय अरोड़ा, अनिल गुप्ता, श्रवण साहू, राज सिंह एवं सरंक्षक विक्की यादव, राहुल यादव, रोहित यादव समेत अन्य शामिल थे।

### पुष्प वर्षा से बारातियों का होगा स्वागत

शिव मंदिर इंद्रपुरी से बारात शुरू होगी, जो मेट्रो गली, रातु रोड, रानी सती मंदिर मार्ग, पहाड़ी मंदिर, गाड़ी खाना, शहीद चौक, अल्बर्ट एक्का चौक होते हुए पुस्तक पथ, गांधी चौक महावीर चौक होते हुए आरआर सपोर्टिंग क्लब श्री दुर्गा साई मंदिर पहुंचेगी। यहां पर मंदिर के सदस्यों द्वारा बारात का भव्य स्वागत किया जाएगा। अतिशबाजी और पुष्प वर्षा किया जाएगा। मंदिर के मुख्य पुजारी द्वारा शिव पार्वती की विवाह संपन्न कराई जाएगी। जयमाला, पूजन और महाआरती के बाद शोभायात्रा का समापन किया जाएगा।

# न ताला टूटा न दरवाजा, फिर भी घर से गायब हो गए 32 लाख कैश और कीमती गहने

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राजधानी के सदर इलाके स्थित एक घर से 32 लाख रुपए गायब कर दिए गए हैं। पीड़ित का आरोप है कि उनके मकान मालिक के द्वारा ही पैसे और गहने गायब किए गए हैं। मामले की जानकारी मिलने के बाद सदर पुलिस जांच में जुटी हुई है।

**क्या है मामला :** रांची के सदर थाना क्षेत्र के इलाही बक्श कॉलोनी के रहने वाले मोहमद वसीम जावेद इलाज करवाने के लिए दिल्ली गए हुए थे। इसी दौरान वसीम के घर में रखे स्कूटी के डिक्की से अज्ञात चोरों के द्वारा 32 लाख 50 हजार रुपए गायब कर दिए गए हैं। मोहमद वसीम के अनुसार उन्होंने जमीन खरीदने के लिए 32 लाख 50 हजार रुपए जमा किए थे। उन्होंने सुरक्षित रहने की नीयत से अपने स्कूटी के डिक्की में रखे थे। इसी बीच 10 फरवरी को उन्हें अपने इलाज के सिलसिले में दिल्ली जाना पड़ा, मंगलवार को जब वे दिल्ली से लौटे तो उनके घर का ताला बंद था। लेकिन घर में चोरी की गई थी।

**मकान मालिक को थी पैसे की जानकारी :** मो वसीम जावेद ने चोरी का आरोप अपने ही मकान मालिक पर लगाया है। वसीम का आरोप है कि पैसे के बारे में उनके मकान मालिक को जानकारी थी। वसीम ने बताया कि उनके घर का न टाला टूटा है और ना ही दरवाजा, स्कूटी की चाभी घर के अंदर ही थी, जिसे लेकर स्कूटी खोलकर उसमें से पैसे गायब किए गए हैं। वसीम ने बताया कि पैसे के साथ-साथ लगभग तीन लाख रुपए के गहने भी गायब किए गए हैं। वसीम कपड़ा के व्यापारी हैं।

**जांच जारी है :** मामले की जानकारी मिलने पर सदर थाना प्रभारी कुलदीप कुमार खुद मो. वसीम के घर पहुंचे और तफ्तीश की। सदर थाना प्रभारी ने बताया कि न घर का ताला टूटा है और न ही दरवाजा तोड़ा गया है। चोरी की वारदात को कैसे अंजाम दिया गया, यह अपने आप में सवाल है जिस पर जांच की जा रही है। मो. वसीम इतनी बड़ी रकम स्कूटी के डिक्की में क्यों रख कर गए थे, यह भी सवाल है। पूरे मामले को लेकर तफ्तीश की जा रही है। मो. वसीम ने अपने मकान मालिक पर चोरी का आरोप लगाया है, उसे लेकर भी जांच की जा रही है।

# महाशिवरात्रि आज, ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव

खबर मन्त्र संवाददाता

### सुबह 5 से रात 10 बजे तक शहर में बड़े मालवाहक वाहनों की एंट्री पर रोक

**रांची।** 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व मनाया जाएगा। इसको लेकर रांची में ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया। शहर में 26 फरवरी को सुबह के पांच बजे से रात के दस बजे तक बड़े मालवाहक वाहन के एंट्री पर रोक रहेगी। इसको लेकर रांची पुलिस के द्वारा आदेश जारी किया गया है।

**बड़े वाहन, मालवाहक वाहन एवं सिटी राइड बस का प्रवेश वर्जित रहेगा :** जारी के आदेश के मुताबिक बड़े वाहन, मालवाहक वाहन एवं सिटी राइड बस का बुटी मोड से बरियातु होते हुए और अन्य मार्गो से शहर क्षेत्र में प्रवेश वर्जित रहेगा। बुटी मोड से बरियातु मार्ग से छोटे वाहन करमटोली चौक से जेल चौक की ओर परिचालन कर सकेंगे।

बोड़ेया रोड से आने वाले छोटे वाहन करमटोली चौक से जेल चौक की ओर परिचालन कर सकेंगे और बरियातु रोड होकर बुटी मोड़ भी जा सकेंगे। इसी प्रकार जेल चौक की तरफ से आने वाले छोटे वाहन करमटोली चौक होते हुए बरियातु से रास्ते बुटी मोड़ जा सकेंगे।

**बड़े वाहन चांदनी चौक तक ही रहेंगे :** कांके की ओर से जाने वाले बड़े वाहन चांदनी चौक तक ही रहेंगे। छोटे वाहन राम मंदिर मोड से सीधे हॉटलिप्स चौक, न्यू मार्केट चौक होकर अपने गंतव्य स्थान की ओर जाएंगे। जुलूस के आने के समय सभी प्रकार के वाहनों का न्यु मार्केट चौक के पहले प्रवेश वर्जित रहेगा। जुलूस जाने के प॰ात ही रातु रोड, न्यू मार्केट चौक की तरफ या हरमू चौक की ओर जा सकेंगे।

पंडरा पिस्का गोड़ से शहर क्षेत्र की ओर भारी वाहन, मालवाहक वाहन और सिटी राइड बस का परिचालन बन्द रहेगा। छोटे वाहन उस मार्ग से आ सकेंगे और जुलूस के समय रोड सभी प्रकार के वाहनों का पिस्का मोड़ के बाद प्रवेश वर्जित रहेगा। मेट्रो गली से न्यु मार्केट तक और हरमू रोड में जुलूस यू टर्न के बाद ही रातु रोड,न्यू मार्केट चौक से कांके की तरफ या किशोरी यादव चौक की ओर जा सकेंगे।

कटहल गोड से आने वाली सभी प्रकार की गाड़ी झारखण्ड नर्सरी के पास से यू टर्न लेकर चापुटोली के रास्ते जा सकेंगे। तिलता चौक से आने वाली सभी प्रकार के वाहन पिस्का मोड से यू टर्न लेते हुए चापु टोली के रास्ते जा सकेंगे। शहर के अन्य मार्गों पर छोटे वाहनों का परिचालन पूर्ववत रहेगा।

**शिव बारात जुलूस निकलने पर निम्न जगहों पर बैरिकेटिंग की जाएगी :** शनि मंदिर से पहाड़ी मंदिर जाने वाले मार्ग पर, दुर्गा मंदिर से पहाड़ी मंदिर जाने वाले मार्ग पर, मिनाक्षी गली से पहाड़ी मंदिर जाने वाले मार्ग पर, सुखदेवनगर जाने वाली गली पर, बालाजी मंदिर के पास, सुलभ शौचालय से पहाड़ी मंदिर जाने वाले मार्ग पर, गौशाला कटिंग से पहाड़ी मंदिर जाने वाले मार्ग पर।

**शिव बारात का रूट :** शिव बारात इन्दुपुरी शिव मंदिर रातु रोड के मुख्य द्वार से निकलकर मेट्रोगली, रातु रोड, रानी सती मंदिर, पहाड़ी मंदिर, बानो मंजिल मार्ग, गाड़ीखाना, कार्ट सराय रोड, जेजे रोड, शहीद चौक से वापस होते हुए। पुस्तक पथ, ज्योति संगम, गांधी चौक, मारवाड़ी टोला, महावीर चौक, प्यादा टोली, रातु रोड होते हुए आरआर स्पोटिंग दुर्गा पुजा समिति के प्रांगण में शिव विवाह और शिव बारात का भव्य स्वागत के बाद समापन होगा।

### रांची शहर की ओर आने वाली सड़कों से बड़े मालवाहक वाहन विभिन्न मार्गों के सामने इन स्थानों तक ही आ सकेंगे

कांके से रांची भाया बोड़ेया : बोडेया।
चाईबासा-खूंटी से रांची : बिरसा चौक।
गुमला सिमडेगा से रांची (अरगोड़ा) : कटहल मोड़।
पलामू लोहरदगा से रांची : पिस्का मोड़।
गुमला-सिमडेगा से रांची : आईटीआई बस पड़ाव।
जमशेदपुर से रांची : दुर्गा सोरेन चौक, नामकुम।
जमशेदपुर से रांची (भाया सदाबहार चौक) : कुसई/घाघरा।
कांके पतरातु से रांची (भाया आईआईसीएम) : चांदनी चौक।
बुटी मोड़ से रांची भाया बरियातु : बुटी मोड़।

# कांग्रेस प्रभारी से मिला मोर्चा, ओबीसी सर्वेक्षण और सदानों के मुद्दों पर की बात



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** ओबीसी का फर्जीवाड़ा सर्वे और मूलवासी सदानों के विभिन्न मांगों को लेकर मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मंगलवार को सर्किट हाउस में झारखंड कांग्रेस के प्रभारी के. राजू से मिले। उन्होंने कांग्रेस प्रभारी के. राजू को बताया कि राज्य में मूलवासी सदानों की आबादी 65% है। इसमें ओबीसी की जनसंख्या 55% है। प्रसाद ने कांग्रेस प्रभारी को ट्रिपल टेस्ट के नाम पर ओबीसी सर्वेक्षण आंकड़ा संग्रहित करने में हो रहे फर्जीवाड़ा की जानकारी दी।

राजेन्द्र प्रसाद ने प्रभारी को बताया कि ओबीसी को झारखण्ड में 27% आरक्षण मिलता था। उसे घटाकर 14 कर दिया गया। वहीं, राज्य के 112 प्रखंडों के तमाम पंचायत को आरक्षित कर दिया गया है। इसमें ऐसे पंचायत भी हैं, जहां जनजातियों की एक भी जनसंख्या नहीं है। मूलवासी सदानों की हो रही घोर उपेक्षा की पूरी जानकारी दी। प्रसाद ने प्रभारी से आग्रह किया है कि झारखण्ड सरकार ओबीसी का सर्वेक्षण ईमानदारी से करे। कांग्रेस प्रभारी के. राजू ने राजेन्द्र प्रसाद से एक बार फिर से झारखण्ड की वास्तविकता पर लंबी बात करने की इच्छा जताते हुए दोबारा मिलने को कहा है।

कांग्रेस प्रभारी और राजेन्द्र प्रसाद के बीच वार्ता के समय झारखण्ड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और पुर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय भी उपस्थित थे।

# संगठन की चुनौतियों को प्रदेश नेताओं के साथ विचार-विमर्श कर दूर किया जायेगा : के राजू

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** दक्षिणी छोटानागपुर अंतर्गत आने वाले रांची महानगर ग्रामीण, खूंटी, तोरपा, गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा, जिला के अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष, प्रखंड, वार्ड, पंचायत के कार्यकर्ताओं की बैठक लापुंग में मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश प्रभारी के. राजू उपस्थित थे। इस अवसर पर विभिन्न जिलों के प्रतिनिधियों ने संगठन की मजबूती के लिए कई बहुमूल्य सुझाव दिए तथा संगठन को मजबूत करने में होने वाली परेशानियों का भी खुलकर जिक्र किया। सभी का विचार सुनने के बाद के. राजू ने कहा कि आपने सभी मुद्दों को सामने रखा है। संगठन के लिए जो चुनौतियां हैं उन्हें प्रदेश नेताओं के साथ विमर्श कर दूर किया जाएगा। संगठन की मजबूती के लिए प्रत्येक विधायक एवं मंत्री को जिलों एवं प्रमंडलों की जिम्मेदारी दी गई है, जो पहली तारीख को और 15 तारीख को दूसरे जिले में जाएंगे और बैठक कर सभी की बातों को सुनेंगे और सरकार एवं सक्षम अधिकारी से मिलकर उसे दूर करने का प्रयास करेंगे। समीक्षा के दौरान इससे हमें पता चलेगा कि विधायकों ने अपनी क्षमता का कितना उपयोग किया है। उन्होंने कहा कि राज्य से लेकर प्रखंड स्तर तक अधिकार संपन्न बीस सूत्री समिति के गठन हेतु कवायद की जाएगी। इससे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का सही तरीके से सोशल ऑडिट हो सकेगा।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने निर्णय लिया है कि संविधान के बारे में लोगों को जागरूक करना है। भाजपा संविधान को समाप्त करने में लगी है, इसे बचाना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि पार्टी में कार्यकर्त्ताओं के मान-सम्मान की रक्षा होगी। अगले दो-तीन महीने में पूरी समीक्षा कर ली जाएगी कि कौन कांग्रेस की मजबूती के लिए और कांग्रेस के खिलाफ काम कर रहा है उसके अनुसार कड़ा निर्णय लिया जाएगा।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कार्यकर्ताओं को टास्क देते हुए कहा कि कांग्रेस की विचारधारा से प्रेरित मुखिया, वार्ड सदस्य, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, प्रमुख, उप प्रमुख से संपर्क कर उनकी पूरी सूची प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में उपलब्ध करायें। 26 जनवरी 2025 से 26 जनवरी 2026 तक संविधान बचाने का अभियान चल रहा है, जिसके लिए एक वर्ष तक सभी प्रखंडों व जिलों में पदयात्राएं आयोजित करनी है और संविधान के बारे में लोगों को जागरूक करना है। कार्यक्रम को पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय एवं पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख, बंधु तिर्की ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सतीश पॉल मुंजनी, गजेंद्र सिंह, केदार पासवान, रियाज अंसारी, अमूल्य नीरज खलको, एम तौसीफ, शांतनु मिश्रा, कुमार राजा, राकेश किरण महतो, सुखेर भगत, डेविड तिर्की, रवि मिश्रा, चैतूरा उरांव, शकील अहमद प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# कांग्रेस विधायक एवं मंत्रियों को मिली जिला एवं प्रमंडलों की जिम्मेवारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कांग्रेस विधायक दल की बैठक में लिए गये निर्णय के आलोक में प्रदेश प्रभारी के राजू के निर्देशानुसार पार्टी के मंत्रीयो को प्रमंडलवार दायित्व के साथ विधायकों को दो-दो जिला का प्रभार सौंपा गया है, जो प्रति माह जिला कांग्रेस कमिटी की बैठक में भाग लेंगे और संगठन को जिला अध्यक्ष के साथ मिलकर ग्रासरूट तक ले जाने का काम करेंगे। हर बूथ में जिला कमेटी के साथ बी.एल.ओ की नियुक्ति करेंगे साथ ही बैठक कर पार्टी कार्यकताओं का हौसला बढ़ाने का काम करेंगे।

### मंत्रियों को प्रमंडलवार जिम्मेवारी

राधाकृष्णकिशोर-पलामू एवं कोल्हान प्रमण्डल। डा. इरफान अंसारी-उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल। दीपिका पांडेय सिंह-संथाल परगना प्रमण्डल। शिल्पी नेहा तिर्की -दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डल का जिम्मेवारी सौपी गयी है।

निर्देश में कहा गया है कि कांग्रेस पार्टी के मंत्रियों को प्रत्येक महीने की 10 /11 तारीख को सौंपे गए प्रमंडल मुख्यालय का दौरा कर प्रमंडल अध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष के साथ बैठक कर सकें, और विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन और उनके ध्यान में लायी गयी शिकायतों एवं विषयों को हल करने के लिए अपने स्तर पर संबंधित मंत्रियों से समाधान करवायेंगे।

### विधायकों को जिलावार दायित्व

प्रदीप यादव-देवघर, दुमका। राजेश कच्छप-पूर्वी सिंहभूम, जामताड़ा। डॉ. रामेश्वर उराँव-लोहरदगा, पलामू। रामचन्द्र सिंह-लातेहार, गढ़वा। नमन विक्सल कोनगाड़ी- खूंटी, रांची। भूषण बाड़ा- सिमडेगा, गुमला। कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह-धनबाद, कोडरमा। सोना राम सिंकू- पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां। ममता देवी-रामगढ़, हजारीबाग। निशात आलम-पाकुड़, साहेबगंज । सुरेश बैठा-गोड्डा, चतरा। स्वेता सिंह-बोकारो, गिरिडीह का दायित्व एवं जिम्मेदारियां दी गयी है।

## प्रोजेक्ट चेतना के तहत तम्बाकू सेवन के खिलाफ डालसा ने चलाया अभियान

# नशीली दवाओं के सेवन से शरीर पर कुप्रभाव पड़ता है : ललिता देवी

- जागरूकता कार्यक्रम में 08 मार्च को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की दी गयी जानकारी



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झालसा के निर्देशानुसार, माननीय न्यायायुक्त के मार्गदर्शन पर जस्टीस-ऑन-व्हील जागरूकता कार्यक्रम के तहत लापूंग ब्लॉक के आसपास तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, लापूंग में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पीएलवी प्रतिमा कुमारी, ललिता देवी, रंथु महतो, खुदीराम साहु, परदेशिया महली, राजा वर्मा व अन्य उपस्थित थे।

पीएलवी के द्वारा नालसा द्वारा संचालित योजना-2015 के तहत नशा से पीड़ित व्यक्तियों को कानूनी सेवाएं दी गयीं व नशीली दवाओं के दुरुपयोग व नशीली दवाओं के खतरे पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

पीएलवी मालती देवी ने नशीली दवाओं के दुष्प्रभाव पर प्रकाश डाला तथा नशा से पीड़ित व्यक्तियों को कानूनी सेवाएं दी और नशीली दवाओं के दुरुपयोग व नशीली दवाओं के खतरे पर जागरूक कर उपस्थित लोगों को जानकारी दी गयी। डालसा, रांची के पीएलवी ललिता देवी एवं रंथु महतो ने कहा कि विचाराधीन बंदियों तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के वर्गों के लोगों को डालसा के द्वारा मुकदमा लड़ने तथा अपना बचाव करने के लिए निःशुल्क विधिक सहायता दी जाती है। मोटर दुर्घटना में मुआवजा कैसे प्राप्त किया जा सकता है? इस संबंध में ग्रामीणों को जानकारी दी गयी। पीएलवी खुदीराम साहू ने बाल श्रम, बाल विवाह, जॉब कार्ड तथा प्रधानमंत्री आवास योजना पर फोकस किया। वहीं, परदेशिया महली ने वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, राशन कार्ड तथा मईया सम्मान योजना के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची हमेशा जरूरतमंदों को विधिक सेवा देने के लिए तत्पर है, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के द्वारा सभी प्रखंड, पंचायत व अस्पतालों में पीएलवी नियुक्त किये गये हैं।

### न्यायालय में कोई भी वाद लंबित है, तो राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने वादों का करा सकते हैं निबटारा

ज्ञात हो कि आगामी 08 मार्च को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में भी डालसा के पीएलवी के द्वारा जानकारी दी गयी। उन्होंने कहा कि न्यायालय में कोई भी वाद लंबित है, तो राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन अपने वादों का निबटारा करा सकते हैं, जिससे आपको समय व धन की बचत होगी। आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी आपराधिक सुलहनीय मामले, दीवानी से संबंधित मामले, श्रम से संबंधित वाद, विवाहोत्तर प्रताड़ना के वाद, पारिवारिक वाद, उत्पाद से संबंधित मामले, चेक बाउंस के मामले, वन विभाग के मामले, बिजली से संबंधित मामले, ट्रैफिक चालान से संबंधित मामले साथ ही साथ भूमि अधिग्रहण, मोटरयान, माप-तौल से संबंधित वाद एवं वैवाहिक से संबंधित मामलों को चिन्हित करके पक्षकारों को नोटिस भेजा जा रहा है।

## झामुमो रांची जिला संयोजक मंडली ने नामकुम लोवाडीह चौक में चलाया सदस्यता अभियान

- पार्टी को गांवों से शहर तक मजबूत करना पार्टी का उद्देश्य : मुस्ताक



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झामुमो रांची जिला संयोजक मंडली के द्वारा मंगलवार को दुर्गा सोरेन चौक के समीप लोवाडीह चौक नामकुम रांची में शिविर लगाकर सदस्यता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के दौरान झामुमो रांची जिला संयोजक प्रमुख, सदस्यों और रांची जिला व महानगर के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा लोगों को पार्टी की विचारधारा से अवगत कराया व राज्य सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी दी गई। साथ ही समस्याओं के समाधान के लिए सहायता की पेशकश की गयी। पार्टी से जुड़ने वाले नए सदस्यों को रांची जिला संयोजक प्रमुख, संयोजक मंडली सदस्यों, जिला व महानगर के वरिष्ठ नेतागण और कार्यकर्तागण द्वारा पार्टी का पट्टा पहनाया गया और पार्टी में स्वागत किया गया। मौके पर झामुमो के क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम, संयोजक मंडली सदस्य पवन जेडीया, अश्विनी शर्मा, बीरू तिर्की, संध्या गुड़िया एवं पूर्व जिला उपाध्यक्ष बीरू साहू, कलाम आजाद, मंटू लाला, विलयम रिचर्ड लकड़ा एवं अन्य जिला के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली, जिसमें मुख्य रूप से निखिल टोपनो, संजू कच्छप, अरविन्द साहू, शुभम साहू, ब्रीश महतो, विश्वजीत माझी, जॉय अब्राहम कच्छप, हिमांशु गुर्जर, अंकित रिचर्ड लकड़ा, सूरज शर्मा, रजनीकांत साहू, अंकित सांगा, उज्ज्वल टोप्पो, शशि उरांव, जयचंद हांसदा, गणेश रुंडा, दीपक कुमार, अनील राज, दीपक खलखो, संजय खलखो, रोहित मिंज, नवीन तिग्गा, अंशु तिर्की एवं सैकड़ों युवा रहे।

झामुमो केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार रांची जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम की अध्यक्षता में चलाए गए सदस्यता अभियान में मुख्य रूप से रांची जिला संयोजक मंडली सदस्य पवन जेडीया, अश्विनी शर्मा, बीरू तिर्की, संध्या गुड़िया, सोनू मुंडा, झब्बूलाल महतो एवं बीरू साहू, कलाम आजाद, अफरोज आलम, मंटू लाला, विलयम रिचर्ड लकड़ा, आदिल इमाम, शांति तिर्की, सज्जाद अंसारी, अंशु लकड़ा, सीमा लकड़ा, अनिमा एक्का, सुनीता लिंडा, राजेश सिंह, सोहेल खान, नीतू लिंडा, संजय ठाकुर, विजय रविदास, लाडले खान, गोपाल पांडेय, मो गुड्डू, राजकुमारी टोपनो, अरविन्द ठाकुर, लक्ष्मण राम, कुलदीपक कुमार, हरीश महतो, राकेश, मंजीत कुमार एवं अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

## आदिवासी संगठनों ने टीओपी पुंदाग का किया घेराव



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** विभिन्न आदिवासी संगठनों के लोगों ने एकजूट होकर टीओपी पुनदाग थाना का घेराव किया। विगत आठ फरवरी को अभियुक्त महिपाल चौधरी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर घेराव किया गया। आक्रोशित लोग थाने के पुलिसकर्मियों से पूछ रहे थे कि आखिरकार उसकी गिरफ्तारी क्यों नहीं की जा रही।

घेराव के उपरांत थानेदार और डीएसपी ने वार्ता में आश्वासन दिया कि महिपाल चौधरी की गिरफ्तारी शीघ्र होगी।

घेराव में प्रेम शाही मुंडा, कुंदरसी मुंडा, निरंजना हेरेंज टोप्पो, प्रवीण कच्छप, संदीप तिर्की, पवन तिर्की, राहुल तिर्की, आकाश तिर्की, उर्मिला भगत, विजय कच्छप, कालिका गाड़ी, लाली कच्छप, आकाश तिर्की, संगीता उरांव, दीपिका होतो, राजेश विन्यास, नवीन तिर्की, राजेश लिन्डा सहित सैकड़ों युवक-युवती व माहिला शामिल थे।

## धूमधाम से मनेगा सरहुल पूजा महोत्सव : केंद्रीय सरना समिति

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सरहुल पूजा महोत्सव 2025 को लेकर केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय कार्यालय आरआईटी बिल्डिंग कचहरी परिसर रांची में बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सरहुल पूजा महोत्सव 2025 को धूमधाम से मनाया जायेगा। 31 मार्च 2025 को चैत शुक्ल पक्ष द्वितीया में उपवास एवं केकड़ा मछली पकड़ना। 1 अप्रैल 2025 को चैत्र शुक्ल पक्ष तृतीया में पूजा एवं सरहुल शोभा यात्रा 3 अप्रैल 2025 को चैत्र शुक्ल पक्ष चतुर्थी में फुलखोंसी कार्यक्रम होगा।

मौके पर केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने कहा कि सरहुल प्राकृतिक पूजक आदिवासी का सबसे बड़ा त्यौहार है। सरहुल में आदिवासियों की एकजुटता एवं आदिवासियों की रूढ़ीवादी परंपरा संस्कृति की झलक देखने को मिलती है। केंद्रीय सरना समिति के महासचिव संजय तिर्की ने कहा कि सरहुल में सरकार विधि व्यवस्था दुरुस्त करे। केन्द्रीय सरना स्थल सिरम टोली सरना स्थल में लाखों की संख्या में लोग सरहुल शोभायात्रा में भाग लेते हैं। सरहुल से पहले सरकार सिरम टोली सरना स्थल को अतिक्रमण मुक्त करे। केंद्रीय सरना समिति के संरक्षक बलकु उरांव ने कहा कि सरहुल पूजा को लेकर जल्द ही समिति मुख्यमंत्री से मिलेगी। मौके पर केन्द्रीय सरना समिति के सरंक्षक भुवनेश्वर लोहरा महासचिव संजय तिर्की, उपाध्यक्ष प्रमोद एक्का, सहाय तिर्की सचिव विनय उरांव, सोहन कच्छप अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के अध्यक्ष सत्यनारायण लकड़ा, अजय लिण्डा एवं अन्य शामिल थे।

## खबर एक नजर में

### देवघर से दिल्ली के लिए शाम की उड़ान भी होगी शुरू, गोड्डा सांसद ने एक्स पर दी जानकारी

रांची। देवघर एयरपोर्ट से नई दिल्ली के लिए एक और फ्लाइट की शुरूआत होने जा रही है। यह फ्लाइट मार्च महीने से शुरू होगी और देर शाम को उड़ान भरेगी। यह जानकारी सांसद निशिकांत दूबे ने सोशल मीडिया पोस्ट में दी है। उन्होंने कहा है कि पीएम मोदी की बेहतरीन देन देवघर एयरपोर्ट से अब यानि 30 मार्च से दिल्ली के लिए शाम में भी हवाई जहाज की सुविधा मिलेगी। दिल्ली से यह विमान शाम 5.30 बजे चलकर 7 बजे शाम में पहुंचेगी, यही विमान देवघर से शाम 7.40 में चलकर लगभग 9.30 बजे रात्रि दिल्ली पहुंचेगी। मोदी गारंटी, नागरिक उड्डयन मंत्री का आभार, लगातार यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए इंडिगो को धन्यवाद।

### ईलाज कराने आरोपी को मिली दो माह की अनुमति

**रांची।** मनी लाउंड्रिंग मामले में ट्रायल फेस कर रहा दिल्ली निवासी सीए मुकेश मित्तल को इलाज कराने के लिये पीएमएलए कोर्ट ने और दो माह की अनुमति प्रदान कर दी है। इलाज के दौरान उसको अदालत में सशरीर उपस्थिति से छूट रहेगी। यह छूट दो माह तक जारी रहेगी। पिछली बार अदालत ने दो माह की छूट प्रदान की थी। मुकेश मित्तल की ओर से मंगलवार को याचिका दाखिल कर आगे भी सशरीर से छूट का अनुरोध किया था। ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की अवैध कमाई का मनी लाउंड्रिंग करने के आरोप में मुकेश मित्तल चार्जशीटेड है। वर्तमान में वह मामले में निर्धारित प्रत्येक तारीख को सशरीर उपस्थित रहने की अंडर टेकिंग जमानत पर है।

### अबुआ अधिकार मंच के सदस्यों ने छात्रों की समस्याओं को लेकर प्राचार्य को सौंपा 12 सूत्री मांग पत्र



**रांची।** अबुआ अधिकार मंच का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को अमित तिर्की के नेतृत्व में डोरंडा महाविद्यालय के प्राचार्य से मुलाकात कर उन्हें छात्र-छात्राओं की परेशानियों से संबंधित 12 सूत्री मांग पत्र सौंपा। प्राचार्य डॉ आरके शर्मा को मांग पत्र सौंपते हुए अबुआ अधिकार मंच के अमित तिर्की ने कहा के महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं के लिए कैंटीन की व्यवस्था नहीं है। इसके चलते यहां पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को आए दिन परेशानी होती है। कॉलेज में कंप्यूटर लैब में प्रैक्टिकल की कक्षाएं नहीं चलती हैं। कंप्यूटर लैब का सॉफ्टवेयर भी अपडेटेड नहीं है। कॉलेज में होने वाली टेंडर प्रक्रिया भी पारदर्शी तरीके से नहीं होता है। उन्होंने टेंडर प्रक्रिया को विज्ञापन एवं प्रिंट मीडिया के माध्यम से प्रकाशित करके पारदर्शी तरीके से करवाने की मांग की। उन्होंने अन्य महाविद्यालय के तर्ज पर डोरंडा महाविद्यालय के डॉक्टर राधाकृष्णन ऑडिटोरियम के प्रमुख द्वार पर उनकी प्रतिमा स्थापित की जाये। ज्ञापन सौंपने वालों में मंच की तरफ से अमित तिर्की, पियूष कुमार गुप्ता, राहुल कुमार, विशाल गुप्ता, ओम, दीपक मुंडा सकेश उरांव के अलावा कई अन्य सदस्य मौजूद थे।

### जैक पेपर लीक मामले में राज्यपाल से मिले देवेंद्रनाथ, सीबीआई जांच कराने की मांग की



**रांची।** जेएलकेएम वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो ने मंगलवार को राज्यपाल सतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल को मांग पत्र के साथ पेपर लीक से जुड़ा पेन ड्राइव में सौंपा। उन्होंने राज्यपाल से पेपर लीक प्रकरण की सीबीआई जांच कराने और जेपीएससी वन और जेपीएससी टू के घोटालेबाजों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मांग पत्र में पेपर लीक प्रकरण का सीबीआई जांच कराने, मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कर त्वरित कड़ी कार्रवाई कराने, शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन को पेपर लीक मामले पर श्वेत पत्र जारी करने का निर्देश देने, जैक अध्यक्ष और सचिव को अयोग्य घोषित करते हुए निलंबित करने, तत्काल जेपीएससी अध्यक्ष पद पर नियुक्ति करने, जेपीएससी वन और जेपीएससी टू में घोटाले में चार्जशीट हुए पदाधिकारियों को तत्काल पद से निलंबित कर फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई करते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग शामिल है।

### जेएसएससी ने जारी किया नया वेबसाइट

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) ने मंगलवार को नया बेवसाइट जारी किया है। इस बाबत जेएसएससी ने सूचना जारी कर दी है। जारी सूचना में कहा है कि 28 फरवरी से झारखंड कर्मचारी चयन आयोग का वेबसाइट का वर्तमान जेएसएस डॉट एनआईसी डॉट इन स्थायी रूप से निष्क्रिय हो जायेगा। एक मार्च से आयोग से संबंधी सभी सूचनाएं नये जेएसएस डॉट झारखंड डॉट गॉभ डॉट इन के माध्यम से देखी जा सकती है।

## 14 आरोपियों को दोषी ठहराने के बाद कोर्ट ने चेतावनी देकर किया रिहा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** एससी-एसटी अधिनियम मामले के विशेष न्यायाधीश मनीष रंजन की अदालत ने मंगलवार को 8 साल पुराने अत्याचार निवारण अधिनियम के साथ भादवि की कई धाराओं के तहत ट्रायल फेस कर रहे तीन महिला समेत 14 आरोपियों को दोषी ठहराया। साथ ही अदालत ने सभी आरोपियों को उचित चेतावनी के बाद रिहा कर दिया। आगे शांति व्यवस्था बनाये रखने का निर्देश दिया। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अमरेंद्र कुमार ओझा ने पक्ष रखा था। मामले में प्रतिमा देवी, धनेश्वरी देवी, चमेली देवी, मुकेश कुमार साहू, परमेश्वर हजाम, उज्जवल पोद्दार, उमेश प्रसाद गुप्ता, बीरेंद्र कुमार साहू, चंडी चरण पोद्दार, कंचन दुबे, रॉबिन प्रमाणिक, अमर पोद्दार, राम सुंदर साहू एवं घनश्याम रविदास को अदालत ने चेतावनी देकर रिहा किया। यह प्राथमिकी सिल्ली थाना क्षेत्र के पतराहातू पंचायत का मुखिया रास बिहारी बड़ाइक ने सिल्ली थाना में 15 फरवरी 2017 को दर्ज कराई थी। घटना के पीछे कारण यह बताया गया कि मुखिया कार्यालय में बैठक कर रहे थे तभी मुकेश कुमार साहू आरोपियों के साथ पहुंचे और राशन कार्ड रद्द करने को लेकर हंगामा किया। मारपीट की, जाति सूचक शब्द का प्रयोग किया था।

## यूको बैंक का एमएसएमई एग्रीकल्चर एण्ड रिसोर्स कार्निवल आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** यूको बैंक अंचल कार्यालय रांची के तत्वावधान में मंगलवार को एम.एस.एम.ई. एग्रीकल्चर एण्ड रिसोर्स कार्निवल का आयोजन होटल ए.वी.एन. ग्रैन्ड में किया गया। कार्निवल में यूको बैंक प्रधान कार्यालय कोलकाता से उपमहाप्रबंधक देवाशीष नायक, मुख्य अतिथि के रूप में फेडेरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के प्रेसिडेंट परेश गटानी तथा सेक्रेटरी जनरल आदित्य मल्होत्रा शामिल हुए। साथ ही रांची अवस्थित यूको बैंक की विभिन्न शाखाओं के शाखा प्रमुख और बैंक के कई मौजूदा तथा नए ग्राहकों ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया।





सभी गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई। अंचल प्रबंधक भावना सिन्हा ने अपने स्वागत संभाषण में जानकारी दी कि यूको बैंक द्वारा देश भर में तीन चरणों में इस प्रकार कार्निवल आयोजित किया जा रहा है जिस श्रृंखला की यह प्रथम कड़ी है। इस श्रृंखला में 10 तथा 11 मार्च को दूसरा और 24 तथा 25 मार्च को तीसरा कार्निवल आयोजित करने जा रहा है। एफजेसीसीआई के प्रेसिडेंट परेश गटानी तथा सेक्रेटरी जनरल आदित्य मल्होत्रा दोनों ने इस प्रकार के आयोजन के लिए बैंक की प्रशंसा की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वक्तव्य को दोहराया कि पूर्वोत्तर भारत के विकास पर ही विकसित भारत 2047 का स्वप्न निर्भर है। झारखंड में संसाधनों की कमी नहीं है और यहां आपार संभावनाएं हैं। एम.एस.एम.ई. और कृषि क्षेत्र में अधिकाधिक वित्तपोषण के माध्यम से यहां विकास के लक्ष्य को साधा जा सकता है। उन्होंने कृषि क्षेत्र में कोल्ड स्टोरेज की कमी और झारखंड सरकार की इस क्षेत्र में गंभीरता की भी चर्चा की। मुख्य प्रबंधक मयंक शर्मा ने विभिन्न ऋण उत्पादों के विषय में विस्तार से लोगों को अवगत कराया। प्रवीण कुमार तथा अमितांशु ने बैंक के आकर्षक जमा सुविधाओं के बारे में प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में कई नए ग्राहकों को ऋण स्वीकृति पत्र भी वितरित किए।

अंत में उप अंचल प्रमुख इस्मत जहां ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया और आशा जताई कि उपस्थित सभी लोग अधिक से अधिक व्यक्तियों को यूको बैंक से जोड़ कर यूको परिवार को और समृद्ध करेंगे तथा हमारे झारखंड प्रदेश के विकास में अपना सहयोग देंगे।

## एसबीयू और जेजीटीआर के बीच हुआ एमओयू

- कौशल आधारित प्रशिक्षण से विवि के छात्रों के लिए नौकरी में संभावनाओं के नए द्वार खुलेंगे : कुलपति



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय और झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सी. जगनाथन ने अपने संबोधन में कहा कि कौशल आधारित प्रशिक्षण से भविष्य में विवि के छात्रों के लिए नौकरी में संभावनाओं के नए द्वार खुलेंगे। साथ ही प्रशिक्षण के माध्यम से यहां के शिक्षक भी नवीनतम तकनीक से रूबरू हो सकेंगे।

एसबीयू परिसर में हुए सादे समारोह में विवि के कुलसचिव प्रो. विजय कुमार सिंह और जेजीटीआर के एमडी महेश कुमार गुप्ता ने एमओयू पर हस्ताक्षर किया। इस अवसर पर एसबीयू के डॉ. पंकज गोस्वामी, डॉ. वी. एन. एल. दुर्गा, एस. डांडीन, हरिबाबू शुक्ला एवं विवि के अन्यान्य शिक्षकगण एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। जेजीटीआर के ट्रेनिंग इंचार्ज मंगल टोप्पो और एसटीसी इंचार्ज पूर्णेंदु पंकज उपस्थित रहे। एमओयू में शोध, परामर्श और शैक्षणिक आदान- प्रदान के बिंदु सम्मिलित हैं। इस एमओयू से डिजाइन एवं उत्पादन के क्षेत्र में संयुक्त अनुसंधान, प्रोजेक्ट और कंसल्टेंसी गतिविधियों से सरला बिरला विवि के छात्रों को वृहत शैक्षणिक परिवेश में अध्ययन करने का अवसर मिल सकेगा। नवीनतम सॉफ्टवेयर में प्रशिक्षण से दोनों विवि के विभिन्न विशेषज्ञों के सान्निध्य में छात्रों को नवीनतम और शोधपरक जानकारियां भी उपलब्ध हो पाएंगी। एमओयू पर एसबीयू के कुलाधिपति बिजय कुमार दलान, महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक एवं माननीय राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने हर्ष व्यक्त किया है।

## संजय गांधी मेमोरियल कॉलेज में एनएसएस का विशेष शिविर

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** संजय गांधी मेमोरियल कॉलेज के एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी यूनिट 3 डॉ पम्पा सेन विश्वास के नेतृत्व में एनएसएस का विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलवार को हुआ। यह कार्यक्रम सात दिवसीय है। इसका समापन तीन मार्च को होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ राजेश कुमार, प्रोफेसर इंचार्ज डॉ बोनिता दिवाकर, डॉ सुखदेव साहु, ब्लू बर्ड स्कूल की प्राचार्य बर्मा मे दीप जलाकर किया।

मौके पर एनएसएस के विद्यार्थियों के द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया। प्राचार्य ने कहा कि सभी व्यक्ति को एनएसएस का प्रतिनिधि बनना चाहिये। इससे जीवन का विकास सुचारू रूप से होता है। वहीं, डॉ पम्पा सेन विश्वास ने कहा की 7 दिवसीय कार्यक्रम में पंडरा गांव में भ्रमण कर स्वस्थ संबंधित, कार्यक्रम, वृक्षारोपण, महिला सशक्तिकरण, नशा मुक्ति, शिक्षा संस्कृति , नुक्कड़ नाटक, रैली पोस्टर के साथ इत्यादि विषयों पर पर सर्वे होगा। गांव के लोगों को इन विषयों पर बताएं बताया जाएगा। कार्यक्रम में एनएसएस के प्रतिनिधि विद्यार्थियों के साथ महाविद्यालय के प्रोफेसर उपस्थित थे।

# सामाजिक समरसता का अद्भुत दृष्टांत है शिव परिवार : स्वामी दिव्यानंद

**रांची।** त्रिलोकी नाथ भगवान शिव, जिन्हें शब्दों में वर्णन करना किसी व्यक्ति का सामर्थ्य नहीं है, किंतु एक अकिंचन प्रयास समझने और समझाने के लिए - शिव यानी ब्रह्मांड का स्वरूप, यानी आदि शक्ति, जिनका ना आदि है ना अंत। जितने भी देवी देवताएं हैं वह इस पृथ्वी पर अवतार लेकर आए, उनका प्रादुर्भाव और अंत देखा जा सकता है, किंतु एकमात्र भगवान शिव ही ऐसे देवता हैं जिनका ना तो आदि और ना ही अंत का वर्णन कहीं भी है। भगवान शिव वह सृष्टि भी हैं स्त्रष्टा भी हैं, माता भी हैं पिता भी हैं, स्त्री भी हैं तो पुरुष भी हैं, यानी भगवान शिव इन सब व्याख्याओं से परे हैं। ब्रह्मांड के सभी देवी-देवताओं के भी देव भगवान शिव ही हैं, इसीलिए इन्हें देवधाधीदेव भी कहा गया है। भगवान शिव की आराधना से मानव को मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है, कोई भी भक्त यदि भगवान शिव की आराधना करता है तो यह माना जा सकता है कि वह संपूर्ण देवी-देवताओं संपूर्ण शक्तियों की आराधना इसमें समाहित है। भगवान शिव बैरागी के रूप में रहे हैं, कालांतर में गृहस्थ आश्रम में प्रवेश किया, माता पार्वती से विवाह रचा कर।

अब यदि हम शिव परिवार की ओर देखते हैं तो बाबा के परिवार और गण तो असंख्य हैं, किंतु स्थूल रूप में हम समझ सकते हैं, परिवार में भगवान शिव, माता पार्वती के साथ गणेश जी और कार्तिकेय जी हैं, इस परिवार में उनके वाहनों के

**महाशिवरात्रि पर विशेष**

रूप में बैल, सिंह, सांप, मोर और चूहा इत्यादि हैं, जो आपस में परस्पर सभी एक-दूसरे के शत्रु भाव रखने वाले हैं, किंतु भगवान शिव का परिवार यह संदेश देता है, कि सामाजिक समरसता कैसी होनी चाहिए और परिवार में एक-दूसरे के प्रति कैसा मधुर भाव होना चाहिए, कई प्रकार के विरोधी भाव होने के उपरांत भी परिवार समाज और देश में समरसता बनी रहनी चाहिए। साथ ही जब भगवान शिव



को देखते हैं, तो ज्यादातर व ध्यान मुद्रा में ही पाए जाते हैं, इसका तातपर्य है, जो परिवार का मुखिया होता है वह हमेशा अपने अधीन रहने वालों के लिए चिंता में मग्न रहता है। इतना ही नहीं इन देवताओं के स्वरूप पर भी बहुत गहरे विचार हैं, भगवान शिव का नीलकंठ होना यानी जितनी विषमताएं दोष परिवार का मुखिया वह विष पान कर लेता है, यानी अपने आप में समा लेता है, दूसरे को आंच नहीं आने देता। इस प्रकार से बड़े लंबे विचार हैं, गणेश जी के दांत, कान, उदर इन सबों पर भी अलग से विचार किया जा सकता है। माता पार्वती ने हजारों वर्ष की कठिन तपश्चर्या के उपरांत भगवान शिव को पाया था और वह दिन था माघ मास कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी यानी इसी दिन भगवान शिव ने माता पार्वती का वरन किया था और गृहस्थ जीवन को प्रारंभ किया था, तब से हम सभी इस तिथि को महाशिवरात्रि के रूप में मनाते हैं, भगवान शिव की पूजा करते हैं, अभिषेक, जाप और उपवास करके भगवान को रिझाने का प्रयास करते हैं, जिस प्रकार स्नान करने से शरीर की शुद्धि होती है उसी प्रकार उपवास करने से आत्मा की शुद्धि होती है, और आत्म शुद्धि के पश्चात साधक का साधना मार्ग सुगम होता है।

आइये हम सब महाशिवरात्रि की पूजा-अर्चना करके अपने जीवन को धन्य बनाएं, एक सशक्त परिवार, समाज और देश का निर्माण करें, साथ ही मोक्ष का मार्ग प्रशस्त करें।

# झारखंड आंदोलनकारी का दुःखद अंत

- बानापीड़ी के थे सुनिल उरांव
- रात 11 बजे ली अंतिम सांस

**खबर मन्त्र संवाददाता**



सुनिल भगत।

**रातू।** बानापीड़ी में रहने वाले झारखंड आंदोलनकारी 42 वर्षीय सुनिल भगत गंभीर बीमारी से जूझते हुये आखिरकार जिंदगी की जंग हार गये। सोमवार की रात करीब 11 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। उन्हें 11 जनवरी को रिंची ट्रस्ट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। इसके उपरांत, परिजनों ने उनका इलाज सदर अस्पताल और रिम्स में कराया। मरीज की स्थिति ठीक न होने के कारण घर लाया गया। माली हालत ऐसी थी कि दवा के लिये रुपये मय्यसर नहीं हो पा रहे थे। पत्नी सोनी भगत पंचायत की मुखिया हैं। वह कर्ज की बोझ से दब चुकी हैं। उनके दो बच्चे हैं, शुभम और सूर्या। पिता के बीमार होने की वजह से दोनों की पढ़ाई बाधित हो गयी। उप प्रमुख रियाजुल अंसारी व झामुमो नेता कमरुल हक ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनका इलाज की व्यवस्था कराये जाने की मांग की थी। लेकिन, कहीं से कोई मदद नहीं मिली। मंगलवार की शाम गांव के शमशान में उनकी अंत्येष्ठि की गयी। इधर, प्रखंड मुखिया संघ ने सुनिल उरांव के आकस्मिक निधन पर दुःख व्यक्त करते हुये शोकाकुल परिवार जनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की है।

## दस भाई-बहन में छोटे थे सुनिल

सुनिल उरांव स्व सुकरा टाना भगत और मिनी भगत का पुत्र और दस भाई-बहन में छोटे थे। बड़े भाई चावा और मंझिल चारो उरांव पेशे से मजदूर हैं। सुनिल की सात बहनें हैं। सभी की शादी हो चुकी है। ग्रामीणों ने बताया कि कई लोगों ने उन्हें आर्थिक सहायता की। लेकिन, वह इलाज के लिये पर्याप्त नहीं था। उन्हें बड़ी रकम की जरूरत थी, जो सरकार के स्तर पर ही संभव था।

## मतदाता जागरूका के तहत आयोजित प्रतियोगिता के विजेता पुरस्कृत

**अनगड़ा।** राष्ट्रीय मतदाता जागरुकता दिवस कार्यक्रम के तहत 61-सिल्ली विधान सभा क्षेत्र के प्रोजेक्ट उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय जोन्हां में गत 25 जनवरी को अंचल स्तर पर स्कूली छात्र छात्राओं के बीच वाद-विवाद, निबंध लेखन, पेंटिंग, गीत एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता में शामिल हुए सफल प्रतिभागियों के बीच शनिवार को अंचल कार्यालय अनगड़ा में सहायक निर्वाचन पदाधिकारी सिल्ली विधान सभा सह अंचल पदाधिकारी अनगड़ा राजू कमल के हाथों पुरुस्कार वितरण किया गया। वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रोजेक्ट उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय जोन्हा के ममता रजवार को प्रथम शिल्पा सिमरन को द्वितीय तथा भारती कुमारी को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया निबंधन लेखन प्रतियोगिता लक्ष्मी कुमारी को प्रथम उषा कुमारी को द्वितीय तथा तनु साहू को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं पेंटिंग प्रतियोगिता में दिवन्ती कुमारी को प्रथम शिल्देश्वर बेदिया को द्वितीय तथा सुमन कुमारी को तृतीय पुरुस्कार प्रदान किया गया।

## जंगली सुअर के हमला से एक घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के कोटाब पलास वन के समीप जंगली सुअर ने हमला कर एक व्यक्ति को गंभीर रूप से घायल हुआ है। घटना मंगलवार सुबह 8 बजे के आसपास बताया जा रह है। कोटाब गांव के नकुल महतो ओर गोपाल अहीर जंगल को ओर जा रहे थे। अचानक झाड़ी से निकल कर दो सुअर ने हमला कर दिया। हमले से नकुल महतो घायल हुआ और गोपाल अहीर जान बचा कर भाग गया और लोगों को सूचना दिया। घायल स्थिति में नकुल को मुरी के एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। घायल हो गए है। थाना क्षेत्र में हाथियों, बालू, लंगूर ओर जंगली सुअर का काफी प्रकोप है। इधर घटना की सूचना पर वनपाल खिरोद मुंडा और समाजसेवी महादेव महतो सिंगपुर अस्पताल जाकर घायल के परिजन को 5 हजार मुआवजा की अग्रिम राशि दिए। और बेहतर ईलाज कराने के बात कही।

## सनराईज कालेज ऑफ नर्सिंग में लैंप लाइटिंग कार्यक्रम

# गांव की बेटियों के लिए नर्सिंग बेहतर विकल्प

- नर्सिंग की छात्राओं को दिलाई गई सेवा की शपथ ली

**खबर मन्त्र संवाददाता**



सेवा की शपथ लेती नर्सिंग की छात्राएं।

**ओरमांझी।** सनराईज काजेज ऑफ नर्सिंग हुटुप ओरमांझी में शनिवार को कैपिंग सेरेमनी व सपथ समारोह का आयोजन हुआ। समारोह में नर्सिंग की छात्राओं को सेवा की सपथ दिलाई गई। वहीं इस अवसर पर नर्सिंग की छात्राओं द्वारा नृत्य संगीत व सांस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलप्रकाष कालेज के निदेषक कुलदीप सिंह कहा झारखंड के विभिन्न जिला के गांव की बेटियों को रोजगार व स्वास्थ्य के क्षेत्र में सेवा का अवसर प्रदान करने के लिए सनराईज कालेज की सरहाना की, कहा ग्रामीण क्षेत्र के सामान्य व गरीब परिवार के लोग भी अपने बच्चों के भविष्य के प्रति चिंतित रहती हैं। वैसे परिवार के लिए अपने बच्चों को स्वास्थ्य क्षेत्र से जोड़ना बेहतर पहल है। उन्होने छात्राओं को भी अपने अभिभावकों की उम्मीदें पूरा करने व धर्म, समाज व जाति से उपर उठकर सेवा कार्य करने की सपथ लेने को कहा, बेहतर सोंच रखने वालों को सफलता से कोई वंचित नही कर सकता है। वहीं कालेज के निदेषक युधिस्ठीर महतो ने बताया सनराईज से पास आउट छात्राएं आज झारखंड ही नही देष के विभिन्न राज्य के बड़े हॉस्पिटल में सेवा दे रही हैं। यहां पढ़ने वाली कई छात्राएं राज्य के सुदूरवर्ती गांव से आती हैं। जिस उम्मीद के साथ यहां आती हैं, उसे पूरा करने के लिए गुणवता पूर्ण षिक्षा देने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं संस्थान के प्रबंधक सविता महतो कहा कालेज में छात्राओं को नर्सिंग षिक्षा के साथ संस्कारिक व व्यवहारिक षिक्षा भी दी जा रही। यहां से मिले षिक्षा मरीजों की सेवा के प्रति उतरदायित्व का बोध कराएगी। इससे पूर्व उत्कृष्ट प्रदर्षन करने वाले कालेज की छात्राओं को प्रसस्ती पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर उदय किरन, अखिलेष सिंह, डा. विकास कुमार, निदेषक युधिस्ठीर महतो, सविता महतो, प्राचार्य अनुपामा सुरीन, एलिस अटा, स्वेता स्वासी, हनि रॉय, प्रिया रॉय, पुनम कुमारी, रिया टेटे, निलम शर्मा, सुभमय महतो सहित षिक्षक, छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

## महाशिवरात्रि पर सिल्ली मे सजा शिवालय

**सिल्ली।** सिल्ली आसपास क्षेत्रों में बुधवार को महाशिवरात्रि का पर्व को लेकर प्रखंड के सभी शिवालयों में तैयार पुरी कर ली गई है। थाना परिसर स्थित शिव मंदिर में भव्य पुजा, रुद्राभिषेक, भंडारा एवं देर शाम जगराता का आयोजन किया गया है। इसकी सारी तैयारी पुरी कर ली गई है। वहीं लालबाग कॉलोनी स्थित सर्वेश्वर महादेव मंदिर में पुजा अर्चना के पश्चात भव्य शिव बारात की झांकी निकाली जाएगी। झांकी सिल्ली बजार होते थाना परिसर पहुंचेगी जहां पर बारात का स्वागत शिव विवाह का भव्य आयोजन किया गया है। इसके अलावे प्रखंड के सभी शिवालयों को भव्य तरीके से सजाया गया। सबेरे से ही मंदिरों में पूजा करने के लिए श्रद्धालुओं का दिन भर तांता लग जाएगा। सभी मंदिरों में वैदिक मंत्रोचार के साथ विधिवत भगवान शिव की पूजा अर्चना व रुद्राभिषेक की जाएगी। सिल्ली बाजार स्थित शिव मंदिर, सिल्लीडीह, देलबेड़ा, सिल्ली राजबाड़ी के समीप, प्रखंड परिसर, मुरी के विभिन्न शिव मंदिर, बंता, कोंचो पहाड़, पतराहातु, लोटा, किता सहित कई शिवालयों में भव्य पुजा का आयोजन किया गया है।

# रातू : पुलिस ने नाबालिग छात्रा को किया बरामद

- सदर में मेडिकल जांच
- कोर्ट में दर्ज हुआ बयान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** पुलिस ने थाना कांड संख्या 415/24 का खुलासा करते हुये नाबालिग अपहता छात्रा को धनई सोसो से सकुशल बरामद कर लिया है। सदर अस्पताल में मेडिकल जांच के बाद पीड़िता और आरोपित श्याम उर्फ सुमित कुमार को प्रथम श्रेणी के न्यायिक मजिस्ट्रेट राजकुमार पांडेय के समक्ष पेश किया गया। उस पर पीड़िता को शादी का झांसा देकर मारवाड़ी वोमेन्स कॉलेज, रांची से अपहरण कर लिये जाने का आरोप है। जानकारी के मुताबिक, सुमित और छात्रा के बीच वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा है। वह उसे लेकर बिहार चला गया। फर्जी सर्टिफिकेट के जरिये दोनों ने उम्र में हेराफेरी कर किसी मंदिर में शादी कर ली। इसके बाद दोनों दिल्ली चले गये। इस बीच पुलिस की दबिश के मद्देनजर वह सोसो लौट आये। पीड़िता के परिजनों की सूचना पर उसे आरोपी के घर से बरामद कर लिया गया। छात्रा के घर वालों ने उसकी उम्र 18 वर्ष से कम होने का दावा किया है। थानेदार आरएन सिंह ने बताया कि इसकी जांच की जा रही है।

## महाशिवरात्रि के अवसर पर 24 घंटे का अखंड हरीकृतन की शुरूआत



**खलारी।** खलारी के करकट्टा शिवमंदिर प्रांगण में 24 घंटे का अखंड हरीकृतन की शुरूआत की गयी है। इससे पूर्व शिवमंदिर में पुजारी बिनोद मिश्रा विधिवत पूजन कराकर आरती करवाए। यजमान के रूप में उमेश कुमार अनुष्ठान किए। शिव भक्तों ने जय शिव शंकर, जय श्रीराम के जयकारे लगाये। इस अखंड में पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं ने भी भाग लिया। साथ ही क्षेत्र के धमधमिया नौ नंबर शिवमंदिर, चुरी शिवमंदिर सहित अन्य कई शिवमंदिरों में अखंड हरीकृतन शुरूआत हुई। इस अखंड कृतन में श्रीभगवान सिंह, सुधीर सिंह, रमेशर सिंह, संजीव सिंह, कामता सिंह, हरगोविंद पासवान, दिलीप कुमार चौधरी, मनोज यादव, गौरव सिंह, शियाराम सिंह, प्रिंस चौहान, सोनू कुमार, अमन कुमार, दीपिका चौहान, दिव्या कुमारी, मोहित कुमार, विनय खलखो, हरेश सिंह, सतेन्द्र चौहान, अभिषेक सिंह समेत करकट्टा-विश्रामपुर के सभी लोगों का सहयोग रहा।

## उदय मेमोरियल बीएड व उदय विद्या निकेतन का वर्षिकोत्सव

# संतोष महतो शिक्षा का जगा रहे अलख

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मुख्य अतिथि का स्वागत करते सचिव संतोष महतो।

**ओरमांझी।** झारखंड के लोगों को राजनीति हो या सामाजिक क्षेत्र में आगे बढ़ने में काफी संघर्ष व कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बावजूद संतोष महतो ने शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों का भविष्य गढ़ने का कार्य किया जा रहा है। झारखंडी व्यक्ति व माटी की विशेषता है, जिस काम को प्रारंभ करते हैं, परेशानी को पार कर सफल होते हैं। उक्त बाते मंगलवार को उदय मेमोरियल बीएड कालेज व उदय विद्या निकेत केदल में आयोजित वार्षिकोत्सव में बतौर मुख्यअतिथि राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने कही, उन्होने पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, कालेज के सचिव संतोष महतो, निदेशक राजेश कंडरवार, जिप सदस्य संजय कुमार, पूर्व प्रमुख प्रेमचन्द महतो, मानरखन महतो, रणधीर चैधरी, प्राचार्य डॉ चंदन कुमार पंकज द्वारा सामुहिक रूप से कार्यक्रम का उद्घाटन किया। वहीं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया, और कहा आइएएस व आइपीएस जैसे उंचे पद में रहने वाले भी आज भ्रस्टाचार में संलिप्त पाए जाना चिंतनीय है। शिक्षण संस्थानो में चरित्र निर्माण के साथ इमांदारी की पाठ पढ़ाने की भी जरूरत है। उन्होने संस्थान में अंशदान करने की इच्छा भी जताई है। वहीं पूर्व सांसद रामटल चौधरी ने छात्रों की प्रतिभा की सरहाना किया और कहा समाजित कुरूतियों को दूर करने के लिए स्कूल से ही बच्चों को संस्कारिक शिक्षा देना जरूरी है। बच्चों को सांस्कृति, समाजिक व बेहतर शिक्षा देकर चरित्रवान बनाना शिक्षकों का दायित्व है। इससे पूर्व कालेज के विद्यार्थियों द्वारा नागपुरी, संथाली, आसामी, मराठी, सम्बलपुरी सहित विभिन्न राज्यों के नृत्य व नाटय के साथ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम और उदय विद्या निकेतन के नन्हे-मुन्हे बच्चों द्वारा कई मनमोहक नृत्य प्रस्तुति किया गया।


## पलाश (झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी) जिला मिशन प्रबंधन इकाई, कोडरमा
## रोजगार सृजन मेला 2025

कोडरमा जिले के बेरोजगार युवक और युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित करने के उद्देश्य से पलाश (JSLPS) जिला मिशन प्रबंधन इकाई, कोडरमा के द्वारा दिनांक 28 फरवरी 2025 दिन शुक्रवार को पूर्वाहन 10.00 बजे से 4.00 बजे अपराह्न समाहरणालय परिसर, कोडरमा में रोजगार सृजन मेला 2025 आयोजित किया जा रहा है। योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार निम्नलिखित दस्तावेजो के साथ उपस्थित होकर रोजगार मेला का लाभ उठायें :-

1. आधार कार्ड। 2. उच्चतम शैक्षिणिक प्रमाण पत्र।
3. आयु प्रमाण पत्र। इस रोजगार सृजन मेला में संगठित क्षेत्र के निम्नलिखित नियोजकों के द्वारा उपस्थित रहने की सहमती प्रदान किया गया है।

| क्र. सं. | भर्तीकर्ता का नाम | नियुक्ति के लिए (मूल नियोक्ता का नाम) | पात्रता | लिंग | वेतन | नौकरी का स्थान | पद हेतु नियुक्ति | अन्य सुविधाएँ | रिक्तियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | Haier Appliances | ITI, Graduate, Polytechnic | Male & Female | 16621-20225 | PUNE | Assembly Trainee | Canteen, BUS, Insurance, Uniform, Shoes | 200 |
| 2 | | Tata electric Mobility Ltd | 12th Pass Or ITI(2 years) | Male & Female | 14520/- | Ahmedabad | Manufacturing Trainee | Canteen, BUS, Insurance, Uniform, Shoes | 300 |
| 3 | SkillzDesk Pvt Ltd | Jaya Hind Industries(Force Motors) | Polytechnic pass | Male | 22000/- | PUNE | Diploma engineer Trainee | Canteen, BUS, Insurance, Uniform, Shoes | 50 |
| 4 | | Rucha Engineering | 10th,12th,ITI | Male | 14000-16000/- | Mysore | Production Trainee | Canteen, BUS, Insurance, Uniform, Shoes | 100 |
| 5 | | Vikas Group | 12th, ITI, Polytechnic | Male & Female | 13000-18000/- | Faridabad(Delhi /NCR) | Production Trainee | Canteen, BUS, Insurance, Uniform, Shoes | 100 |
| 6 | | Apollo Tyres | ITI/DIPLOMA/ GRADUATE | Male | 16000 (ITI), 17000 (Diploma/ Graduate) | Chennai | Trainee | Canteen + Hostel+Bonus | 100 |
| 7 | 2 coms | Electrosteel Castings Limited | 100/Fitter, Welder, Turner, Electrician, Machinist, Mill Wright Fitter: Fitter 30 | Male | 16000 Stipend | SriKalahasti(Tirupati) | Apprentice Trainee | Subsidized Lunch/Dinner at Rs. 7,Subsidized Breakfast at Rs. 8+OT | 130 |
| 8 | | Exide Battery | 8th/10th/12th/ITI (8th pass for Tiruvottiyur only) | Male | 14650 Stipend | Chennai | Apprentice Trainee | Food+Accomodation Free | 50 |
| 9 | | Atlas Export Enterprises | 10th Above | Female | 10000 | Karur- Tamil Nadu | Special Machine Operator | | 75 |
| 10 | | Atlas Export Enterprises | 8th Above | Female / Male | 10000 TO 12000 | Karur- Tamil Nadu | Sewing Machine Operator - Tailor | Free Food & Accommodation, EPF, ESI, Bonus, Earn Leave Salary,Attendance Bonus, Production Incentives Etc., | 200 |
| 11 | Atlas Export Enterprises | Atlas Export Enterprises | 10th Above | Female/ Male | 10000 | Karur- Tamil Nadu | Packer | Free Food & Accommodation, EPF, ESI, Bonus, Earn Leave Salary,Attendance Bonus, Production Incentives Etc., | 200 |
| 12 | | Atlas Export Enterprises | Bsc - Nursing | Female | 10000 & Above | Karur- Tamil Nadu | Nurse | Free Food & Accommodation, EPF, ESI, Bonus, Earn Leave Salary,Attendance Bonus, Production Incentives Etc., | 5 |
| 13 | | Atlas Export Enterprises | Graduate | Male | 10000 & Above | Karur- Tamil Nadu | Security Guard | Free Food & Accommodation, EPF, ESI, Bonus, Earn Leave Salary,Attendance Bonus, Production Incentives Etc., | 20 |
| 14 | NTTF | Schneider Electric & INDO MIM (Bangalore) | 10th 12th & ITI Pass out | Male & Female | Rs.14100 to Rs. 15600 | Bangalore | Trainee | Medicalim Insurance Uniform Shoes & Study Material | 250/250 |
| 15 | Auburn Design Pvt Ltd | Auburn Design Pvt Ltd | 18-24 Year old | Female | 16000 CTC | Pancha, Ranchi Tata Road | Flat Lock & Over Lock Operator | ESIC & EPF | 200 |
| 16 | | Apollo Tyres | ITI/Diploma/Graduate | Male | 16000(ITI) / 17000(Diploma) | Chennai | Apprenticeship Trainee | Food,Accomodation,Medical Insurance,Attendance Bonus | 300 |
| 17 | Aquila Consultants | Tata Motors Electric Passenger Vehicles | 12th/ITI/Diploma | Male/ Female | 14500 | Sanand(Gujrat) | Trainee | Food,Accomodation,Medical Insurance,Free diploma | 200 |
| 18 | | Electrosteel Castings Limited | 12th/ITI/Diploma | Male | 17000 | Tirupati | Apprenticeship Trainee | Subsidized Lunch/Dinner at Rs. 7 Subsidized Breakfast at Rs. 8 | 200 |
| 19 | | HONDA | 10th,12th,ITI | MALE | GROSS-17400 / NET-15107/ATTENDANCE BONUS-1000/ NIGHT SHIFT ALLOWANCE- 1200/ OVERTIME-158/-(PER HOUR) | BANGALORE | PRODUCTION EXECUTIVE | PF & ESI /YEARLY BONUS - 12065/LEAVE WITH ENCASHMENT - 14615/VARIABLE PAY- 5500/DIWALI BONUS- 2700/DUTY TIME FOOD/TRANSPORTATION/700000 MEDICAL INSURANCE COVERAGE | 5124 |
| 20 | CREATIVE ENGINEERS | WISTRON | 10th,12th,ITI,DIPLOMA & GRADUATION | FEMALE | GROSS-18700 / NET- 15293/ OVERTIME-139/-(PER HOUR) | BANGALORE | PRODUCTION EXECUTIVE | PF & ESI / QTY LEAVE WITH ENCASHMENT - 2193/ FREE TRANSPORTATION/DUTY TIME FOOD/500000 MEDICAL INSURANCE COVERAGE | 3363 |
| 21 | | FOXCONN | 10th,12th,ITI,DIPLOMA & GRADUATION | FEMALE | CTC- 17750/ GROSS-15089 / NET- 13173 | BANGALORE | PRODUCTION EXECUTIVE | PF & ESI / A SHIFT ALLOWANCE- 50/B SHIFT ALLOWANCE- 25/C SHIFT -50/ FREE ACCOMODATION/ FREE TRANSPORTATION/400000 MEDICAL INSURANCE COVERAGE | 3056 |
| 22 | | MATE Motherson Group Of Companies | 10th / 12th / ITI | Male/Female | 10th / 12th - Rs. 11002/-For 8 Hours ITI - Rs. 11552/- For 8 Hours Skilled /Experienced - Rs. 13373/- For 8 Hours | Manesar, Haryana | Appearentice Trainee | Over Time (As per company norms) Canteen (Optional) - Subsidized Other allownces - As per Company Rules Medical Insurance - As per company norms. | 100 |
| 23 | | Marelli Motherson Automotive Lighting India Pvt. Ltd. | 10th / 12th / ITI/Diploma | Male/ Female | 10th, 12th - 11000 ITI - 11500 Diploma -13000 OT-Per hrs 110 Diploma OT - 125/ Hour | Bawal, Haryana | Appearentice Trainee | • Attendance Award Rs 750/Month for 26 days working • Canteen Available - Rs. 500 (1 Time Meal & 2 times and snacks) | 100 |
| 24 | | Elcon Bansha Wiring System | 10th / 12th / ITI/Diploma | Male/ Female | 10th, 12th passed -11056/ ITI -12526/- Diploma -15001/- | A-47 (A) Industrial area Khushkhera, Bhiwadi, Alwar Rajasthan-301017 | Appearentice Trainee | Attendance Award - 800 for 26 Days Canteen Yes-10 Rs Subsidized Transportation- Free | 200 |
| 25 | | UNO MINDA GROUP | 10th, 12th or ITI PASS | MALE/ Female | 10th / 12th - Rs. 14500/-For 8 Hours ITI - Rs. 16500/-For 8 Hours Skilled /Experienced - Rs. 17100/-- For 8 Hours | DEKAVADA, GUJRAT | CNC MACHINE OPERATOR, JOB | Over Time (As per company norms) Canteen (Optional) - Subsidized Other allownces - As per Company Rules Medical Insurance - As per company norms. | 250 |
| 26 | TALENT CONNECT SERVICE | FIEM INDUSTRIES | GRADUATION,ITI, DIPLOMA | Male/ Female | Graduation -18000/- ITI - 18500/- Diploma -20000/- | KARSANPURA , GUJARAT | Appearentice Trainee | Subsidized Food + Tea With Snacks DUTY HOURS:- 12, DAYS :- 26 | 200 |
| 27 | | VEE GEE PVT LTD | GRADUATION ,ITI, DIPLOMA | Male | Graduation -19500 ITI - 21000/- Diploma -24000/- | VITHLAPUR, GUJARAT | Appearentice Trainee | Over Time (As per company norms) Canteen (Optional) - Subsidized Other allownces - As per Company Rules Medical Insurance - As per company norms. | 150 |
| 28 | Sun Vaccume former india ltd | Sun Vaccume former india ltd | Diploma ( Mechanical,Electrical) | Male | 16500 | Kadi,Mehsana ,Gujarat | Machine Operator | Canteen , Safety shoes,uniform | 50 |
| 29 | ARYAN ALLIANCE PVT LTD | JBM PVT LTD | 10th / 12th / ITI | Male/ Female | 10th / 12th - Rs. 18400/--For 12 Hours ITI - Rs. 19900/-For 12 Hours Skilled /Experienced - Rs. 22000/-- For 12 Hours , Welder-23000/- For 12 Hours | VITHLAPUR, GUJARAT | MACHINE OPERATOR | Over Time (As per company norms) Canteen (Optional) - Subsidized Other allownces - PF &ESI Medical Insurance - As per company norms. | 200 |
| 30 | | MUNJAL PVT LTD | ITI OR DIPLOMA PASS | MALE/ FEMALE | ITI PASS 16500/- and DIPLOMA PASS 18500/- | VITHLAPUR, GUJARAT | MACHINE OPERATOR | Over Time (As per company norms) Canteen (Optional) - Subsidized Other allownces - As per Company Rules Medical Insurance - As per company norms. | 250 |
| 31 | Utkarsh Small Finance Bank | Utkarsh Small Finance Bank | Inter/Graduate | Male | | Pan Jharkhand | Trainee Credit Officer | PF & ESI /MONTHLY INCENTIVE - UPTO Rs 25000/ACCOMODATION FACILITY/ MEDICAL INSURANCE COVERAGE-Rs 200000 per year /- TERM INSURANCE - Rs 1000000. | 200 |
| 32 | | Anand Group | Diploma Fresher Age Up to 22 yr | M/F | 18600/- | Pan India | OET | Permanent Job with Hostel,Food,Transport,ESI, Best carrier growth | 100 |
| 33 | Empolyability bridge | MRF | Diploma/Btech/Graduate Age Up to 25yr | M | 19400 to 20500 | Gujarat | Machine Opetator(LEAD) | Hostel,Food,Transport | 100 |
| 34 | | Jaya Hind | Diploma/Btech | M | 22,000/- CTC | Pune | DAT/DET/GET | ESI,PF,Transport,Canteen,No Hostel | 100 |
| 35 | | Diken Airconditining | Diploma with backlog & Experiance/BSC-Chemistry,Physics ,Mathematics | M | 222000/- CTC(12500/- in hand + 2530 PF + 5000 veriable pay every 3 month+ ESI+Gratuty+Term Plan) | Sricity Tada Andhra Pradesh | DET/SGT | Parmanent Job,Second year DET,3rd year Jr Enginner, second year CTC- 2,67,000/-,3rd year CTC- 3,26,000/-, Very pleasant working environment, two department- Production & Quality, Free Transortaion up to 30km,sunbsidized meal,Free Uniform & Shoes | 100 |
| 36 | | Imperial Auto | ITI-Mechanical,Electrical,Fitter ETC | M | 16500/-in hand (12500 basic+ DBT+Attendence Bonus) | Faridabad Near NCR | Trainee | Hostel( Self Pay), Food& Tranport on subsdized, Permanent Job | 100 |
| 37 | GSA Foundation | Silver consumer pvt ltd | 10th,12th, ITI,diploma,Graduate | male and female both | ITI,10th ,12th- 14000 stipend, diploma+graduate-17000 stipend | RAJKOT GUJRAT | QC,ASSEMBLY,MACHINE OPERATOR | Canteen+ OT 68rs per hour,Room provided by the company | 300 |
| 38 | Straggle Heath Care Trading Pvt.Ltd. | Manufacturing | 8th,10th,12th, Graduation, PG, iti, Diploma | Male, Female | 13500 - 22500 | Jharkhand, Bangal, Udisha Chattisgarh | | Accommodation, EPF, ESI, Bonus, Earn Leave Salary,Attendance Bonus, Production | 180 |
| 39 | TEXTURE CLOTHING COMPANY | Garment Manufacturer and Exporter | 8 th , 10 th, 12th Any Graduation | Male & Female | 10500 to 18000 [ take home ] | Tirupur - Tamil Nadu | Sewing Machine operator, SMO / ST / SET / Packer ,Checker, Ironer , Fresher | Free Food & Accommodation, EPF, ESI, Bonus, Earn Leave Salary,Attendance Bonus, Production Incentives Etc., | 150 |
| 40 | Optival Health Solutions Pvt Ltd (MedPlus) | MedPlus | 10th, 12th, Graduation | Male, Female | Rs. 18,507 CTC | Banglore | CSA for Retail outlet | Room, Incentive, Retention bonus, Accidential insurance 5 Lacs, Support for higher education like BBA | 200 |
| 41 | | MedPlus | 10th Fail,10th, 12th, Graduation | Male, Female | Rs. 18,507 CTC | Banglore | Junior Assistant for Warehouse | Room, Night Allowance for Male, Accidential insurance 5 Lacs, Support for higher education like BBA, Food 2 times in a day. | 200 |
| 42 | VKS HR Services | TVS and Kiya | 10th, 12th, ITI diploma, Graduate | male and female both | 14800 ctc | Bangalore Andhra, Hosur | Warehouse , manufacturing picking packing | two time meals, transporttion for ladies | 200 |
| 43 | REEDS Society | Gokaldas Exports | 8th pass | Female | Rs 12,000 + of total 3600 | Bangalore | Sewing machine operator | Medical coverage of 1,50,000 | 600 |
| 44 | Integrated Personnel Services Limited | Integrated Personnel Services Limited | Diploma ( Mechanical,Electrical,Electronics) | Male | 18000/- | Mumbai_Khopoli | Production & Quality Maintanance | Normal Accommodation charges Weekly 1 Day off Annual Bonus Company Transport pick up and drop available | 100 |
| 45 | Shahi Exports | Shahi Exports | 8th pass | Female ,Male both | 12222/- | Bangalore | Sewing machine operator | | |
| 46 | | Quess Corp Ltd | 12th/Iti | Male/Female | 12012 Stipend+2500 Attendance Bonus | Sanand,Ahmedabad,Gujarat | Production Trainee | Subsidized Canteen And Transport | 1000 |
| 47 | Quess Corp Ltd | Quess Corp Ltd | 10,12, Iti (Female Only) & Diploma | Male/Female | RS. 18950 CTC | Kolar ,Bangalore | Operator | Canteen And Transport | 500 |
| 48 | | Quess Corp Ltd | ITI & 10th and Inter | Male/Female | Rs.16404 Ctc | Gagillpur,Hyderabad | Assembly Operator | Canteen And Transport | 100 |
| 49 | | Quess Corp Ltd | 10th,12th,Iti | Male | Rs. 17500 Nth | Chennai | Trainee | Accomodation And Canteen | 200 |

जिला कार्यक्रम प्रबंधक, पलाश (JSLPS), कोडरमा

PR 347260 Koderma(24-25)D

# खबर मन्त्र

रांची. बुधवार. 26 फरवरी 2025

अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net


## मानसिक विद्रूपता

सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के बाद केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने संबंधित कानूनों के अनुपालन की जरूरत महसूस करते हुए ओटीटी प्लेटफॉर्म्स के लिये एडवाइजरी जारी की है। निस्संदेह यह वक्त की जरूरत है। दरअसल, हाल ही में एक यूट्यूबर की अभद्र टिप्पणी से पैदा हुए विवाद पर देशव्यापी प्रतिक्रिया हुई थी। केंद्र सरकार की पहल को शीर्ष अदालत के सख्त रुख के आलोक में देखा जा रहा है। पारिवारिक मूल्यों वाले भारतीय समाज में अभिव्यक्ति की आजादी का दुरुपयोग करते हुए अमर्यादित व संवेदनहीन टिप्पणी के मामले गाहे-बगाहे प्रकाश में आते रहते हैं। यही वजह है कि इलाहाबादिया प्रकरण में कई राज्यों में आपराधिक मामले दर्ज कर किए गए। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने आरोपी को गिरफ्तारी से राहत तो दी मगर सख्त टिप्पणी भी की थी कि वे दिमागी गंदगी को थोप रहे हैं, जिससे समाज शर्मसार हुआ है। लेकिन इस प्रकरण ने अभिव्यक्ति की आजादी की सीमाओं के नियमन की बहस को नये सिरे से शुरू कर दिया। हालांकि, आपातकाल के सीमित कालखंड को छोड़ दें तो देश में हमेशा अभिव्यक्ति की आजादी का सम्मान किया गया है। सुप्रीम कोर्ट समेत कई उच्च न्यायालयों ने अभिव्यक्ति की आजादी को अक्षुण्ण बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। लेकिन आजादी के अतिक्रमण के बाद सूचना व प्रसारण मंत्रालय ने ओटीटी प्लेटफॉर्म हेतु एडवाइजरी जारी करते हुए संबंधित कानून के सभी प्रावधानों के अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा है। निस्संदेह, इंटरनेट और सोशल मीडिया के दौर में अभिव्यक्ति की आजादी की सीमाओं के निर्धारण की आवश्यकता है। हाल के दिनों में डिजिटल मंचों पर अश्लीलता व हिंसक अभिव्यक्ति के चलते इनके नियमन की जरूरत महसूस की जा रही है। इस मानसिक विद्रूपता को समाज में स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए।

### कार्टून वर्ल्ड



## आज का राशिफल

**मेष :** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानी पहुंचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-5-6-8

**वृष :** यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-6-7-8

**मिथुन :** शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-2-6-9

**कर्क :** मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यो को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-6-7-9

**सिंह :** कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का परिणाम मिल जाएगा। शुभांक-4-6-7

**कन्या :** अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-4-6-8

**तुला :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-5-7

**वृश्चिक :** अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। शुभांक-5-6-8


**धनु :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। समय पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-2-6-8

**मकर :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-5-6-9

**कुंभ :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा। शुभांक-3-8-9

**मीन :** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-3-5-6


# सनातन, आस्था व विकास को समर्पित योगी सरकार का बजट



**उत्तर** प्रदेश की योगी सरकार ने वर्ष 2025-26 के लिए सनातन को समर्पित करते हुए सामाजिक सरोकारों वाला व्यापक बजट प्रस्तुत किया है जिसमें समाज के प्रत्येक वर्ग तथा जीवन के हर क्षेत्र का ध्यान रखा गया है। सर्वसमावेशी होने के कारण छात्र, किसान, व्यापारी, महिलाएं, विषय विशेषज्ञ और उद्योगपति सभी इस बजट की सराहना कर रहे हैं। बजट में अयोध्या, मथुरा, नैमिषारण्य और चित्रकूट जैसे धार्मिक स्थलों पर विशेष ध्यान दिया गया है।

प्रदेश के वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने बजट भाषण का प्रारम्भ महाकुंभ के आयोजन से किया और फिर धर्मस्थलों के विकास के लिए अपना खजाना खोल दिया। श्री काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर व मां विन्ध्यवासिनी कॉरिडोर की स्थापना के बाद सरकार मथुरा में श्री बांकेबिहारी जी महाराज मंदिर, मथुरा-वृंदावन कॉरिडोर का निर्माण करायेगी। इसके लिए भूमि उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए 100 करोड़ और निर्माण के लिए 50 करोड़ रु. का प्रावधान किया गया है। नैमिषारण्य में वेद विज्ञान केंद्र की स्थपना के लिए 100 करोड़ रु. खर्च किये जायेंगे। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए पहले ही 25 करोड़ बजट के साथ पांच एकड़ भूमि आवंटित की जा चुकी है। इस अंतरराष्ट्रीय स्तर के केंद्र में वैदिक पर्यावरण, वैदिक गणित, वैदिक विधिशास्त्र, वैदिक योग विज्ञान, वैदिक वन औषधियां वनस्पति आदि पाठ्यक्रम होंगे। यहां पर बड़े वैदिक पुस्तकालय का भी निर्माण कराया जाएगा, साथ ही वेदशाला,वैदिक संग्रहालय, तारा मंडल, संगोष्ठी कक्ष बनाये जाएंगे। केंद्र में गुरुकुल व आधुनिक पद्धति के अंतर्गत कक्षाएं बनायी जायेंगी।

मुख्यमंत्री पर्यटन स्थल विकास योजना के तहत 400 करोड़ रु. खर्च किये जायेंगे। अयोध्या में पर्यटन अवस्थापना विकास के लिए 150 करोड़ रु. का प्रावधान किया गया है। इसी तरह मथुरा में 125 करोड़ नैमिषारण्य मे 100 करोड़ चित्रकूट में 50 करोड़ खर्च करने का प्रावधान किया गया है। मिजार्पुर में मां विन्ध्यवासिनी मंदिर, मां अष्टभुजा मंदिर मां काली खोह मंदिर के परिक्रमा पथ व जनसुविधा स्थलों का विकास किया जायेगा। संरक्षित मंदिरो के जीर्णोद्वार के लिए 30 करोड़, महाभारत सर्किट के पर्यटन विकास के लिए 10 करोड़, जैन सर्किट के विकास के लिए भी धन उपलब्ध कराया गया है। विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए भी धन का प्रावधान किया गया है। गुरुस्वामी हरिदास की स्मृति में अंतरराष्ट्रीय संगीत समारोह के लिए एक करोड़ और अयोध्या में जिला स्वतंत्रता संग्राम संग्रहालय के लिए भी एक करोड़ की धनराशि रखी गई है। योगी सरकार ने वर्तमान बजट से धार्मिक पर्यटन के माध्यम से सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की लौ प्रदीप्त की है।



- मृत्युंजय दीक्षित

> मुख्यमंत्री पर्यटन स्थल विकास योजना के तहत 400 करोड़ रु. खर्च किये जायेंगे। अयोध्या में पर्यटन अवस्थापना विकास के लिए 150 करोड़ रु. का प्रावधान किया गया है। इसी तरह मथुरा में 125 करोड़ नैमिषारण्य मे 100 करोड़ चित्रकूट में 50 करोड़ खर्च करने का प्रावधान किया गया है। मिजार्पुर में मां विन्ध्यवासिनी मंदिर, मां अष्टभुजा मंदिर मां काली खोह मंदिर के परिक्रमा पथ व जनसुविधा स्थलों का विकास किया जायेगा। संरक्षित मंदिरो के जीर्णोद्वार के लिए 30 करोड़, महाभारत सर्किट के पर्यटन विकास के लिए 10 करोड़, जैन सर्किट के विकास के लिए भी धन उपलब्ध कराया गया है।

बजट में महापुरुषों पर भी ध्यान दिया गया है जिसके अंतर्गत बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के नाम पर लखनऊ में स्मारक और सांस्कृतिक केंद्र की स्थापना की जाएगी। इसके साथ ही हर जिले में 100 एकड़ में पीपीपी मॉडल पर सरदार पटेल जनपदीय आर्थिक क्षेत्र स्थापित किया जायेगा। संत कबीर के नाम पर 10 वस्त्रोद्योग पार्क तथा संत रविदास के नाम पर दो चर्मोद्योग स्थापित किये जाएंगे। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष में उनके सम्मान में नगरीय क्षेत्रों में पुस्तकालय की स्थापना की जाएगी। लखनऊ स्थित अटारी कृषि प्रक्षेत्र पर 251 करोड़ रु. की लागत से पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चरण सिंह के नाम पर सीड पार्क की स्थापना होगी। प्रत्येक कृषि मंडी में माता शबरी के नाम पर कैंटीन और विश्रामालाय स्थापित किये जायेंगे।बजट में युवाओं और छात्राओं को आकर्षित करने के लिए भी प्रावधान किये गये हैं। अब प्रदेश की हर मेधावी छात्रा को स्कूटी दी जायेगी छात्राओं के लिए 400 करोड़ रु. रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना का ऐलान किया गया है। यही नही माता अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर श्रमजीवी महिलाओं के लिए छात्रावास भी बनेंगे।

प्रदेश के बजट में युवा उद्यमी अभियान के लिए भी 1000 करोड़ रु. का प्रावधान किया गया है। संपूर्ण उत्तर प्रदेश के व्यापक विकास का विस्तृत खाका बजट में रखा गया है। बजट के अनुसार अवध में केवल अयोध्या का ही विकास नहीं हो रहा अपितु अवध के हर जिले के विकास की अद्भुत पटकथा लिखी जायेगी। बजट के प्रावधान इस प्रकार से बनाये गये हैं कि एक प्रकार से यह आगामी 25 वर्षों के विकास का रोडमैप प्रस्तुत कर रहा है।

उत्तर प्रदेश में चार नए एक्सप्रेस वे के निर्माण से तीन तीर्थस्थलों काशी, प्रयागराज व हरिद्वार की यात्रा सरल हो जायेगी। चार नए एक्सप्रेस वे के लिए बजट में 1,050 करोड़ रु. की व्यवस्था कर दी गई है। गंगा एक्सप्रेस वे को प्रयागराज, मिजार्पुर, वाराणसी, चंदौली होते हुए सोनभद्र से जोड़ने के लिए विन्ध्य लिंक एक्सप्रेस वे का निर्माण किया जायेगा। इससे इस क्षेत्र के विकास की गति दोगुनी हो जायेगी व धार्मिक पर्यटन और बढ़ेगा।

विशेषज्ञों का मानना है कि यह युवाओं को रोजगार देने वाला बजट है। बजट में एमएसएमई, नई तकनीक, एआई व साइबर सुरक्षा का भी ध्यान रखा गया है। नए एक्सप्रेस- वे बनने से दूर की यात्रा आसान होगी। नए एक्सप्रेस वे बनने से व्यापार और निवेश को बढ़ावा मिलेगा। एआई सिटी बनाने की घोषणा से स्टार्टअप और आईटी उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। प्रदेश का बजट इंफ्रास्टक्चर को बढ़ावा देने के साथ बेरोजगारों को रोजगारपरक बनाने वाला बजट है। यह बजट राज्य की तकनीकी प्रगति औद्योगिक विकास और स्वास्थ्य अवसंरचना के लिए प्रतिबद्धता को दर्शा रहा है। प्रदेश के बजट में सड़क राजमार्ग के चौड़ीकरण पर भी पर्याप्त फोकस किया गया है। इसका सर्वाधिक लाभ राजधानी लखनऊ व उसके आसपास के जिलों व कस्बों आदि को मिलेगा। मोहनलालगंज -गोसाईगंज होते हुए पूर्वांचल एक्सप्रेस- वे निकल रहा है इसका चौड़ीकरण किया जायेगा। इसी तरह बनी से ही एक रोड हरौनी होते हुए मोहन को निकली है इसे भी दो लेन का किया जायेगा।

यह बजट समग्र विकास वाला बजट है। इसमें किसानों, उद्यमियों, महिलाओं और युवाओं के लिए अनेक प्रावधान किये गये हैं। बजट में कोरोना काल में अनाथ 1430 बच्चों को आर्थिक सहायता प्रादन करने के लिए 250 करोड़ रु. का प्रावधान किया गया है। बजट में सात सरोकारों पर्यावरण संरक्षण ,नारी सशक्तीकरण, जल सरंक्षण, सुशिक्षित समाज, जनसंख्या नियोजन, स्वस्थ समाज, गरीबी उन्मूलन पर भी ध्यान दिया गया है।

### लेटर टू एडिटर

#### समाज की हालत

**विभिन्न** राजनीतिक दल मतदाताओं को लुभाने के लिए लोकलुभावने वादे और मुफ्त की सुविधाएं बांट रहे हैं, जो वास्तविकता में भ्रष्टाचार का ही एक रूप है। उनका सुझाव है कि चुनाव आयोग को ऐसी पार्टियों को अयोग्य घोषित करना चाहिए, जो अपने घोषणा पत्र की बुनियादी बातें पूरी नहीं करतीं। मुफ्त सुविधाएं अंततः उनके ही टैक्स से आती हैं। अगर सरकार सही तरीके से शिक्षा, स्वास्थ्य, और कृषि की समस्याओं का समाधान तो समाज में वास्तविक सुधार संभव है।

**-बृजमोहन ओझा, रांची**

#### अपराध की राह

**आजकल** बच्चे सोशल मीडिया के माध्यम से गन कल्चर से प्रभावित होकर नकली हथियारों का प्रदर्शन कर रहे हैं, हिंसा को बढ़ावा मिल रहा है। माता-पिता को अपने बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान देना चाहिए । अगर वे लापरवाह रहे तो भारत को अमेरिका बनते देर नहीं लगेगी। **- प्रकाश सिंह, रांची**

### ट्वीट

**आज** से झारखंड विधानसभा का बजट सत्र शुरू हो रहा है। मुझे विश्वास है झारखण्ड के विकास में यह सत्र अभूतपूर्व साबित होगा।

आशा है सत्र के दौरान सभी दलों का सक्रिय सहयोग और माननीय सदस्यों के सार्थक सहयोग से सदन सुचारू और व्यवस्थित रूप से चलेगा। माननीय सदस्य अनुशासन और शालीनता के साथ कार्यवाही में अपनी सहभागिता निभाएंगे।

**- रविन्द्रनाथ महतो, स्पीकर**

हम तो परंपरागत मुल्ला और मौलवी बनाने की बजाय बच्चों को वैज्ञानिक बनाना चाहते हैं...

कठमुल्लापन की संस्कृति नहीं चलेगी...

**- योगी आदित्यनाथ**

# देवाधिदेव शिव: राष्ट्रीय एकता और अखण्डता के प्रतीक

**- योगेश कुमार गोयल**

धर्म

भगवान शिव के प्रति श्रद्धा और भक्ति व्यक्त करने का विशेष अवसर है महाशिवरात्रि, जो भगवान शिव और माता पार्वती के मिलन का दिन माना जाता है। भारत में धार्मिक मान्यता के अनुसार महाशिवरात्रि का बहुत महत्व है। यह आध्यात्मिक चरम पर पहुंचने का सुअवसर है। महाशिवरात्रि को शिव तत्व को आत्मसात करने, नकारात्मक ऊजाओं को समाप्त करने और आध्यात्मिक उत्थान प्राप्त करने का सबसे उत्तम अवसर माना जाता है।

महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव का जलाभिषेक करना बहुत पुण्यकारी माना जाता है। इस दिन शिवलिंग का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, बेलपत्र, धतूरा, भांग एवं शहद अर्पित करने से विशेष फल प्राप्त होता है। मान्यता है कि इस दिन जलाभिषेक के साथ भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने और व्रत रखने से वे शीघ्र प्रसन्न होते हैं और उनकी विशेष कृपा प्राप्त होती है। इस रात्रि को जागरण करने वाले भक्तों को अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है और उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। शिवपुराण के अनुसार, इस दिन विधिपूर्वक व्रत रखने और रात्रि जागरण करने से समस्त पापों का नाश होता है और भक्तों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। शास्त्रों में कहा गया है कि महाशिवरात्रि की रात्रि में चार प्रहर की पूजा का विशेष महत्व है, जिसमें हर प्रहर में शिवलिंग का अलग-अलग द्रव्यों से अभिषेक किया जाता है, पहले प्रहर में जल, दूसरे प्रहर में दही, तीसरे प्रहर में घी और चौथे प्रहर में शहद से अभिषेक करने का विधान है।

धर्मग्रंथों में भगवान शिव को ह्यकालों का कालह्न और ह्यदेवों का देवह्न अर्थात ह्यमहादेवह्न कहा गया है। एक होते हुए भी शिव के नटराज, पशुपति, हरिहर, त्रिमूर्ति, मृत्युंजय, अर्द्धनारीश्वर, महाकाल, भोलेनाथ, विश्वनाथ, ओंकार, शिवलिंग, बटुक, क्षेत्रपाल, शरभ इत्यादि अनेक रूप हैं। देवाधिदेव भगवान शिव के समस्त भारत में जितने मंदिर अथवा तीर्थस्थान हैं, उतने अन्य किसी देवी-देवता के नहीं। आज भी समूचे देश में उनकी पूजा-उपासना व्यापक स्तर पर होती है। सर्वत्र पूजनीय शिव को समस्त देवों में अग्रणी और पूजनीय इसलिए भी माना गया है क्योंकि वे अपने भक्तों पर बहुत जल्दी प्रसन्न होते हैं और दूध या जल की धारा, बेलपत्र व भांग की पत्तियों की भेंट से ही अपने भक्तों पर प्रसन्न होकर उनकी समस्त मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। वे भारत की भावनात्मक एवं राष्ट्रीय एकता तथा अखण्डता के प्रतीक हैं। भारत में शायद ही ऐसा कोई गांव मिले, जहां भगवान शिव का कोई मंदिर अथवा शिवलिंग स्थापित न हो। यदि कहीं शिव मंदिर न भी हो तो वहां किसी वृक्ष के नीचे अथवा किसी चबूतरे पर शिवलिंग तो अवश्य स्थापित मिल जाएगा।

हालांकि बहुत से लोगों के मन में यह सवाल उठता है कि जिस प्रकार विभिन्न महापुरुषों के जन्मदिन को उनकी जयंती के रूप में मनाया जाता है, उसी प्रकार भगवान शिव के जन्मदिन को उनकी जयंती के बजाय रात्रि के रूप में क्यों मनाया जाता है? इस संबंध में मान्यता है कि रात्रि को पापाचार, अज्ञानता और तमोगुण का प्रतीक माना गया है और कालिमा रूपी इन बुराइयों का नाश करने के लिए हर माह चराचर जगत में एक दिव्य ज्योति का अवतरण होता है, यही रात्रि शिवरात्रि है। शिव और रात्रि का शाब्दिक अर्थ एक धार्मिक पुस्तक में स्पष्ट करते हुए कहा गया है, ह्यह्यजिसमें सारा जगत शयन करता है, जो विकार रहित है, वह शिव है अथवा जो अमंगल का ह्रास करते हैं, वे ही सुखमय, मंगलमय शिव हैं। जो सारे जगत को अपने अंदर लीन कर लेते हैं, वे ही करुणासागर भगवान शिव हैं। जो नित्य, सत्य, जगत आधार, विकार रहित, साक्षीस्वरूप हैं, वे ही शिव हैं। महासमुद्र रूपी शिव ही एक अखंड परम तत्व हैं, इन्हीं की अनेक विभूतियां अनेक नामों से पूजी जाती हैं, यही सर्वव्यापक और सर्वशक्तिमान हैं, यही व्यक्त-अव्यक्त रूप से ह्यसगुण ईश्वर और निर्गुण ब्रह्म कहे जाते हैं तथा यही परमात्मा, जगत आत्मा, शम्भव, मयोभव, शंकर, मयस्कर, शिव, रूद्र आदि कई नामों से संबोधित किए जाते हैं। शिव के मस्तक पर अर्द्धचंद्र शोभायमान है, जिसके संबंध में कहा जाता है कि समुद्र मंथन के समय समुद्र से विष और अमृत के कलश उत्पन्न हुए थे। इस विष का प्रभाव इतना तीव्र था कि इससे समस्त सृष्टि का विनाश हो सकता था, ऐसे में भगवान शिव ने इस विष का पान कर सृष्टि को नया जीवनदान दिया जबकि अमृत का पान चन्द्रमा ने कर लिया। विषपान करने के कारण भगवान शिव का कंठ नीला पड़ गया, जिससे वे नीलकंठ के नाम से जाने गए। विष के भीषण ताप के निवारण के लिए भगवान शिव ने चन्द्रमा की एक कला को अपने मस्तक पर धारण कर लिया। यही भगवान शिव का तीसरा नेत्र है और इसी कारण भगवान शिव चन्द्रशेखर भी कहलाए। तीनों लोकों की अपार सुन्दरी और शीलवती गौरी को अर्धांगिनी बनाने वाले शिव प्रेतों और भूत-पिशाचों से घिरे रहते हैं। उनका शरीर भस्म से लिपटा रहता है।

# चेतना को बढ़ाने का पर्व है महाशिवरात्रि

शिवरात्रि

**अमावस्या से पूर्व कादिन शिवरात्रि कहा जाता**

हर चंद्र मास का चौदहवां दिन अथवा अमावस्या से पूर्व का एक दिन शिवरात्रि के नाम से जाना जाता है। एक कैलेंडर वर्ष में आने वाली सभी शिवरात्रियों में से, महाशिवरात्रि, को सर्वाधिक महत्वपूर्ण माना जाता है, जो फरवरी-मार्च माह में आती है। इस रात, ग्रह का उत्तरी गोलार्द्ध इस प्रकार अवस्थित होता है कि मनुष्य भीतर ऊर्जा का प्राकृतिक रूप से ऊपर की ओर जाती है।

**एक उत्सव मनाते हैं, जो पूरी रात चलता**

यह एक ऐसा दिन है, जब प्रकृति मनुष्य को उसके आध्यात्मिक शिखर तक जाने में मदद करती है। इस समय का उपयोग करने के लिए, इस परंपरा में, हम एक उत्सव मनाते हैं, जो पूरी रात चलता है। पूरी रात मनाए जाने वाले इस उत्सव में इस बात का विशेष ध्यान रखा जाता है कि ऊजाओं के प्राकृतिक प्रवाह को उमड? का पूरा अवसर मिले- आप अपनी रीढ़ की हड्डी को सीधा रखते हुए- निरंतर जागते रहते हैं।

**शिव के विवाह के उत्सव की तरह मनाते**

महाशिवरात्रि आध्यात्मिक पथ पर चलने वाले साधकों के लिए बहुत महत्व रखती है। यह उनके लिए भी बहुत महत्वपूर्ण है जो पारिवारिक परिस्थितियों में हैं और संसार की महत्वाकांक्षाओं में मग्न हैं। पारिवारिक परिस्थितियों में मग्न लोग शिवरात्रि को शिव के विवाह के उत्सव की तरह मनाते हैं। सांसारिक महत्वाकांक्षाओं में मग्न लोग महाशिवरात्रि को, शिव के द्वारा अपने शत्रुओं पर विजय पाने के दिवस के रूप में मनाते हैं परंतु, साधकों के लिए, यह वह दिन है, जिस दिन वे कैलाश पर्वत के साथ एकात्म हो गए थे। वे एक पर्वत की भांति स्थिर व निश्चल हो गए थे।

**आध्यात्मिक साधक के लिए बहुत सी संभावनाएं**

यौगिक परंपरा में, शिव को किसी देवता की तरह नहीं पूजा जाता। उन्हें आदि गुरु माना जाता है, पहले गुरु, जिनसे ज्ञान उपजा। ध्यान की अनेक सहस्त्राब्दियों के पश्चात, एक दिन वे पूर्ण रूप से स्थिर हो गए। वही दिन महाशिवरात्रि का था। उनके भीतर की सारी गतिविधियां शांत हुईं और वे पूरी तरह से स्थिर हुए, इसलिए साधक महाशिवरात्रि को स्थिरता की रात्रि के रूप में मनाते हैं। इसके पीछे की कथाओं को छोड़ दें, तो यौगिक परंपराओं में इस दिन का विशेष महत्व इसलिए भी है क्योंकि इसमें आध्यात्मिक साधक के लिए बहुत सी संभावनाएं मौजूद होती हैं।

**अस्तित्व की एकात्मकता को जान लिया**

आधुनिक विज्ञान अनेक चरणों से होते हुए, आज उस बिंदु पर आ गया है, जहां उन्होंने आपको प्रमाण दे दिया है कि आप जिसे भी जीवन के रूप में जानते हैं, पदार्थ और अस्तित्व के रूप में जानते हैं, जिसे आप ब्रह्मांड और तारामंडल के रूप में जानते हैं; वह सब केवल एक ऊर्जा है, जो स्वयं को लाखों-करोड़ों रूपों में प्रकट करती है। यह वैज्ञानिक तथ्य प्रत्येक योगी के लिए एक अनुभव से उपजा सत्य है। 'योगी' शब्द से तात्पर्य उस व्यक्ति से है, जिसने अस्तित्व की एकात्मकता को जान लिया है। जब मैं कहता हूं, 'योग', तो मैं किसी विशेष अयास या तंत्र की बात नहीं कर रहा। इस असीम विस्तार को तथा अस्तित्व में एकात्म भाव को जानने की सारी चाह, योग है। महाशिवारात्रि की रात, व्यक्ति को इसी का अनुभव पाने का अवसर देती है।

**शिवरात्रि माह का सबसे अंधकारपूर्ण दिवस**

शिवरात्रि माह का सबसे अंधकारपूर्ण दिवस होता है। प्रत्येक माह शिवरात्रि का उत्सव तथा महाशिवरात्रि का उत्सव मनाना ऐसा लगता है मानो हम अंधकार का उत्सव मना रहे हों। कोई तर्कशील मन अंधकार को नकारते हुए, प्रकाश को सहज भाव से चुनना चाहेगा परंतु शिव का शाब्दिक अर्थ ही यही है, 'जो नहीं है'। 'जो है', वह अस्तित्व और सृजन है। 'जो नहीं है', वह शिव है। 'जो नहीं है', उसका अर्थ है, अगर आप अपनी आंखें खोलकर आसपास देखें और आपके पास सूक्ष्म दृष्टि है तो आप बहुत सारी रचना देख सकेंगे।

**सब कुछ शून्य से ही उपजा है और शून्य में ही विलीन**

अगर आपकी दृष्टि केवल विशाल वस्तुओं पर जाती है, तो आप देखेंगे कि विशालतम शून्य ही, अस्तित्व की सबसे बड़ी उपस्थिति है। कुछ ऐसे बिंदु, जिन्हें हम आकाशगंगा कहते हैं, वे तो दिखाई देते हैं, परंतु उन्हें थामे रहने वाली विशाल शून्यता सभी लोगों को दिखाई नहीं देती। इस विस्तार, इस असीम रिक्तता को ही शिव कहा जाता है। वर्तमान में, आधुनिक विज्ञान ने भी साबित कर दिया है कि सब कुछ शून्य से ही उपजा है और शून्य में ही विलीन हो जाता है।

**एकमात्र चीज जो सही मायनों में सर्वव्यापी हो सकती**

इसी संदर्भ में शिव यानी विशाल रिक्तता या शून्यता को ही महादेव के रूप में जाना जाता है। इस ग्रह के प्रत्येक धर्म व संस्कृति में, सदा दिव्यता की सर्वव्यापी प्रकृति की बात की जाती रही है। यदि हम इसे देखें, तो ऐसी एकमात्र चीज जो सही मायनों में सर्वव्यापी हो सकती है, ऐसी वस्तु जो हर स्थान पर उपस्थित हो सकती है, वह केवल अंधकार, शून्यता या रिक्तता ही है।

**प्रकाश आपके मन की एक छोटी सी घटना**

सामान्यतः, जब लोग अपना कल्याण चाहते हैं, तो हम उस दिव्य को प्रकाश के रूप में दशार्ते हैं। जब लोग अपने कल्याण से ऊपर उठकर, अपने जीवन से परे जाने पर, विलीन होने पर ध्यान देते हैं और उनकी उपासना और साधना का उद्देश्य विलयन ही हो, तो हम सदा उनके लिए दिव्यता को अंधकार के रूप में परिभाषित करते हैं। प्रकाश आपके मन की एक छोटी सी घटना है। प्रकाश शाश्वत नहीं है, यह सीमित संभावना है क्योंकि यह घटकर समाप्त हो जाती है।

## स्पीड न्यूज

### विकास तिवारी से एसपी ने की पूछताछ



भुरकुंडा (रामगढ़)। जिला में रंगदारी मांगने के बढ़ते मामले को लेकर रामगढ़ पुलिस ने सोमवार को हजारीबाग जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे पांडेय गिरोह के सरगना विकास तिवारी को माननीय न्यायालय से रिमांड पर लेकर पुछताछ के लिये देर रात्रि भुरकुंडा थाना लाया था। मंगलवार को रामगढ एसपी अजय कुमार पांडेय गिरोह के सरगना विकास तिवारी से पुछताछ करने भुरकुंडा थाना पहुंचे। घंटो पुछताछ करने के बाद पत्रकारो से वार्ता करते हुए एसपी अजय कुमार ने कहा कि पांडेय गिरोह के सरगना विकास तिवारी से रामगढ़ सहित अन्य जिलों में रंगदारी मांगने सहित अन्य कई कांडों को लेकर हमारी टीम पुछताछ कर रही है। आगे जो भी होगा हमारी टीम उन मामलो में विधि सम्मत कारवाई करेगी। उन्होने कहा कि रामगढ़ जिला में जितने भी अपराधी गिरोह हैं उन पर नकेल कसने का काम किया जा रहा है। जिला में पांडेय गिरोह, श्रीवास्तव गिरोह, अमन साहु गिरोह पर नकेल कसने का काम किया गया है। इसके लिए पुलिस लगातार छापेमारी और गिरफ्तारी भी की है। कई अपराधी हथियारो के साथ पकडे.भी गये है। एसपी ने नौजवानों से अपील किया है कि पैसो की लालच में आकर इन गिरोहों के बहकावे में न आये। रामगढ़ जिला और झारखंड के नौजवान अपने भविष्य को खतरे में न डाले और किसी भी गिरोह के संपर्क में न आये। उनके लिए कोई भी ऐसा काम न करें जिससे उन्हें सलाखों के पीछे जाना पड़े। मौके पर पतरातू एसडीपीओ पवन कुमार, डीएसपी चंदन कुमार वत्स, पतरातू इस्पेक्टर सत्येन्द्र कुमार सिंह, भुरकुंडा ओपी प्रभारी निर्भय कुमार गुप्ता, पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल गुप्ता सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

### उज्जवला फाउंडेशन की बैठक



कुजू। उज्जवला फाउंडेशन से जुड़े महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिये जो वायदा किया था उसको पूरा करने की दिशा में सिलाई व कंप्यूटर प्रशिक्षण जल्द ही उनके बीच शुरू किया जायेगा। इसके लिए होली के बाद भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर उद्घघाटन भी किया जाएगा। उक्त बातें उज्जवला फाउंडेशन के अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने कही। श्री प्रजापति उज्वला फाउंडेशन द्वारा बोंगावार स्थित मोती राम कॉम्प्लेक्स में आयोजित मासिक बैठक में सदस्यों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन में सिलाई मशीन व कंप्यूटर आ चुका है। वही उन्होंने फाउंडेशन से जुड़े सदस्यों को सिलाई व कंप्यूटर चलाने के लिए भी चिन्हित किया। इधर उन्होंने बताया कि सलाना जो राशि सदस्यों ने जमा किया था उस राशि को बढ़ाने के साथ सभी सदस्यों के बीच खाद्य सामग्री का भी वितरण किया जाएगा। वही उन्होंने सभी सदस्यों को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं भी दिया। बैठक की अध्यक्षता फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति व संचालन आशा कुमारी ने किया। मौके पर जनक प्रसाद, प्रकाश केशरी, मनसरी देवी, शांति देवी, फूलकुमारी देवी, रीना देवी, पूनम देवी, बसंती कुमारी, भवानी देवी, सुमित्रा देवी, गुड़िया देवी, सुनीता देवी, खुशबू देवी, आदि शामिल थे।

### जातीय रंग देना चाहते हैं चंद्रप्रकाशः शहजादा

रामगढ़। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शहजादा अनवर ने मंगलवार को कहा कि चितरपुर में एक मुस्लिम लड़के और एक हिन्दू लड़की के बीच प्रेस प्रसंग का मामला प्रकाश में आया है। उन्होंने कहा कि यदि मामले में युवक दोषी है तो पुलिस और प्रशासन उसे जेल भेजे और लड़की को उसके परिजनों का सौंप दे। कांग्रेस नेता ने कहा कि विधानसभा चुनाव में आजसू की पराजय की खीझ को दूर करने के लिए चौधरी मामले को जातीय रंग देने का प्रयास कर रहे हैं जो अनुचित है। अनवर ने कहा कि मामले को लेकर युवती द्वारा सोशल मीडिया पर वीडियो क्लीप पोस्ट किया गया है। लेकिन मैं फिर कहता हूं की यदि मामले में युवक दोषी है तो पुलिस और प्रशासन उसपर कार्रवाई करे और लड़की को उसके परिजनों को सौंप दे। प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष मुन्ना पासवान, पूर्व प्रत्याशी बजंगर महतो, पंकज तिवारी, मुकेश यादव उपस्थित थे।

### पीवीयूएन ने एचएमभी का किया शुभारंभ



भुरकुंडा (रामगढ़)। बिरसा मुंडा भवन रशियन हॉस्टल में मंगलवार को पीवीयूएन लिमिटेड के सीईओ आरके सिंह द्वारा भारी मोटर वाहन (एचएमभी) ड्राइविंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कहा गया कि यह कार्यक्रम कंपनी की सामुदायिक विकास पहलों के अंतर्गत आयोजित किया गया है। जिसका उद्देश्य स्थानीय युवाओं की रोजगार क्षमता को बढ़ाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत चयनित प्रतिभागियों को एक व्यापक प्रशिक्षण मॉड्यूल प्रदान किया जाएगा। इसमें सड़क सुरक्षा, वाहन यांत्रिकी और यातायात नियमों से संबंधित सैद्धांतिक कक्षाएं शामिल होगी। इसके तहत सिम्युलेटर प्रशिक्षण, जिससे वास्तविक ड्राइविंग परिदृश्यों की समझ विकसित हो सके। सड़क पर व्यावहारिक प्रशिक्षण, जिससे प्रतिभागियों को हाथों-हाथ अनुभव प्राप्त हो। प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद प्रतिभागियों को (एचएमभी) ड्राइविंग लाइसेंस प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर सीईओ आरके सिंह ने कौशल विकास और स्थानीय युवाओं के रोजगार सृजन के प्रति पीवीयूएन लिमिटेड की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पहल समुदायों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

### पंचायत समिति सदस्यों की बैठक

भुरकुंडा (रामगढ़)। कुरसे पंचायत भवन में मंगलवार को पंचायत समिति सदस्यों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता पतरातु प्रखंड उपप्रमुख बबीता पांडेय और संचालन प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि सीताराम मुंडा ने किया। बैठक में पतरातु प्रखंड कार्यालय में जन्म मृत्यु प्रमाण-पत्र जल्द निर्गत करने, डीएमएफटी मद में पंचायत समिति, प्रमुख, उप प्रमुख का भागीदार एवं शिलान्यास एवं शिलापट्ट में नाम अंकित करने, लाभुक समिति का खाता बैंक में जल्दी खोले जाने सहित पतरातु प्रखंड के ग्रामीणों का प्रखंड कार्यालय पतरातु से कार्य ससमय होने आदि मुद्दों पर चर्चा की गई।

# हजारीबाग में वकीलों ने किया कार्य बहिष्कार

## अधिवक्ता संशोधन अधिनियम के विरोध में किया प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता



हजारीबाग। अधिवक्ता संशोधन अधिनियम 2025 के विरोध में हजारीबाग के वकीलों ने मंगलवार को एक दिवसीय हड़ताल और धरना प्रदर्शन किया। सुबह 11 बजे बार संघ कार्यालय के सामने बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने एकजुट होकर न्यायिक कार्यों का बहिष्कार किया और अधिनियम की प्रतियां जलाकर अपना आक्रोश प्रकट किया। बार संघ के महासचिव सुमन कुमार सिंह ने इसे काला कानून करार देते हुए कहा कि केंद्र सरकार इस अधिनियम के जरिए अधिवक्ताओं की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाने का प्रयास कर रही है, जो पूरी तरह से अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि इस कानून के खिलाफ पूरे देश में अधिवक्ता विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और हजारीबाग के वकील भी उसी मुहिम का हिस्सा हैं।

संयुक्त सचिव सह मीडिया प्रभारी कुणाल कुमार ने बताया कि इस अधिनियम के तहत केंद्र सरकार को बार काउंसिल ऑफ इंडिया में तीन सदस्यों को नामित करने का अधिकार मिलेगा। इसके अलावा, केंद्र सरकार को इउक को निर्देश जारी करने और विदेशी विधि फर्मों एवं वकीलों के प्रवेश संबंधी नियम बनाने का अधिकार भी होगा। वकीलों का मानना है कि यह प्रावधान अधिवक्ताओं की स्वतंत्रता और स्वायत्तता पर सीधा हमला है। प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं ने नारेबाजी की और सरकार के खिलाफ रोष प्रकट किया। पुतला दहन कर उन्होंने अपने असंतोष को जाहिर किया।

इस विरोध प्रदर्शन में सैकड़ों अधिवक्ताओं ने भाग लिया, जिनमें उपायुक्त विजय कुमार सिंह, दीपक कुमार, भरत कुमार, सुमित कुमार सिन्हा, चंद्रिका प्रसाद, विभव कुमार, जवाहर प्रसाद, सतीश कुमार सिन्हा, रमेश सिंह, मिथिलेश कुमार मन्ने, कुमार गौरव, शंकर प्रसाद, ब्रजेश कुमार, अमर रंजन सहित अन्य प्रमुख अधिवक्ता शामिल रहे। वकीलों ने साफ कर दिया कि जब तक सरकार इस कानून को वापस नहीं लेती, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा।

# युवती की बरामदगी के लिए एनएच-23 जाम

▶▶ किसी को कानून हाथ में लेने का अधिकार नहीं, पुलिस कर रही है कार्रवाईः चंदन सिन्हा

खबर मन्त्र संवाददाता

रामगढ़। रजरप्पा थाना क्षेत्र से युवती के अपहरण को लेकर दो संप्रदायों का तनाव बढ़ता जा रहा है। अपहृत युवती को केरल से वापस लाने के लिए सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने मंगलवार की सुबह 6 बजे रामगढ़ बोकारो राष्ट्रीय राजमार्ग 23 को चितरपुर प्रखंड में जाम कर दिया। चक्का जाम की वजह से गाड़ियों की लंबी कतारें लग गई। जिला प्रशासन ने सांसद को 72 घंटे में लड़की को वापस लाने का आश्वासन दिया। इसके बाद सड़क जाम समाप्त हुआ। आंदोलन के बाद सांसद ने कहा कि पुलिस अगर पहले ही तत्परता दिखाई होती तो जनता को सड़क पर उतरना नहीं पड़ता। लगभग 15 दिनों पहले यह वारदात हुई थी। पुलिस को लड़की को वापस लाने की मांग रखी गई थी। आज चक्का जाम कार्यक्रम में प्रशासन को झुकना पड़ा। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक लापरवाही की वजह से जनता में आक्रोश है और समाज में अफवाहें फैल रही हैं। ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो इसके लिए प्रशासन को सचेत रहने की आवश्यकता है।

## डीसी और एसपी ने किया फ्लैग मार्च



चितरपुर प्रखंड में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए डीसी चंदन कुमार, एसपी अजय कुमार जिले के तमाम अधिकारियों और पुलिस बल के साथ पहुंचे। यहां उन्होंने लगभग पांच किलोमीटर तक फ्लैग मार्च किया। इस दौरान बंद समर्थकों को अपनी दुकान खोलने की बात कही। साथ ही जिस मोहल्ले में युवक और युवती का घर है, उस क्षेत्र में भी फ्लैग मार्च कर शांति व्यवस्था बनाए रखने को कहा। डीसी चंदन कुमार ने बताया कि किसी भी व्यक्ति को कानून हाथ में लेने का अधिकार नहीं है। जहां तक बात युवती और युवक के शादी की है, कानून बालिगों को पूरा संरक्षण देता है। वह अपनी मर्जी से शादी कर सकते हैं।

## युवती बोलीं, मैंने स्वेच्छा से की शादी

रामगढ़ । रजरप्पा थाना क्षेत्र चितरपुर, सोनार मोहल्ला निवासी युवती को घर लाने के लिए बवाल मचा है। इस बीच आशा वर्मा ने अपने परिजनों को वीडियो मैसेज भेजा है। यह वीडियो आशा की बहन के सामने ही रिकॉर्ड हुआ है। लड़की ने लव जिहाद की बातों को नकार दिया है। कहा कि उसने स्वेच्छा से शादी की है ना कि शादी के लिए कोई जबरदस्ती की गई है। मैं केरल में अपने स्वेच्छा से गालिब के साथ गई हूं। शादी की हूं और खुश हूं, मैं बालिग हूं और बहुत जल्द में अपने घर आ रही हूं।


## बाल श्रम के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

हजारीबाग। जिले में बाल श्रम उन्मूलन को लेकर जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक मंगलवार को समाहरणालय भवन में आयोजित की गई। अपर समाहर्ता संतोष सिंह की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में बाल श्रम के विरुद्ध उठाए गए कदमों की समीक्षा की गई और आगे की रणनीति तय की गई। बैठक के दौरान श्रम अधीक्षक अनिल कुमार रंजन ने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में अब तक जिले से 14 बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया है। इनमें से 11 बच्चे अन्य जिलों या राज्यों से हैं, जबकि तीन बच्चे हजारीबाग जिले के ही हैं। सभी नियोजकों के खिलाफ बाल श्रम अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की गई है, साथ ही प्रत्येक से 20,000 का जुर्माना वसूला गया है।

मुक्त कराए गए बच्चों के पुनर्वास के लिए सरकार की विभिन्न योजनाओं से उनके परिवारों को जोड़ा गया है, ताकि वे दोबारा इस दलदल में न फंसें। बाल श्रमिकों की पहचान और बचाव के लिए जिले में धावा दल सक्रिय रूप से काम कर रहा है, जिसमें श्रम विभाग, पुलिस प्रशासन, बाल संरक्षण समिति, चाइल्ड हेल्पलाइन (1098) और विभिन्न एनजीओ शामिल हैं। अपर समाहर्ता संतोष सिंह ने निर्देश दिया कि जिले में कोनार पुल, पुराने समाहरणालय परिसर, होटलों, ढाबों और रेस्तरां में विशेष अभियान चलाकर बाल श्रम को जड़ से खत्म किया जाए।

## एक नजर में

### चौपारण में नकली शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़



चौपारण। होली के त्योहार को देखते हुए नकली शराब के अवैध कारोबार में लिप्त तस्कर सक्रिय हो गए हैं। इसी कड़ी में हजारीबाग उत्पाद विभाग और चौपारण उत्पाद विभाग की संयुक्त टीम ने सोमवार को अंबाकोला में छापेमारी कर नकली शराब बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में जंगल में स्थित एक घर से भारी मात्रा में स्प्रिट, खाली शराब की बोतलें, स्टीकर, ढक्कन और शराब निर्माण में उपयोग होने वाला केरामिल केमिकल जब्त किया गया। इसके अलावा 200 लीटर से अधिक विदेशी शराब और स्प्रिट बरामद की गई। यह घर सोमा मुंडा का बताया जा रहा है, हालांकि इस अवैध कारोबार में और कौन-कौन शामिल है, इसकी जांच जारी है। उत्पाद विभाग इस अवैध शराब की आपूर्ति और इसके निर्माण से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश में जुट गया है। बताया जा रहा है कि बीते एक महीने में यह चौथी बड़ी छापेमारी है, जिसमें नकली शराब, स्टीकर, स्प्रिट और अन्य सामग्री जब्त की गई है। छापेमारी दल का नेतृत्व कर रहे आबकारी विभाग के दरोगा सुमितेश कुमार ने कहा कि शराब तस्करों के नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए जांच तेज कर दी गई है। प्रशासन अब यह पता लगाने की कोशिश कर रहा है कि इस अवैध शराब की खेप कहां-कहां सप्लाई हो रही थी और इसमें कौन-कौन लोग शामिल हैं। अधिकारियों ने साफ किया है कि होली के दौरान किसी भी तरह की नकली और अवैध शराब की बिक्री पर सख्त कार्रवाई होगी और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

### गढ़काली मंदिर पर्यटन क्षेत्र घोषित हो : विधायक



चौपारण। विधानसभा के शून्यकाल में बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने बिगहा स्थित पौराणिक राजागढ़काली मंदिर परिसर को पर्यटन स्थल घोषित करने की मांग उठाई। उन्होंने पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री से सवाल किया कि सरकार इस ऐतिहासिक धार्मिक स्थल को पर्यटक केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए क्या कदम उठा रही है। मंत्री सुदीप कुमार सोनू ने बताया कि राजागढ़काली मंदिर परिसर फिलहाल पर्यटन स्थल के रूप में अधिसूचित नहीं है। लेकिन इसे पर्यटन स्थल घोषित करने के लिए जिला पर्यटन संवर्धन परिषद और राज्य पर्यटन संवर्धन समिति की अनुशंसा आवश्यक है। इसके तहत 13 फरवरी 2025 को जिला उपायुक्त को निर्देशित किया गया है कि वे इस स्थल को पर्यटन स्थल घोषित करने के प्रस्ताव पर विचार करें।

### यौन शोषण के आरोप में युवक गिरफ्तार

दारू। थाना क्षेत्र के अंतर्गत शादी की नियत से नाबालिक लड़की के साथ योन शोषण करने के मामला सामने आया है। इस मामले में नाबालिक लड़की की माँ के द्वारा दिये गये आवेदन के आधार पर दारु थाना मे पोकसो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी युवक को जेल भेज दिया। थाना मे दिये गये आवेदन मे बताया गया कि नाबालिक लड़की के माता पिता कुंभ मेला गये थे और लड़की अपने दादा दादी के साथ थी। इसी बीच पुनाई पंचायत के ग्राम लोहडी कला निवासी राहुल यादव पिता मोहन यादव( उम्र 21 वर्ष) नबालिग 15 वर्षीय लड़की को बहला फुसला कर 22 फरवरी की रात्रि को लेकर फरार हो गया। लड़की के फरार होने की जानकारी मिलते ही घर वाले काफी परेशान हो गये और लड़की की खोजबीन करने लगे। इसी बीच 24 फरवरी को लड़की अपने घर वापस आ गयी और उसके साथ हुई योन शोषण की घटना की जानकारी दिया। लड़की की माँ उसे लेकर थाने गयी जहाँ आरोपी युवक के खिलाफ आवेदन देकर मामला दर्ज कराया। पुलिस ने त्वरित करवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। नाबालिग लड़की की मेडिकल जांच कराते हुए अदालत मे 164 के तहत बयान दर्ज करवाया। युवक को पुलिस ने अदालत मे पेश किया जहाँ से उसे केंद्रीय कारगार हजारीबाग भेज दिया गया।

## श्रमिकों को न्यूनतम मजदूरी से भी कम किया जा रहा है भुगतान : रोशन



बड़कागांव। क्षेत्र में कार्यरत कंपनियों द्वारा स्थानीय मजदूरों के शोषण का मामला विधानसभा में गूंजा। विधायक रोशनलाल चौधरी ने विधानसभा अध्यक्ष का ध्यान आकृष्ट कराते हुए एनटीपीसी, जेवीएनएल और अन्य एमडीओ कंपनियों पर मजदूरों के अधिकारों के हनन का आरोप लगाया। विधायक ने सदन में कहा कि बड़कागांव, केरडारी और पतरातू में कार्यरत कंपनियां स्थानीय मजदूरों को पिछले 10 वर्षों से निर्धारित वेतनमान से कम भुगतान कर रही हैं। इतना ही नहीं, मजदूरों से 8 घंटे की बजाय 12 घंटे तक काम लिया जा रहा है, लेकिन इसके बदले उन्हें न्यूनतम मजदूरी से भी कम भुगतान किया जा रहा है।

## जिंदल फाउंडेशन ने दो मॉडल आंगनबाड़ी का किया उद्घाटन

भुरकुंडा (रामगढ़)। पतरातु प्रखंड के ग्राम बलकुदरा नया टोला और जयनगर अंबेडकर टोला में मंगलवार को जिंदल फाउंडेशन द्वारा दो आंगनबाड़ी केंद्रों को मॉडल आंगनबाड़ी के रूप में विकसित कर समुदाय को समर्पित किया गया। इस दौरान जिंदल महिला क्लब की अध्यक्षा गुरदीप कौर ने फीता काटकर इन केंद्रों का उद्घाटन किया। कौर ने कहा कि स्वास्थ्य और शिक्षा के बिना विकास अधुरा है।

आंगनबाड़ी केंद्र न केवल बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए बल्कि समुदाय के कल्याण के लिए भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जिंदल फाउंडेशन की अध्यक्षा शालू जिंदल का हमेशा से प्रयास रहा है कि विकास की किरण गांव के सबसे निचले स्तर तक पहुंचे। जिससे समाज का समग्र उत्थान संभव हो सके।

## शिक्षा में अव्यवस्था को लेकर प्रदीप प्रसाद ने सदन के बाहर दिया धरना




हजारीबाग। झारखंड में शिक्षा व्यवस्था की गिरती स्थिति और मैट्रिक परीक्षा में अव्यवस्थाओं को लेकर भाजपा विधायक प्रदीप प्रसाद ने मंगलवार को झारखंड विधानसभा के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। धरने में भाजपा के अन्य विधायक भी शामिल हुए और राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। धरने के दौरान हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि मैट्रिक परीक्षा में प्रशासनिक लापरवाही चरम पर है, परीक्षा केंद्रों में अव्यवस्था बनी हुई है, प्रश्नपत्रों की गोपनीयता भंग होने की शिकायतें सामने आ रही हैं, जिससे छात्रों का भविष्य खतरे में है। विधायक प्रदीप प्रसाद ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर परीक्षा प्रणाली में सुधार नहीं हुआ और शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो भाजपा राज्यव्यापी आंदोलन करेगी।

# रामगढ़ चेंबर चुनाव के लिए नामांकन पत्रों की बिक्री शुरू

## कई दिग्गज चुनाव से रह सकते हैं अलग

खबर मन्त्र संवाददाता



अमित कुमार सिन्हा, विजय मेवाड़, नंदकिशोर गुप्ता व मनोज मंडल।

रामगढ़। रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज सत्र 2025-27 के चुनाव के लिए नामांकन पत्रों की बिक्री मंगलवार से आरंभ हो गई है। रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज सत्र 2025-27 के चुनाव के लिए अधिसूचना जारी हो गई है और पहले दिन मंगलवार से नामांकन पत्रों की बिक्री आरंभ हो गई है। इस दौरान कुछ संभावित प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदा।

**चुनाव को लेकर दिख रही है उदासीनता :** रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज चुनाव को लेकर उदासीनता दिख रहा है। इसका कारण पिछाले 5 चुनावों के दौरान प्रभावशाली जीत दर्ज करने वाले अमित कुमार सिन्हा और कई अन्य दिग्गजों का चुनाव में भाग नही लेना बताया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक इस बार के चेंबर चुनाव में अमित कुमार सिन्हा ,नंदकिशोर गुप्ता, विजय मेवाड़, मनोज मंडल आदि के भाग लेने की संभावना नही है। पेट्रोलियम व्यवसायी विष्णु पोद्दार के इस बार के चुनाव में शामिल होने की संभावना नही है। इसलिए इस बार के चेंबर चुनाव में उत्साह का अभाव दिख रहा है।


रजिस्ट्री सं० डी एल०-33004/99 REGD.NO.D.L-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-22022025-261256
CG-DL-E-22022025-261256
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II-खण्ड 3-उप-खण्ड (ii)
PART II-Section 3 -Sub-Section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 944] नई दिल्ली, शुक्रवार, फरवरी 21, 2025/फाल्गुन 2, 1946
No. 944] NEW DELHI, FRIDAY, FEBRUARY 21, 2025/PHALGUNA 2, 1946

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
अधिसूचना
नई दिल्ली, 21 फरवरी, 2025

का.आ. 952(अ)-केन्द्रीय सरकार ने, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उपधारा (1) के अधीन जारी की गई भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का.आ. 4732 तारीख 29.10.2024, जो भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खण्ड 3, उपखंड (ii) में प्रकाशित की गई थी, द्वारा झारखंड राज्य के रांची जिले में NH75 के कि.मी. 0.00 से कि.मी. 3.26 (डिप्टी कमिश्नर ऑफिस रांची) तक के राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण (चौड़ाकरने/चार लेन का बनाने, आदि) अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के लिए उस अधिसूचना से उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा की थी;

और उक्त अधिसूचना का सार उक्त अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (3) के अधीन तारीख "30.11.2024" को "द टाइम्स ऑफ इंडिया" और "खबर मंत्र" दोनों में प्रकाशित किया गया था;

जबकि सक्षम प्राधिकारी को धारा 3-ग के तहत दायर आपत्ति प्राप्त हुई है, जिस पर विचार किया गया है और उसका उचित रूप से निपटान किया गया;

और सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट दे दी है;

अतः अब, केन्द्रीय सरकार, सक्षम प्राधिकारी की उक्त रिपोर्ट प्राप्त हो जाने पर और उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह घोषणा करती है कि उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जन किया जाना चाहिए;

और अब, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (2) के अनुसरण में यह घोषणा करती है कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन पर, उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर आत्यन्तिक रूप से केन्द्रीय सरकार में निहित हो जाएगी।

अनुसूची

झारखंड राज्य के रांची जिले में NH75 के कि.मी. 0.00 से कि.मी. 3.26 (डिप्टी कमिश्नर ऑफिस रांची) तक के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना सहित अथवा संरचना रहित भूमि का विवरण।

[फा.स. NHAI/PIU/RNC/Ranchi Flyover/LA-3D]
अमय जैन, निदेशक

जिलाः रांची
प्रकाशन तिथिः 21.02.2025
https://egazette.gov.in/(S(3w43mde2y1tc2hqv2wguofgi))/ViewPDF.aspx
https://bhoomirashi.gov.in/auth/revamp/three_d.cshtml?EncHid=960298707
नोटः- इस अधिसूचना की वास्तविक प्रति सीएएलए/पीआईयू/पीएमयू/आरओ/ईडी के कार्यालय में भी उपलब्ध है और भूमि मालिक वहां भी अधिसूचना देख सकते हैं।

# महामृत्युञ्जय मंत्र की रचना प्रक्रिया
# शिव को साधना जन्म- मृत्यु का भय से मुक्ति



## शिव मंत्र का प्रभाव

**डा जंग बहादुर पाण्डेय'तारेश'**

*कर्पूर गौरवं करुणावतारं,*
*संसार सारं भुजगेन्द्र हारं।*
*सदा वसंतं,हृदयारविंदं,*
*भवं भवानी सहितं नमामि।*

**33 कोटि** देवताओं में शिव ही महादेव कहलाए,क्योंकि तुलसी ने मानस में शिव की महानता और उदारता को रेखांकित करते हुए लिखा हैः-जरत सकल सुर वृंद,विषम गरल जेहि पान किय।
कस न भजिए मन मंद,को कृपाल संकर सरिस।

देव और दानवों ने समवेत रूप से रत्नों की प्राप्ति के लिए समुद्र मंथन किया,जिससे 14 रत्न निकलेः
श्री ,मणि,रंभा, वारुणि, अमिय, शंख, गजराज।
कल्पतरु,शशि ,धेनु,धनवंतरि, विष,बाज।

संसार के कल्याणार्थ देव और दानवों के समवेत अनुरोध पर शंकर ने विष का पान कर लिया और पास में बैठी पार्वती ने जब अपनी मांग के सिंदूर की सुरक्षा की बात कही,तो शंकर ने विष को अपने गले में रोक लिया। विष के प्रभाव से उनका कंठ नीला हो गया और वे नीलकंठ कहलाए।एक तरफ विषपान कर शिव ने विष के प्रभाव से जल रहे संसार के प्राणियों की रक्षा की तो दूसरी तरफ अपनी कंठ में ही विष रोक कर अपनी जीवन संगिनी पार्वती के सुहाग की रक्षा की,इसीलिए वे देव नहीं महादेव कहलाए।रहीम ने इस पौराणिक आख्यान को अपने एक दोहे में शिव की जगदीश्वरता और महत्ता को स्वीकार करते हुए लिखा हैः-

*मान सहित विष खाइ के,शंभु भए जगदीश।*
*बिना मान अमृत भखयो,राहु कटायो सीस।*

पौराणिक कथा है कि शिवजी के अनन्य भक्त मृकण्ड ऋषि संतानहीन होने के कारण दुखी थे।विधाता ने उन्हें संतान योग नहीं दिया था।

मृकण्ड ने सोचा कि महादेव संसार के सारे विधान बदल सकते हैं-भावी की मेटि सकहि त्रिपुरारि! इसलिए क्यों न भोलेनाथ को प्रसन्नकर यह विधान बदलवाया जाए।

मृकण्ड ने घोर तप की। भोलेनाथ मृकण्ड के तप का कारण जानते थे इसलिए उन्होंने शीघ्र दर्शन न दिया लेकिन भक्त की भक्ति के आगे भोले झुक ही जाते हैं;क्योंकि शिव भक्तों के लिए भोले और शत्रुओं के लिए भाले हैं।महादेव प्रसन्न हुए। उन्होंने ऋषि को कहा कि मैं विधान को बदलकर तुम्हें पुत्र का वरदान दे रहा हूं,



लेकिन इस वरदान के साथ हर्ष के साथ विषाद भी होगा,क्योंकि पुत्र अल्पायु(12 वर्ष का) होगा

भोलेनाथ के वरदान से मृकण्ड मुनि को पुत्र हुआ, जिसका नाम मार्कण्डेय पड़ा। इन्हीं के नाम पर मार्कण्डेय पुराण है,जिसमें शिव कथा के साथ मार्कण्डेय कथा भी है। ज्योतिषियों ने मृकण्ड को बताया कि यह विलक्षण बालक अल्पायु है। इसकी उम्र केवल 12 वर्ष की है।

ऋषि का हर्ष विषाद में बदल गया। मृकण्ड ने अपनी पत्नी को आश्वत किया- जिस ईश्वर की कृपा से संतान हुई है, वही भोले इसकी रक्षा करेंगे। भाग्य को बदल देना उनके लिए सरल कार्य है।

मार्कण्डेय बड़े होने लगे तो पिता ने उन्हें शिवमंत्र की दीक्षा दी। संसार की माताएं अपने पुत्रों की उम्र बढ़ने से प्रसन्न होती हैं लेकिन मार्कण्डेय की माता बालक की उम्र बढ़ने से चिंतित रहती थी क्योंकि उन्हें अपने बालक की उम्र ज्ञात थी। मृकण्ड ऋषि ने मार्कण्डेय के अल्पायु होने की बात बता दी थी।

मार्कण्डेय ने निश्चय किया कि माता-पिता के सुख के लिए उसी सदाशिव भगवान से दीघार्यु होने का वरदान लेंगे, जिन्होंने जीवन दिया है। बारह वर्ष पूरे होने को आए थे।

मार्कण्डेय ने शिवजी की आराधना के लिए महामृत्युंजय मंत्र की रचना की और शिव मंदिर में बैठकर इसका अखंड जाप करने लगे।

*ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम।*
*उवार्रुकमिव बन्धनात मृत्योर्मुक्षीय मामृतात।।*

समय पूरा होने पर यमदूत उन्हें लेने आए। यमदूतों ने देखा कि बालक महाकाल की आराधना कर रहा है तो उन्होंने थोड़ी देर प्रतीक्षा की ,मार्कण्डेय ने अखंड जप का संकल्प लिया था।

यमदूतों का मार्कण्डेय को छूने का साहस न हुआ और लौट गए। उन्होंने यमराज को बताया कि वे बालक तक पहुंचने का साहस नहीं कर पाए।

इस पर यमराज ने कहा कि मृकण्ड के पुत्र को मैं स्वयं लेकर आऊंगा। यमराज मार्कण्डेय के पास पहुंच गए।

बालक मार्कण्डेय ने यमराज को देखा तो जोर-जोर से महामृत्युंजय मंत्र का जाप करते हुए शिवलिंग से लिपट गया।

यमराज ने बालक को शिवलिंग से खींचकर ले जाने की चेष्टा की, तभी जोरदार हुंकार से मंदिर कांपने लगा. एक प्रचण्ड प्रकाश से यमराज की आंखें चौंधिया गईं।

शिवलिंग से स्वयं महाकाल प्रकट हो गए। उन्होंने हाथों में त्रिशूल लेकर यमराज को सावधान किया और पूछा तुमने मेरी साधना में लीन भक्त को खींचने का साहस कैसे किया?

यमराज महाकाल के प्रचंड रूप से कांपने लगे। उन्होंने कहा- प्रभु मैं आप का सेवक हूं। आपने ही जीवों से प्राण हरने का निष्ठुर कार्य मुझे सौंपा है।

भगवान चंद्रशेखर का क्रोध कुछ शांत हुआ तो बोले- मैं अपने भक्त की स्तुति से प्रसन्न हूं और मैंने इसे दीघार्यु होने का वरदान दिया है। तुम इसे नहीं ले जा सकते और

यम ने कहा- प्रभु आपकी आज्ञा सर्वोपरि है। मैं आपके भक्त मार्कण्डेय द्वारा रचित महामृत्युंजय का पाठ करने वाले को त्रास नहीं दूंगा।

महाकाल की कृपा से मार्कण्डेय दीघार्यु हो गए। उनके द्वारा रचित महामृत्युंजय मंत्र काल को भी परास्त करता है। सोमवार को महामृत्युंजय का पाठ करने से शिवजी की कृपा होती है और कई असाध्य रोगों एवम् मानसिक वेदना से राहत मिलती है।

### शिव लिंग और ज्योतिर्लिंग का रहस्य

शिव देवाधिदेव हैं,इसीलिए महादेव हैं।

भक्तों के लिए भोले और शत्रुओं के लिए भाले हैं।आमतौर पर शिवलिंग को गलत अर्थों में लिया जाता है, जो कि अनुचित है या उचित यह हम नहीं जानते। वायु पुराण के अनुसार प्रलयकाल में समस्त सृष्टि जिसमें लीन हो जाती है और पुनः सृष्टिकाल में जिससे प्रकट होती है उसे लिंग कहते हैं। इस प्रकार विश्व की संपूर्ण ऊर्जा ही लिंग का प्रतीक है।वस्तुतः यह संपूर्ण सृष्टि बिंदु-नाद स्वरूप है। बिंदु शक्ति है और नाद शिव। यही सबका आधार है। बिंदु एवं नाद अर्थात शक्ति और शिव का संयुक्त रूप ही तो शिवलिंग में अवस्थित है। बिंदु अर्थात ऊर्जा और नाद अर्थात ध्वनि। यही दो संपूर्ण ब्रह्मांड का आधार है। इसी कारण प्रतीक स्वरूप शिवलिंग की पूजा-अर्चना की जाती है। ब्रह्मांड का प्रतीक ज्योतिर्लिंग शिवलिंग का आकार-प्रकार ब्रह्मांड में घूम रही हमारी आकाश-गंगा की तरह है। यह शिवलिंग हमारे ब्रह्मांड में घूम रहे पिंडों का प्रतीक है, कुछ लोग इसे यौनांगों के अर्थ में लेते हैं और उन लोगों ने शिव की इसी रूप में पूजा की और उनके बड़े-बड़े पंथ भी बन गए हैं। ये वे लोग हैं जिन्होंने धर्म को सही अर्थों में नहीं समझा और अपने स्वार्थ के अनुसार धर्म को अपने सांचे में ढाला।

## पैहैं फल चारि फूल एक दै धतूरे को (महाशिवरात्रि की महिमा)

**डॉ तारेश**

**भारतीय** संस्कृति आस्था और भावना प्रधान रही है।व्रत एवम् त्योहार मनुष्य की आत्मा की पवित्रता को बनाए रखने में प्रबल सहायक हैं।यों तो भारतीय संस्कृति में व्रत एवम् त्योहारों की प्रचुरता है ,फिर भी देवाधिदेव महादेव की प्राप्ति के लिए महाशिवरात्रि का



विशेष महत्व है।यह अपनी आत्मा को पवित्र एवम् पुनीत करने का महाव्रत है।ऐसा करने से सब पापों का नाश हो जाता है।

.भारतीय मान्यतानुसार 33 कोटि देवताओं में शंकर इसलिए महादेव कहलाए, क्योंकि देवासुरों द्वारा समवेत रुप में किए गए समुद्र मंथन से निकले हलाहल को उनके विशेष अनुरोध पर अपने कंठ में धारण कर जलते हुए संसार के प्राणियों की रक्षा शिव ने सहर्ष की। जब पार्वती ने शिव से अपनी मांग के सिंदूर की बात कही, तो भोले भाले शिव ने विष को कंठ में रोक लिया।विष के प्रभाव से उनका कंठ नीला हो गया और वे नीलकंठ कहलाए।एक ओर विषपान कर शिव ने जरत सकल सुर वृंद की रक्षा की तो दूसरी ओर उसे कंठ में ही रोककर अपनी प्रिया पार्वती की मांग के सिंदूर को भी बचा लिया।उनके इस महान कृत की सबने भूरिशः प्रशंसा की और सबों ने उनका जय जय-कार किया।विषपान कर शंकर देव नहीं महादेव हो गए।कविवर रहीम ने एक दोहे में शिव की प्रशंसा करते हुए लिखा हैः

मान सहित विष खाए कै,शंभु भए जगदीश।
बिना मान अमृत भखयो,राहु कटायो सीस।।

शिव का अर्थ ही होता है- कल्याण कारक,मंगल कारक।मानव सभ्यता, चिंतन और कला का विकास जिन तीन मूल तत्वों की ओर आरंभ से ही उन्मुख रहा है,वे हैं -सत्यम् शिवं,सुंदरम।वैदिक साहित्य से लेकर अब तक दर्शन एवम् चिंतन की सारी परंपराएं इन्हीं तीन मूल्यों की सिद्धि में अग्रसर एवम् व्यस्त रही हैं।जो कुछ भी आडंबर रहित एवम् अकृत्रिम है,वह सत्य है।नंगी आंखो से दिखाई पड़ने वाली वास्तविकता सत्य है।दर्शन की शव्दावली में जो त्रिकाल में स्थित है, वह सत्य है।

शिव विश्व चेतना में निहित वह तत्व है,जो लोक मंगल की दिशा में उन्मुख करता है।मनुष्य को मनुष्य की ओर उन्मुख करने की भावना ही शिवम् है और सुंदरम सत्य और शिव को समेटकर चलने वाला वह अनुभूति और अभिव्यक्ति का उत्कर्ष है,जिससे आंनद की वर्षा होती है।सत्य का प्रकाश शिवम् की ज्योति से अनुप्राणित होकर सुंदरम की मनोहर अभिव्यक्ति करता है।सत्यम् शिवं सुंदरम इन तीनो का समन्वय जीवन को पूर्णता प्रदान करता है।छायावादी कविवर सुमित्रानंदन पंत ने सत्यम् शिवं और सुंदरम इन तीनो को एकत्र इन शव्दों में व्यक्त किया है;

**वही प्रज्ञा का सत्य स्वरूप,**
**हृदय में बनता प्रणय अपार।**
**लोचनों में लावण्य अनूप,**
**लोक सेवा में शिव अविकार।।**

भगवान् शिव देव होने के बाद भी अन्य देवों से भिन्न हैं।वे मानव मात्र के एकदम निकट हैं और ऐसा लगता है कि केवल उन्होंने ही मानव कल्याण की शपथ ली हो।अनेक संदर्भों में वे मानव व्यवहार के एकदम साम्य व्यवहार करते दिखाई पड़ते हैं।पिता के द्वारा अश्वमेध यज्ञ में सती के द्वारा देह त्याग के पश्चात उनके शव को अपने कंधो पर लिए वे विह्वल हो यहाँ वहाँ भटकते हैं।उनकी मृत्यु से वे जितना दुखी होते हैं,उससे वे देव न होकर मानव ही दिखाई देते हैं।अन्य देवों की अपेक्षा भगवान् शिव भौतिक सुखों की आसक्ति से हमेशा दूर ही रहे।वे हर समय देवताओं और मानवों की दानवो से रक्षा के लिए उद्यत ही रहे।उनके छोटे से मंत्र जप से साधक अनेक समस्याओं से मुक्त हो जाता है।देवाधिदेव शंकर भक्तों के लिए भोले और दुश्मनों के लिए भाले हैं तथा भांग एवम धतूरे के एक फूल से प्रसन्न हो जाते हैं और अपने भक्तो को चारो पुरुषार्थ( धर्म,अर्थ,काम और मोक्ष) प्रदान कर देते हैं।महाकवि पद्माकर ने उनकी इस उदारता की भूरिशः प्रशंसा की हैः

**देश नर किन्नर कितेक गुण गावत पै,**
**पावत न पार जा अंनत गुण पूरे को।**
**कहैं पद्माकर सु गाल कै बजावत ही,**
**काज करि देत जन जाचक जरूरे को।**
**चंद की छटान जुत पन्नग फटान जुत,**
**मुकुट बिराजै जटा जुटन के जुरे को।**
**देखो त्रिपुरारि की उदारता अपार जहाँ,**
**पैहैं फल चारि फूल एक दै धतूरे को।**

## भवानी शंकरौ वन्दे, श्रद्धा विश्वास रूपिणौ।

**डा जंग बहादुर पाण्डेय तारेश**

**भारतीय** संस्कृति आस्था और भावना प्रधान रही है।श्रद्धा और विश्वास इसके मूलाधार हैं।भवानी श्रद्धा और शिव विश्वास के प्रतीक हैं।

महाकवि तुलसी ने मानस में लिखा हैः

*भवानी शंकरौ वन्दे, श्रद्धा विश्वास रूपिणौ।*
*याभ्यां विना न पश्यन्ति सिद्धाःस्वान्तः स्थमीश्वरम।*

भारतीय वैदिक मान्यतानुसार 33 कोटि देवताओं में शंकर इसलिए महादेव कहलाए क्योंकि देवासुरों द्वारा समवेत रुप में किए गए समुद्र मंथन से निकले हलाहल को देवासुरों के आग्रह करने पर अपने कंठ में धारण कर उन्होंने जलते हुए संसार के प्राणियो की रक्षा की।पार्वती ने जब शिव से अपनी मांग के सिन्दूर की रक्षा की बात कही ,तो शंकर ने विष को कंठ में रोक लिया।विष के प्रभाव स्वरुप उनका कंठ नीला हो गया ।एक तरफ शिव ने विष पान कर :

**जरत सकल सुर वृंद, विषम गरल जेहि पान किए।**
**तेहि न भजसि मन मंद, को कृपाल संकर सरिस।।**

की रक्षा की, तो दूसरी तरफ उसे कंठ में ही रोक कर,अपनी प्रिया पार्वती की मांग के सिन्दूर को बचाया।उनके इस महान कार्य की सबने भूरिशः प्रशंसा की और सबों ने जय जय कार किया।

शंकर तभी से देव नहीं महादेव। कविवर रहीम ने अपने एक दोहे में इसका संकेत किया हैः

**मान सहित विष खाई कै,शंभु भए जगदीश।**
**विना मान अमृत भखयो,राहु कटायो शीश।।**

### शिव सत्यं,शिवं सुन्दरम् के विग्रह हैं

शिव का अर्थ ही होता है कल्याण कारक, मंगलपरक। शिव विश्व चेतना में निहित वह तत्व है ,जो लोक मंगल की दिशा में उन्मुख करता है।मनुष्य को



मनुष्य के हितार्थ उन्मुख करने की भावना ही शिवम् है।सत्य के संदर्भ में यह निर्विवाद तथ्य है कि जो आडंबर रहित और अकृत्रिम है -वह सत्य है।खुली आंखों से दिखाई पडने वाली वास्तविकता ही सत्य है।शंकराचार्य के मतानुसार जो त्रिकाल में स्थित है वह सत्य है और सुन्दरम् सत्यं और शिवं को समेटकर चलने वाला वह अनुभूति एवम् अभिव्यक्ति का उत्कर्ष है जिससे आनंद की वर्षा होती है।सत्य का प्रकाश शिवं की ज्योति से अनुप्राणित होकर सुन्दरम् की मनोहर अभिव्यक्ति करता है।सत्यं शिवं सुन्दरम् इन तीनो का समन्वय मानव जीवन को पूर्णता प्रदान करता है, मानवीय मूल्यों को एक स्थायी रुप देता है। शिव इसी के विग्रह हैं।छायावादी एवम् प्रकृतिवादी कवि सुमित्रानंदन पंत ने सत्यं शिवं सुन्दरम् को इन शब्दों में एकाकार किया हैः

वही प्रज्ञा का सत्य स्वरूप,
हृदय में बनता प्रणय अपार।
लोचनों में लावण्य अनूप,
लोक सेवा में शिव अविकार।।

शिव शंकर राजनीति विशारद भी हैं।

कविवर तारेश ने एक सवैया में इसका सप्रमाण उल्लेख किया हैः मूसे पर सांप राखैं,सांप पर मोर राखैं बैल पर सिंह राखैं,वाको कहाँ भीति है?
पूतन कौ भूत राखैं,भूत कौं विभूति राखैं
छ मुख को गज मुख,यहै बडी नीति है।
काम पर वाम राखैं,विष को पीयूष राखैं,
आग पर पानी राखैं,सोई जग जीति हैं।
कवि तारेश देखो ,ज्ञानी शंकर की सावधानी,
सब विधि लायक,पै राखैं राजनीति हैं।

अर्थात राजनीति में परस्पर विरोधियों में सामंजस्य रखना परम अपेक्षित है।

शिव ने चूहा पर नियंत्रण के लिए सर्प,सर्प पर नियंत्रण के लिए मोर(कार्तिकेय का वाहन),बैल पर नियंत्रण के लिए शेर (दुर्गा की सवारी)

बच्चों के उत्पात पर नियंत्रण के लिए, भूत प्रेत ,भूतों पर नियंत्रण के श्मशान की विभूति, छःमुख (कार्तिकेय)के लिए गज मुख (गणेश)यही उनकी बडी नीति है।काम को नियंत्रित करने के लिए वाम भाग में पार्वती को,विष के प्रभाव को खत्म करने के लिए माथे पर सुधाकर को तथा विष से आग न लगे एतदर्थ जटा में पतित पावनी गंगा को धारण किए रहते हैं।सब प्रकार से योग्य एवम् लायक होते हुए भी ज्ञानी शंकर ने संसार में समरसता बनाए रखने के लिए तथा संसारवासियों को संतुलन और समरसता का पाठ पढाने के लिए अपने परिवार में सावधानी की राजनीति कायम रखी है,क्योंकि वे जानते हैं "कि सावधानी हटी दुर्घटना घटी आजकल के राजनीतिज्ञ चाहें तो शंकर भगवान से सावधानी की राजनीति या राजनीति की सावधानी की शिक्षा ले सकते हैं।क्योंकि शंकर तो आशुतोष हैंअर्थात शीघ्र प्रसन्न होने वाले।


संसारवासियों के लिए इस करोना काल में देवाधिदेव महादेव से मेरी करवद्ध प्रार्थना हैः

**शिवलिंग का अर्थ है** भगवान शिव का आदि-अनादि स्वरूप। शून्य, आकाश, अनन्त, ब्रह्माण्ड और निराकार परमपुरुष का प्रतीक होने के कारण इसे लिंग कहा गया है। 'स्कन्द पुराण' में कहा है कि आकाश स्वयं लिंग है। धरती उसका पीठ या आधार है और सब अनन्त शून्य से पैदा हो उसी में लय होने के कारण इसे लिंग कहा है। वातावरण सहित घूमती धरती या सारे अनन्त ब्रह्माण्ड (ब्रह्माण्ड गतिमान है) का अक्स/धुरी ही लिंग है। पुराणों में शिवलिंग को कई अन्य नामों से भी संबोधित किया गया है जैसे- प्रकाश स्तंभ लिंग, अग्नि स्तंभ लिंग, उर्जा स्तंभ लिंग, ब्रह्माण्डीय स्तंभ लिंग आदि। लेकिन बौद्धकाल में धर्म और धर्म-ग्रंथों के बिगाड़ के चलते लिंग को गलत अर्थों में लिया जाने लगा जो कि आज तक प्रचलन में है।

ज्योतिर्लिंग ज्योतिर्लिंग उत्पत्ति के संबंध में पुराणों में अनेक मान्यताएं प्रचलित हैं। वेदानुसार ज्योतिर्लिंग यानी 'व्यापक ब्रह्मात्मलिंग' जिसका अर्थ है 'व्यापक प्रकाश'। जो शिवलिंग के 12 खंड हैं। शिवपुराण के अनुसार ब्रह्म, माया, जीव, मन, बुद्धि, चित्त, अहंकार, आकाश, वायु, अग्नि, जल और पृथ्वी को ज्योतिर्लिंग या ज्योति पिंड कहा गया है।

आसमानी पत्थर ऐतिहासिक प्रमाणों के अनुसार विक्रम संवत के कुछ सहस्राब्दी पूर्व संपूर्ण धरती पर उल्कापात का अधिक प्रकोप हुआ। आदि मानव को यह रुद्र (शिव) का आविर्भाव दिखा। जहां-जहां ये पिंड गिरे, वहां-वहां इन पवित्र पिंडों की सुरक्षा के लिए मंदिर बना दिए गए।

**ई है टाटा नगरिया, देख बबुआ...**



जमशेदपुर से सटे दलमा पहाड़ के शिखर पर गुफा में शिवलिंग प्राकृतिक रुप से बना हुआ है। यहां पर अब बाबा का भव्य मंदिर भी बन गया है। आज महाशिव रात्रि को देखते हुए हजारों भक्त पैदल ही दलमा पहाड़ पर ट्रैकिंग करते हुए शिखर पर पहुंचेंगे और अहले सुबह से लेकर दिन भर वहां के प्राकृतिक शिव लिंग पर जलाभिषेक करेंगे। दलमा शिव मंदिर का एक भव्य तस्वीर आपके लिए।

# रांची में होगा डिफेंस एक्सपो, जमशेदपुर-आदित्यपुर की एंसीलरियों को मिलेगा एक्सपोजर : संजय सेठ

- जमशेदपुर सिटिजंस फोरम के सेमिनार को रक्षा राज्य मंत्री सह रांची सांसद ने किया संबोधित

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**गम्हरिया।** आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र(एआईए) देश के सबसे बड़े औद्योगिक ठिकानों में से एक है। यह लगभग 33000 एकड़ में फैला हुआ है। इसका औद्योगिक आधार फोर्जिंग, कास्टिंग, शीट मेटल वर्क, ऑटो और स्टील सेक्टर की जरूरतों को पूरा करने में माहिर है। सबसे बड़ा और सबसे पुराना औद्योगिक आधार होने के बावजूद, देश के अन्य औद्योगिक ठिकानों की तुलना में इसका विकास बहुत धीमा है। आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र को देश में हो रहे तेज औद्योगिकीकरण के साथ तालमेल बिठाने की जरूरत है। इसे रक्षा, आईटी, लॉजिस्टिक्स रेलवे आदि जैसे कई नए उभरते क्षेत्रों का हिस्सा नहीं मिला जो वर्तमान परिदृश्य में तेजी से बढ़ रहे हैं। इसके कई कारण हो सकते हैं। उभरते औद्योगिक परिदृश्य का लाभ उठाने के लिए युवाओं और नई पीढ़ी के उद्यमियों की भागीदारी समय की मांग है, ताकि औद्योगिक क्षेत्र का बेहतर विकास और उत्थान हो सके।

इसी बात को ध्यान में रखते हुए जमशेदपुर सिटीजन फोरम ने गत 21 फरवरी को आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र में राष्ट्रीय सुरक्षा में युवाओं की भूमिका और रक्षा में अवसर विषय पर एक सेमिनार का आयोजन ऑटो कलस्टर में किया। उंक्त सेमिनार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने संबोधित किया। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने



रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ के साथ फोरम के अध्यक्ष एके श्रीवास्तव और सचिव कमांडर संजीव रमण।

कहा कि रक्षा क्षेत्र में प्रवेश की आशंका को उचित संचार के माध्यम से ही दूर किया जा सकता है। मंत्री ने बताया कि इस दिशा में पहला कदम रांची में रक्षा एक्सपो आयोजित करना है। भारतीय और विदेशी कंपनियों द्वारा अपने उत्पाद प्रदर्शित करने से उद्योगपतियों को इस क्षेत्र की संभावनाओं के बारे में जानकारी मिलेगी। दूसरा, बी2बी बिजनेस मीटिंग का अवसर प्राप्त करना। इससे रक्षा उत्पादों और घटकों के उत्पादन में बेहतर उपयोग के लिए मौजूदा बुनियादी ढांचे की उपयोगिता को समन्वित करने में मदद मिलेगी। उपर्युक्त गतिविधियों से निश्चित रूप से देश में रक्षा क्षेत्र में हो रही गतिविधियों की तीव्रता के बारे में जागरूकता पैदा होगी। इससे उद्योगपतियों के मन में इस क्षेत्र के बारे में जो बेड़ियाँ हैं, वे टूट जाएंगी। यह कदम आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र की गतिविधियों के दायरे को बढ़ाने में उत्प्रेरक की भूमिका निभाएगा। उन्होंने बताया कि यह सशस्त्र बलों, डीआरडीओ प्रयोगशालाओं, ओएफबी और पीएसई के साथ सीधा संवाद स्थापित करने मंड मदद करेगा जो महत्वपूर्ण है। इसके अलावा सशस्त्र बलों ने पूरे देश में स्वदेशीकरण सेल की स्थापना की है, जो उद्योगपतियों को उत्पाद और घटक स्तर की आवश्यकताओं को समझने में मदद करता है। उनसे बातचीत करके पूरी रक्षा खरीद प्रक्रिया को सीधे तौर पर समझा जा सकता है। डिजाइनिंग, प्रोटोटाइप परीक्षण में प्रारंभिक विकास लागत को सशस्त्र बलों द्वारा किस हद तक वित्त पोषित किया जाता है, यह समझा जा सकता है कि प्रारंभिक निवेश लागत को कम किया जा सकता है। आम तौर पर लोगों को यह धारणा होती है कि इन लागतों की प्रतिपूर्ति नहीं की जाती है, जो सच नहीं है।

## स्पीड न्यूज

### गम्हरिया में सवा लाख पार्थिव लिंग पूजनोत्सव

**गम्हरिया।** महाशिवरात्रि के मौके पर मिथिला विकास मंच की ओर से छोटा गम्हरिया स्थित दूगार्पूजा मैदान में सवा लाख पार्थिव शिवलिंग पूजनोत्सव सह विद्यापति स्मृति समारोह का भव्य आयोजन किया गया है। मौके पर काफी संख्या में समाज के लोगों को आमंत्रित किया गया है। मंच के अध्यक्ष फूलकांत झा ने बताया कि मंच कवि कोकिल विद्यापति को श्रद्धांजलि दी जायेगी। समाज के सदस्य विद्यापति की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे।

### चांडिल : ओमी स्कूल में लगी विज्ञान प्रदर्शनी




**चांडिल।** मंगलवार को चांडिल के ओमी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में साइंस एग्जीबिशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चांडिल के मुखिया मनोहर सिंह सरदार पहुंचे। मुखिया मनोहर सिंह ने कहा इस तरह के आयोजन से बच्चे अपने कौशल को अच्छी तरह से दिखा पाते हैं और सभी छात्रों को विभिन्न प्रकार का कौशल दिखाने का अवसर प्राप्त होता है। प्राचार्य सुमन लता ने कहा स्कूल प्रबंधन ने इस इवेंट का आयोजन किया है। मुखिया मनोहर सिंह ने सभी छात्रों को पुरस्कृत किया।

### विजया एकादशी पर भजन कीर्तन आयोजित

**चांडिल।** छोटी सी ध्वजा सिल्वा दे ओ मम्मी, खाटु जी की टिकट बनवा दे, मैं भी खाटु धाम जाऊँगा के भजन के साथ फाल्गुन महोत्सव धूमधाम से चांडिल श्री श्याम मंदिर मे मनाया जा रहा है। फाल्गुन महीना के विजया एकादशी के अवसर पर श्री श्याम कला भवन चांडिल के तत्वावधान मे आयोजित भजन संकीर्तन में सभी श्याम प्रेमी झूमते नाचते बाबा श्याम का जयकारा लगा रहे। पुरे फाल्गुन माह भजन कीर्तन के साथ बाबा श्याम का विभिन्न फूल एवं फलों से बाबा श्याम का श्रृंगार किया जाएगा।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# तेलंगाना सुरंग हादसा : झारखंड से पहुंचे परिजन, सुरक्षित वापसी की उम्मीद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** तेलांगना के एसएलबीसी सुरंग में फंसे झारखंड के चार मजदूरों के परिजन घटनास्थल पर पहुंच गये। प्रशासन ने उन्हें घटना की पूरी जानकारी दी है। झारखंड से वहां पहुंचे लोगों में सुरंग में मजदूर संदीप साहू, जगदा जेस, संतोष साहू और अंजू साहू के परिजन हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें हादसे के दिन ही सूचना दे दी गयी थी। जिला प्रशासन उन्हें लेकर श्रीशैलम पहुंचा।

मजदूरों के परिजनों को उम्मीद है कि उनके अपनों को लेकर वापस लौट आयेंगे। झारखंड के चार मजदूर के परिजनों ने बताया कि जिला प्रशासन सारा खर्च वहन करते हुए उन्हें यहां ले आया। उन्होंने चल रहे राहत प्रयासों पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में 17 दिनों के बाद



41 लोगों को सुरक्षित बचाया गया था। उन्होंने उम्मीद जताई है कि अगर बचाव अभियान सफल रहा तो उनके परिवार के सदस्य भी जीवित बच जायेंगे।

**बचाव अभियान तेज :** श्रीशैलम की सुरंग में फंसे 8 लोगों को बचाने के लिए बचाव अभियान तेज हो गया है।

पानी और कीचड़ जैसी बाधाओं के बीच सरकार वैकल्पिक रास्ते तलाश रही है। रैट माइनर्स भी बचाव में लग गये हैं। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण और एनजीआरआई ने ऊपर या किनारे से सुरंग में प्रवेश की संभावना पर विशेषज्ञ की मदद भी मांगी है। उनकी रिपोर्ट के आधार पर बचावकर्मी आगे बढ़ रहे हैं। इसके अलावा भारतीय नौसेना और एनडीआरएफ प्रायोगिक तौर पर दुर्घटना स्थल पर पहुंचने की कोशिश करेगी। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, भारतीय नौसेना, भारतीय सेना, हाइड्रा और रैट होल माइनर्स सहित कई सहायता टीमें श्रीशैलम बाएं तट नहर सुरंग मार्ग में लक्ष्य क्षेत्र तक पहुंचने के लिए अथक प्रयास कर रही हैं। अभी तक राहत टीमें साढ़े तेरह किलोमीटर तक ही पहुंच सकी हैं। रैट माइनर्स की टीम ने बताया कि बांस की बल्लियों और थर्मोकोल की चादरों से वहां जाने की कोशिश की जा रही है।

जहां पर हादसा हुआ है वहां करीब छह फीट की ऊंचाई तक मोटी मिट्टी जमा हो गयी है। उस बैरियर को पार करने के बाद ही हादसे में शामिल टीबीएम के अगले हिस्से और उसमें फंसे 8 लोगों तक पहुंचा जा सकेगा। रैट माइनर्स की टीम टनल में 40 मीटर तक ही आगे पहुंच सके।

### कोलकता में हुई जेडआरयूसीसी की बैठक : रांची से विभिन्न शहरों के लिए नई ट्रेन चलाने व फेरा बढ़ाने की रखी गयी मांग

**रांची।** दक्षिण पूर्व रेलवे जेडआरयूसीसी की बैठक मंगलवार को कोलकता में महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में रांची के वरीय भाजपा नेता सह जेडआरयूसीसी सदस्य सतीश सिन्हा भी शामिल हुए। बैठक में सिन्हा ने रांची, हटिया व टाटासिल्वे स्टेशनों की कई समस्याओं को उठाते हुए इस पर अविलंब कार्रवाई की मांग की। सिन्हा ने रांची व हटिया से देश के विभिन्न शहरों के लिए नई ट्रेन शुरू करने व पहले से चल रही ट्रेनों का परिचालन बढ़ाने की मांग रखी। सतीश सिन्हा ने टाटीसिल्वे स्टेशन के डाउन प्लेटफार्म को ठीक करने, नया फुटओवरब्रिज बनाने, राजधानी, गरीब रथ व पटना जनशताब्दी एक्सप्रेस सहित कई प्रमुख ट्रेनों का यहां ठहराव देने की मांग रखी। सुरक्षा के दृष्टिकोण से रांची स्टेशन के सकुर्लेटिंग एरिया में सीसीटीवी कैमरा लगाने व शौचालय की व्यवस्था की मांग की।

**नई ट्रेनों की मांग के साथ फेरा बढ़ाने को कहा :** उन्होंने रांची से कटरा, रांची से रामेश्वरम, रांची-हरिद्वार-देहरादून, रांची- अहमदाबाद, रांची- से नगर उंटरी तक प्रतिदिन इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन चलाने की मांग की। साथ ही धनबाद-लुधियाना गंगा सतलूज एक्सप्रेस का रांची तक विस्तार, हटिया-बंगलुरु को प्रतिदिन करने, हटिया-लोकमान्य तिलक व हटिया-पुणे व रांची-लोहरदगा चोपन एक्सप्रेस को प्रतिदिन करने की मांग की। उन्होंने रांची-चोपन व रांची-सासाराम एक्सप्रेस में कोच की संख्या बढ़ाने की मांग की। रांची व हटिया स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं में बढ़ोतरी को लेकर कई सुझाव दिए व मांग रखी।

## झारखंड में शीश महल बनाने जा रही हेमंत सरकार : भाजपा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री आवास को ढाहे जाने के बाद भाजपा ने सरकार पर हमला बोल दिया है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने आरोप लगाया है कि हेमंत सोरेन सरकार दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार से प्रेरित होकर झारखंड में अपने लिये शीशमहल बनाने की तैयारी की है। सूचना आ रही है कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी अरविंद केजरीवाल का अनुसरण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आधिकारिक मुख्यमंत्री आवास में ढाई दशक में कई मुख्यमंत्री रहे हैं। मुख्यमंत्री आवास को भवन निर्माण प्रमंडल-1 ने टेंडर निकालकर जमींदोज कर दिया। भवन को गिराने का काम जारी है। उन्होंने कहा यह ऐतिहासिक धरोहर था। यहां झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री से लेकर अनेक मुख्यमंत्री ने यहां रह चुके हैं। उन्होंने कहा कि हेरिटेज भवन को ध्वस्त करने का क्या औचित्य था। आवास परिसर में बने हनुमान मंदिर की भव्यता पर न आये आंच। उन्होंने कहा कि अब विभाग की लगातार उच्चस्तरीय बैठकें हो रही हैं। ताकि नये भवन का डीपीआर बन सके। उन्होंने कहा कि जानकारी मिल रही है कि दिल्ली के शीशमहल की तर्ज पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लिए भी अत्याधुनिक सुख-सुविधा से लैस शीशमहल बनाने की चर्चा हो रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आवास के परिसर में हनुमान मंदिर है। इस मंदिर से अगर किसी तरह की छेड़छाड़ हुई, तो इसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

उन्होंने कहा जिस प्रदेश में डेढ़ वर्ष में एक भी अबुआ आवास का गृह प्रवेश नहीं हुआ। जिस प्रदेश में आज भी बड़ी संख्या में लोगों के सिर पर छत नहीं है। ऐसे राज्य में अगर ऐसी फिजूलखर्ची करने की सरकार सोच रही है, तो यह प्रदेश के आदिवासी-मूलवासी के साथ क्रूर मजाक होगा। उन्होने सत्ताधारी गठबंधन से मांग की है कि वे रांची में बनने वाले शीशमहल पर स्थिति स्पष्ट करें।

### प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के. राजू ने बापू वाटिका में बापू को दी श्रद्धांजलि जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान का किया ऐलान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के. राजू एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश मंगलवार को मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका पहुंचे, जहां उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने बापू को नमन करते हुए उनके विचारों और सिद्धांतों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

इस मौके पर मीडिया से बात करते हुए के. राजू ने घोषणा किया की कांग्रेस पार्टी जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान शुरू करेगी, जिसके तहत संविधान के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव भारतीय संविधान के सिद्धांतों के अनुरूप कार्य करेगी और इसके मूल्यों को पूर्ण निष्ठा से स्वीकारेगी। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान हमारे देश की आत्मा है, जिसे बाबा साहब भीमराव अंबेडकर, पंडित जवाहरलाल नेहरू, महात्मा गांधी और अन्य स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान से आकार मिला। कांग्रेस पार्टी इस संविधान की रक्षक रही है और इसके सिद्धांतों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

के. राजू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हर कदम पर गांधी जी के आदर्शों और बाबा साहब द्वारा निर्मित संविधान को प्राथमिकता देती है। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प है कि हम संविधान की रक्षा करेंगे, उसके मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाएंगे और एक समानतापूर्ण, न्यायसंगत समाज की स्थापना में अपना योगदान देंगे।

### रात के 10 से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर, डीजे और अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग पर रोक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची में रात के दस बजे से सुबह के छह बजे तक लाउड स्पीकर, डीजे और अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग पर रोक लगाया गया है। इसको लेकर एसएसपी चंदन सिन्हा के द्वारा आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम-2000 की धारा-2 के आलोक में हाइकोर्ट द्वारा स्पष्ट दिशा-निर्देश दिया गया है। ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उक्त प्रतिबंधित अवधि के दौरान प्रयोग किये जाने की सूचना रांची पुलिस के कंट्रोल रूम के फोन नंबर- 9798300836 और 898779664 पर अथवा डायल-112 पर दी जा सकती है। सूचनादाता की पहचान गोपनीय रखी जायेगी। प्रतिबंधित अवधि में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोगकर्ता और संचालको के विरूद्ध विधि-सम्मत कारवाई करने का निर्देश जिले के सभी थाना प्रभारी को दिया गया है।

## झाप्रसे के रिटायर्ड अफसर को दिये गये दंड को राज्य सरकार ने बरकरार रखने का फैसला किया

- तीन वेतन वृद्धि संचयात्मक प्रभाव से रोकने का दिया गया था दंड

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य सरकार ने झारखंड प्रशासनिक सेवा (झाप्रसे) से सेवानिवृत्त अधिकारी पूनम कुमारी झा को दिए गए दंड को बरकरार रखने का फैसला लिया है। उनके खिलाफ आरोप है कि उन्होंने अंचल अधिकारी ठाकुरगंज के पद पर रहते हुए अभिलेख खोलकर राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के एक पत्र को आधार मानकर चाय की खेती के लिए 8 आवेदकों के साथ सरकारी भूमि की अस्थायी लीज बंदोबस्ती के लिए अनुशंसा की थी।

**क्या है सरकार का आदेश**

मामले पर जांच हुई और उनकी तीन वेतन वृद्धि संचयात्मक प्रभाव से रोकने का दंड दिया गया। इस पर उन्होंने कोर्ट की शरण ली, लेकिन वहां से पारित आदेश की समीक्षा के बाद भी उक्त दंड को यथावत रखने का फैसला लिया गया है। इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है।

**क्या है आरोप :** सरकार का मानना है कि इस कार्य के लिए वे सक्षम पदाधिकारी नहीं थीं। इस मामले में राजस्व भूमि सुधार विभाग के गाइडलाइन का भी उल्लंघन किया गया। यह आरोप है कि 1995 में उद्योग इकाई की स्थापना के लिए पांच एकड़ भूमि चिंहित की गयी थी।

लेकिन अंचल अधिकारी ने उक्त जमीन व्यक्ति विशेष को लाभ पहुंचाने के लिए चाय की खेती के लिए लीज बंदोबस्ती की अनुशंसा की। इसके अलावा गैर मजरूआ जमीन की बंदोबस्ती चाय की खेती के लिए करने सहित कई आरोप थे।

## एक नजर में

### रूडी पहुंचे जमशेदपुर, बजट पर व्याख्यान आज



**जमशेदपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सह सारण लोकसभा क्षेत्र के सांसद राजीव प्रताप रूडी के मंगलवार संध्याकाल में जमशेदपुर आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा के नेतृत्व में कार्यकताओं ने उन्हें पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया और लौहनगरी आगमन पर गर्मजोशी से स्वागत किया। मौके पर झारखंड भाजपा के आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक जेपी शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने सांसद राजीव प्रताप रूडी के शहर आगमन को जमशेदपुर के लिए महत्वपूर्ण अवसर बताया और कहा कि उनकी मौजूदगी में आर्थिक नीतियों और केंद्रीय बजट 2025 के विभिन्न पहलुओं पर महत्वपूर्ण विचार-विमर्श एवं परिचर्चा की जाएगी। बता दें कि झारखंड प्रदेश भाजपा के आर्थिक प्रकोष्ठ द्वारा केंद्रीय बजट 2025 के विभिन्न पहलुओं पर गहन मंथन हेतु जमशेदपुर महानगर में विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया है। यह आयोजन बुधवार को बिस्टुपुर स्थित सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स भवन में संपन्न होगा, जिसमें भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सारण (बिहार) लोकसभा क्षेत्र के सांसद राजीव प्रताप रूडी मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ सुबह 11 बजे होगा, जहां शहर के प्रमुख व्यवसायी, उद्यमी, उद्योग संगठनों के प्रतिनिधि व भाजपा नेतागण मौजूद रहेंगे। इस दौरान केंद्रीय बजट 2025 की नीतिगत पहल, कर सुधारों, आर्थिक विकास पर प्रभाव और व्यावसायिक संभावनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की जायेगी।

### झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच का दो दिवसीय खेल महोत्सव आयोजित



**जमशेदपुर।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच द्वारा आयोजित दो दिवसीय खेल महोत्सव सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जमशेदपुर शाखा के आतिथ्य में हुए इस आयोजन में रांची, धनबाद, देवघर, झरिया, जामताड़ा, भागा, केंदुआ, चाईबासा सहित कई क्षेत्रों से आए लगभग 80 खिलाड़ियों ने क्रिकेट, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कैरम और चेस जैसी प्रतिस्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। क्रिकेट टूनार्मेंट कॉपरेटिव कॉलेज ग्राउंड में हुआ। बैडमिंटन (सिंगल एवं डबल) मोहन आहुजा इनडोर स्टेडियम में हुआ। टेबल टेनिस, कैरम और चेस की प्रतियोगिताएं राजस्थान भवन, बिष्टुपुर में हुईं। खेल परिणाम :- क्रिकेट में मंडल 1 विजेता, मंडल 3 उपविजेता रहा। बैडमिंटन में कीर्तन अग्रवाल (सिंगल विजेता), कीर्तन अग्रवाल एवं हेमंत अग्रवाल (डबल विजेता) रहे। टेबल टेनिस में हिमांशु चितलंगिया (सिंगल विजेता), हिमांशु एवं हर्षित चितलंगिया (डबल विजेता) बने। चेस में केशव चौखानी विजेता तथा कैरम में सनी जैन विजेता रहे। समापन समारोह में विजेताओं को ट्रॉफी, मेडल और प्रमाण पत्र दिये गये।

### गोलमुरी में हुई मॉब लिंचिंग को लेकर शांति समिति के साथ थानेदार ने की बैठक



**जमशेदपुर।** गोलमुरी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक गोलमुरी थाना प्रभारी राजन कुमार की अध्यक्षता में शाम 5 बजे हुई जिसमें महाशिवरात्रि पर चर्चा की गई तथा मॉब-लिंचिग पर सभी ने विचार व्यक्त किये और ऐसी घटनाओं पर शांति समिति द्वारा सहयोग किया जायेगा तथा इसके लिए थाना के क्षेत्र में लोगों को थाना प्रभारी की अध्यक्षता में जागरूक करने का काम किया जायेगा। बैठक में थाना प्रभारी श्री राजन कुमार के अलावा शांति समिति की ओर से मोहम्मद फैयाज, बिपिन झा, सुनील कुमार, परबिंदर सिंह सोहल, इंदरजीत गुहा, जसबीर सिंह, अमिया ओझा, बंटी अग्रवाल, मोहम्मद निजामुद्दीन, सबिता सिंह, गुरदीप सिंह काक्के, मोहम्मद वाहिद बाबला, गुरुमिलन, सुखदेव सिंह मल्ली, राजेश कुमार मिश्रा, रंजीत सिंह, बलबीर सिंह बबलू, सुब्रत चौधरी, अशोक कुमार, रामबालक चौधरी, दलबीर सिंह, कलावती देवी के अलावा थाना के पदाधिकारी भी शामिल थे।

### बागबेड़ा में पानी कनेक्शन देने के नाम पर की जा रही है अवैध वसूली, उपायुक्त से शिकायत

**जमशेदपुर।** बागबेड़ा जलापूर्ति योजना का कनेक्शन देने के नाम पर 10 हजार से 20 हजार रुपये वसूले जा रहे हैं किन्तु लोगों को पावती रसीद नहीं दी जा रही है। इस शिकायत को लेकर आज एक प्रतिनिधिमंडल डीसी अनन्य मित्तल से मिला और शिकायत पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में विनोद कुमार राम, पवित्रा देवी, सूरज ओझा, कृष्ण सिंह, डॉ अनिल मिश्रा शामिल थे। यह भी बताया गया कि विनोद राम को झूठे मुकदमा में फसाने का मुखिया ने धमकी दी है। पवित्रा देवी ने खुलकर विरोध किया और उपायुक्त को लिखित में शिकायत की। उपायुक्त से मिलने जाने वाले में प्रमुख रूप से मंजीत देवी, राखी पांडे, विषम कुमार, मनोज सिंह, प्रमोद शर्मा रीता सिंह एवं काफी संख्या में बस्ती वासी शामिल थे।

### सीआईडी के साइबर सेल में 19 सब इंस्पेक्टर प्रतिनियुक्त

**रांची।** झारखंड पुलिस मुख्यालय ने सीआईडी के साइबर सेल में 19 सब इंस्पेक्टर रैंक के पुलिस अधिकारियों को नियुक्त किया है। डीजीपी के आदेश के बाद डीआईजी कार्मिक ने इस संबंध में आदेश जारी किये हैं। जिन अधिकारियों को नियुक्त किया गया है, उनमें दुर्गेश कुमार, नीरज कुमार, आकांक्षा प्रिया, पंकज कुमार सिंह, एस सन्नी, विकास कुमार राणा, रोहित कुमार, अमित कुमार, सुभाष कुमार, बसंत कुमार पांडेय, दिनेश पासवान, आशुतोष पांडे, सौरभ कुमार, निजामुद्दीन अंसारी, लीना कुमारी सोरेन, पंकज कुमार, दीपक रवानी, कुंदन कुमार साव और राजेश कुमार चौधरी शामिल हैं।



# पाक के खराब प्रदर्शन पर गावस्कर बोले- भारतीय 'बी' टीम को हराना भी कठिन

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम को चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होने के बाद लगातार आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है और अब पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर ने भी उसके मजे लिए हैं। गावस्कर का कहना है कि पाकिस्तान को भारतीय बी टीम को हराने के लिए भी संघर्ष करना पड़ेगा। रोहित शर्मा की अगुआई वाली भारतीय टीम ने रविवार को दुबई में खेले गए चैंपियंस ट्रॉफी के मैच में गत चैंपियन पाकिस्तान छह विकेट से हराया था।

### पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर

पाकिस्तान इस टूनार्मेंट में खिताब के बचाव के इरादे से उतरा था, लेकिन उसे ग्रुप ए के मैच में न्यूजीलैंड और फिर भारत से हार का सामना करना पड़ा। न्यूजीलैंड ने सोमवार को बांग्लादेश को हराया जिससे पाकिस्तान की सभी उम्मीदें धूमिला हो गईं। पाकिस्तान इस टूनार्मेंट में अभी तक एक भी मैच नहीं जीता है और ग्रुप चरण के अंतिम मैच में उसका सामना 27 फरवरी को बांग्लादेश से होगा। पाकिस्तान 1996 के बाद पहली बार किसी आइसीसी टूनार्मेंट की मेजबानी कर रहा है, लेकिन पाकिस्तान टीम घर में ही जीत दर्ज नहीं कर सकी। पाकिस्तान ने 2017 में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी, लेकिन उसके बाद से टीम का प्रदर्शन गिरता चला गया।



### पाकिस्तान की बेंच स्ट्रेंग्थ कमजोर

गावस्कर ने एक कहा, मेरे ख्याल से भारत की बी टीम पाकिस्तान को कड़ी टक्कर दे सकती है। सी टीम के लिए मैं यकीन से नहीं कह सकता है, लेकिन पाकिस्तान की मौजूदा फॉर्म को देखते हुए उसके लिए भारत की बी टीम को हराना भी काफी कठिन होगा। पाकिस्तान की बेंच स्ट्रेंग्थ में कमी आश्चर्य करती है। पाकिस्तान के पास हमेशा से ही स्वाभाविक प्रतिभा वाले खिलाड़ी रहे हैं। भले ही उनकी तकीन सही नहीं रही हो, लेकिन बल्ले और गेंद को लेकर उनकी समझ अच्छी रहती है। उदाहरण के तौर पर इंजमाम उल हक को देखिए। अगर आप उनके स्टांस देखेंगे तो किसी युवा बल्लेबाज को सलाह नहीं देंगे, लेकिन उनकी लय शानदार थी। **आर्थटन बोले- भारत-पाकिस्तान प्रतिस्पर्धा अब एकतरफा :** भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबले को लेकर सभी को इंतजार रहता है, लेकिन इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल आर्थटन का मानना है कि दोनों टीमों के बीच अब यह प्रतिस्पर्धा एकतरफा हो गई है जिस कारण इसे लेकर ज्यादा हाइप नहीं हो रहा। आर्थटन ने कहा, यह अब पूरी तरह एकतरफा मुकाबला हो गया है। लंबे समय से अब इसका नतीजा तय ही रहने लगा है। पाकिस्तान की बल्लेबाजी लाइन-अप न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले मैच में अच्छी नहीं दिखी।

**गावस्कर बोले- अच्छे खिलाड़ियों के लिए संघर्ष कर रहा पाकिस्तान :** गावस्कर ने साथ ही कहा कि पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) और घरेलू सीमित ओवर के टूनार्मेंट के बावजूद पाकिस्तान अच्छे खिलाड़ियों के लिए संघर्ष कर रहा है। उन्होंने कहा, भारत ने सीमित ओवर के क्रिकेट में इतने सारे युवा खिलाड़ी कैसे तैयार कर लिए इसका कारण आइपीएल है। आईपीएल के खिलाड़ी रणजी ट्रॉफी और भारत के लिए भी खेल रहे हैं। पाकिस्तान क्रिकेट को इस बारे में विश्लेषण करना चाहिए। उन्हें इस बारे में विचार करना होगा कि उनके पास अब मजबूत बेंच स्ट्रेंग्थ क्यों नहीं है।

# बारिश से धुला द. अफ्रीका-आस्ट्रेलिया मैच, रोमांचक हुई ग्रुप बी की जंग



**ग्रुप ए की अंक तालिका**

| टीम | खेले | जीते | हारे | अंक | नेट रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|
| न्यूजीलैंड (Q) | 02 | 02 | 00 | 04 | +0.863 |
| भारत (Q) | 02 | 02 | 00 | 04 | +0.647 |
| बांग्लादेश | 02 | 00 | 02 | 00 | -0.443 |
| पाकिस्तान | 02 | 00 | 02 | 00 | -1.087 |

**ग्रुप बी की अंक तालिका**

| टीम | खेले | जीते | हारे | अंक | नेट रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|
| दक्षिण अफ्रीका | 02 | 01 | 00 | 03 | +2.140 |
| आस्ट्रेलिया | 02 | 01 | 00 | 03 | +0.475 |
| इंग्लैंड | 01 | 00 | 01 | 00 | -0.475 |
| अफगानिस्तान | 01 | 00 | 01 | 00 | -2.140 |

एजेंसी

**रावलपिंडी।** आइसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच का मुकाबला बारिश के कारण रद्द हो गया। इस मैच के रद्द होने के कारण ग्रुप का समीकरण अब रोमांचक हो गया है। बारिश की वजह से मैच रद्द होने के बाद आस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका दोनों के बीच एक-एक अंक बांट दिए गए हैं। दोनों ही टीमों ने अपने शुरूआती मैचों में जीत हासिल की थी। ऐसे में उनके पास 3-3 अंक हो गए हैं। यही कारण है कि इस ग्रुप का समीकरण अब रोमांचक हो गया है। बारिश के कारण इस ग्रुप में अब चारों टीमों के पास मौका है कि वह सेमीफाइनल में अपनी जगह बना सकती है। इस ग्रुप में इंग्लैंड और अफगानिस्तान की टीम को उनके पहले मैच में हार मिली थी। ऐसे में ये दोनों टीमें अगर अपने बचे हुए दोनों मुकाबले में जीत हासिल कर लेती है तो वह सेमीफाइनल में पहुंच सकती है। हालांकि, यहां रन रेट का मामला भी सामने आएगा, जिसके कारण ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के लिए भी पूरी तरह से मौके बने हुए हैं।

### ग्रुप में रन रेट पर फंसेगा पूरा मामला

आइसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में अब रन रेट पर पूरा मामला फंसने वाला है। आस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका का मैच बारिश के कारण रद्द होने के बाद इंग्लैंड और अफगानिस्तान की टीम के लिए रास्ते आसान हो गए हैं। ऐसे में इंग्लैंड और अफगानिस्तान को अब ना सिर्फ अपने मैच में जीत हासिल करना होगा बल्कि उसे अपने रन रेट को भी बेहतर रखना होगा। क्योंकि तीन अंक हासिल चुकी, आस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका की टीम अगर अपने अंतिम लीग मैच में जीत दर्ज करती है तो ऐसी स्थिति में इन दोनों में से किसी एक का सेमीफाइनल में पहुंचना तय हो जाएगा। वहीं ग्रुप ए की बात करें तो इस ग्रुप से भारत और न्यूजीलैंड की टीम सेमीफाइनल में अपनी जगह बना चुकी है। ऐसे में ये दोनों टीमें ग्रुप बी की किस टीम से अब सेमीफाइनल में टकराएगी उसके लिए इंतजार लंबा हो गया है। हालांकि ये जरूर तय है कि पाकिस्तान में अब सिर्फ एक ही सेमीफाइनल मैच खेला जाएग।


## सचिन-गुरकीरत की आतिशी पारी, इंडिया मास्टर्स 9 विकेट से जीती

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** इंटरनेशनल मास्टर्स लीग टी20 में इंडिया मास्टर्स ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी है। मंगलवार को नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स अकादमी में खेले गए मुकाबले में इंडिया मास्टर्स ने सचिन तेंदुलकर और गुरकीरत सिंह मान की उम्दा पारियों की बदौलत इंग्लैंड मास्टर्स को 9 विकेट से हरा दिया। इस दौरान दर्शकों को युवराज सिंह के भी कुछ आतिशी शॉट देखने को मिले। इंग्लैंड की टीम पहले खेलते हुए एब्रोस के 23, मेड्डी के 25 रनों की बदौलत 132 रन ही बना पाई थी। जवाब में भारत की ओर से सचिन, गुरकीरत और युवराज ने 11.4 ओवर में अपनी टीम को जीत दिला दी। यह लीग में इंडिया मास्टर्स की लगातार दूसरी जीत है। कप्तान इयोन मोर्गन (14) और फिल मस्टर्ड (8) ओपनिंग के लिए आए लेकिन बड़ा स्कोर नहीं बना पाए। इसके बाद आए एंब्रेस 22 गेंदों पर 23 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। मेडी ने 24 गेंदों पर 25 रनों का योगदान दिया। ब्रेसनेन ने 19 गेंदों पर 2 चौकोंकी मदद से 16 रन बनाए। स्कोफील्ड ने 8 गेंदों पर 18 तो क्रिस ट्रेमलेट ने 8 गेंदों पर 16 रन बनाकर टीम का स्कोर 132 तक पहुंचाया। भारत की ओर से धवल कुलकर्णी ने 21 रन देकर 3, मिथुन ने 27 रन देकर दो तो नेगी ने 16 रन देकर 2 विकेट लिए।



## इंग्लैंड और अफगानिस्तान के बीच कांटे की टक्कर आज




**नयी दिल्ली।** आइसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के बीच इंग्लैंड ने एक बड़ा दांव खेला है। अफगानिस्तान के खिलाफ मैच से पहले अंग्रेजों ने अपनी टीम में एक बड़ा बदलाव किया है। इंग्लैंड को सेमीफाइनल की रेस में बने रहने के लिए अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका को अपने अगले दोनों ग्रुप स्टेज मैचों में हराना होगा। इन बड़े मैचों से पहले चोट के कारण बाहर हुए तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्से की जगह इंग्लैंड ने युवा लेग स्पिनर रेहान अहमद को टीम में शामिल किया गया है। आइसीसी इवेंट तकनीकी समिति ने इंग्लैंड के महत्वपूर्ण ग्रुप-स्टेज मैचों से पहले आधिकारिक तौर पर रिप्लेसमेंट को मंजूरी भी दे दी है। आइसीसी ने एक बयान में कहा, आइसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की इवेंट तकनीकी समिति ने इंग्लैंड की टीम में ब्रायडन कार्से की जगह रेहान अहमद को शामिल करने को मंजूरी दे दी है।

## मोटापे के खिलाफ लड़ाई में शामिल करने के लिए मोदी की शुक्रगुजार: चानू



**नयी दिल्ली।** टोक्यो ओलंपिक में कुश्ती में रजत पदक विजेता सैखोम मीराबाई चानू मोटापे के खिलाफ लड़ाई में जागरुकता फैलाने के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नामित किये जाने से बेहद उत्साहित हैं। उन्होने कहा कि दैनिक जीवन में छोटे-छोटे बदलाव करने से पूरे देश में एक बड़ा बदलाव आ सकता है और हमें फिट इंडिया बनाने के अपने सपने को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ने में मदद मिल सकती है।

## नाइजीरियाई फुटबॉलर लावल की युगांडा में सड़क दुर्घटना में मौत



**कंपाला।** युगांडा प्रीमियर लीग में वाइपर स्पोर्ट्स क्लब के नाइजीरियाई फारवर्ड अबुबकर लावल की युगांडा में एक सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। 29 वर्षीय लावल युगांडा के मध्य क्षेत्र के एंटेबे में सेंट मैरी स्टेडियम में क्लब के प्रशिक्षण मैदान की ओर जा रहे थे कि एंटेबे रोड पर एक दुर्घटना में उनकी जान चली गई। वाइपर एससी के संचार प्रमुख अब्दुल वासिके ने सोमवार को इस खबर की पुष्टि की है।

## भारत ने दृष्टिहीनों की टी20 क्रिकेट श्रृंखला जीती

**बेंगलुरु।** टीम इंडिया ने दृष्टिहीन पुरुषों की द्विपक्षीय टी20 क्रिकेट सीरीज में शानदार प्रदर्शन करते हुए बांग्लादेश पर नौ विकेट से बड़ी जीत हासिल की। मणिपाल यूनिवर्सिटी कैंपस में इस जोरदार जीत के साथ भारत ने सीरीज 3-0 से अपने नाम कर ली। टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करते हुये भारत ने शानदार गेंदबाजी का मुजाहिरा किया और बांग्लादेश को 20 ओवरों में चार विकेट पर 173 रन पर रोक दिया। सलमान 38 गेंदों में 50 रन बनाकर बांग्लादेश के लिये सर्वाधिक योगदान देने वाले बल्लेबाज बने वहीं भारत की ओर से टी. दुर्गा राव ने तीन विकेट लेकर प्रभावित किया। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरे भारत के सुनील रमेश ने सिर्फ 46 गेंदों में नाबाद 96 रन बनाकर मैच को अपनी टीम के पक्ष में कर दिया। नकुल बदनायक ने 31 गेंदों में 50 रन बनाये। दोनो के बीच 100 रनों की साझेदारी ने लक्ष्य को 14.4 ओवरों में पाने में महती योगदान दिया। इस जीत के साथ, भारत ने ब्लाइंड क्रिकेट में अपना वर्चस्व कायम करते हुए दो मैच शेष रहते हुए श्रृंखला अपने नाम कर ली है।

## लक्ष्य सेन को कर्नाटक हाइकोर्ट ने दिया झटका

### अधिक समय देने से किया इंकार

एजेंसी

**बंगलुरू।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन को कर्नाटक हाई कोर्ट ने झटका दिया है। दरअसल, जन्म प्रमाण पत्र में हेराफेरी के आरोप में कर्नाटक हाई कोर्ट ने लक्ष्य, उनके परिवार और कोच विमल कुमार द्वारा याचिकाओं को खारिज कर दिया है। एम. जी. नागराज ने खिलाड़ी पर हेराफेरी कर फर्जी दस्तावेज पेश करने के आरोप लगाते हुए एक निजी शिकायत की थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि लक्ष्य सेन के माता-पिता धीरेंद्र और निर्मला सेन, उनके भाई चिराग सेन, कोच यू विमल कुमार और कर्नाटक बैडमिंटन संघ के एक कर्मचारी ने जन्म रिकॉर्ड में फजीर्वाड़ा किया है।



अदालत के निर्देश के बाद, पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी), 468 (जालसाजी) और 471 (नकली दस्तावेजों को असली के रूप में इस्तेमाल करना) के तहत प्राथमिकी दर्ज की। हालांकि, याचिकाकताओं ने 2022 में कर्नाटक हाई कोर्ट का रुख किया, जिससे एक अंतरिम आदेश प्राप्त हुआ जिसने जांच को रोक दिया। न्यायमूर्ति एम. जी. उमा ने याचिकाओं को खारिज करते हुए कहा कि याचिकाकताओं के वकील को पर्याप्त अवसर दिए गए, लेकिन उन्होंने अपनी दलीलें पेश नहीं कीं। न्यायाधीश ने अधिक समय देने से भी इंकार कर दिया।

### हाई कोर्ट ने जांच के आदेश दिए

हाई कोर्ट ने कहा कि मामले में प्रथम दृष्टया साक्ष्य मौजूद हैं जो जांच की आवश्यकता को दशार्ते हैं। शिकायत के अनुसार, आरोपियों ने कथित तौर पर लक्ष्य और चिराग सेन के जन्म प्रमाण पत्र में करीब दो साल छह महीने की उम्र घटा दी जिससे वे आयु-सीमित बैडमिंटन टूनार्मेंट में भाग ले सकें और सरकारी लाभ प्राप्त कर सकें। नागराज ने सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत प्राप्त दस्तावेजों के साथ अपना दावा पेश किया और न्यायालय से भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) तथा खेल मंत्रालय से मूल रिकॉर्ड तलब करने का अनुरोध किया। हाई कोर्ट ने हाई ग्राउंड्स पुलिस थाने को मामले की जांच के आदेश दिए।

## विदर्भ का केरल पर पलड़ा भारी

**नागपुर।** अपने प्रमुख खिलाड़ियों की शानदार फार्म और घरेलू परिस्थितियों के कारण पूर्व चैंपियन विदर्भ की टीम केरल के खिलाफ बुधवार से यहां शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूनार्मेंट के फाइनल में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरूआत करेगी। अक्षय वाडकर की अगुवाई वाली विदर्भ की टीम ने इस सत्र में अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है। उसने अब तक अपने नौ मैचों में से आठ में जीत हासिल की है और एक ड्रा खेला है। विदर्भ ने ग्रुप चरण में सात मैचों में छह मैच में जीत हासिल की। इसके बाद उसने क्वार्टर फाइनल में तमिलनाडु को 198 रन से और सेमीफाइनल में गत चैंपियन मुंबई को 80 रन के बड़े अंतर से हराया। विदर्भ 2017-18 और 2018-19 में रणजी चैंपियन बना था जबकि केरल की टीम पहली बार फाइनल में पहुंची है। विदर्भ की टीम चौथी बार फाइनल में पहुंची है।

## जेस का अर्धशतक, दिल्ली की गुजरात पर चौथी जीत

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 में दिल्ली कैपिटल्स महिला ने एकतरफा मुकाबले में गुजरात जायंट्स महिला को 6 विकेट से हरा दिया। दिल्ली कैपिटल्स की महिलाओं ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया है। गुजरात की ओर से डॉटिन के 26 रन के बाद भारती फूलमाली ने 29 गेंदों पर 40 रन बनाकर स्कोर 127 तक पहुंचा दिया। दिल्ली के सामने यह स्कोर बेहद कम नजर आया। दिल्ली की ओर से शैफाली वर्मा ने 44 तो जोनासन ने 61 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिला दी। यह पिछले पांच मैचों में दिल्ली की गुजरात पर चौथी जीत है।गुजरात की शुरूआत फिर खराब रही। हरलीन दियोल महज 5 रन बनाकर मेरिजन की शिकार हो गई। मेरिजन ने इसी ओवर में लीचफील्ड को भी शिकार बना लिया। गुजरात को बेथ मूनी से उम्मीदें थीं लेकिन वह 11 गेंदों पर 10 रन बनाकर आऊट हो गई। कप्तान एशले गार्डनर ने 9 गेंदों पर 3 रन बनाए जबकि काशवी गौतम 0 रन पर आऊट हो गई। इसके बाद डॉटिन ने एक छोर संभाला लेकिन वह 11वे ओवर में 24 गेंदों पर 26 रन बनाकर आऊट हो गई। तनुजा कंवर ने 16 रन बनाए। आखिर में भारती ने 29 गेंदों पर 40 रन बनाकर स्कोर 127 तक पहुंचाया। इस दौरान सिमरन शेख 5 और मेघना सिंह 0 पर आऊट हो गई।

## केकेआर की कप्तानी के लिए तैयार वेंकटेश

**नयी दिल्ली।** भारतीय ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर ने संकेत दिया है कि यदि उन्हें जिम्मेदारी दी जाती है तो वह इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की कप्तानी संभालने के लिए तैयार हैं। गत चैंपियन केकेआर ने अभी तक अपने नए कप्तान की घोषणा नहीं की है, जबकि उन्होंने पूर्व कप्तान श्रेयस अय्यर को रिलीज कर दिया था। श्रेयस अब पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) की कप्तानी करेंगे।

**शपथ पत**

**समक्ष लेख्य प्रमाण चतरा**

मैं गणपत चेतो यादव, पिता चेतो यादव उम्र 51 वर्ष राष्ट्रीयता भारतीय पेशा-कृषि, निवास स्थान ग्राम पितीज पोस्ट पितीज थाना ईटखोरी जिला चतरा झारखण्ड शपथपूर्वक ब्यान करना है कि

यह कि मैं SBI शाखा ईटखोरी में बचत खाता खुलवाये थे जिसमें मेरा नाम गणपत यादव अंकित है, जो गलत है, मेरा सत्य और सही नाम गणपत चेतो यादव है। यह कि बैंक खाता में मेरा गलत नाम गणपत यादव को शुद्ध कर के मेरा सत्य व सही नाम गणपत चेतो यादव अंकित कर दिया जाय। मेरा बचत खाता सं. 30839565986 एवं आधार न. 487415023361 सही है

यह शपथ पत्र में लिखित बाते गलत पाया गया तो मैं कानुनन दण्ड के भागी बनूंगा।

दिनांक : 24/02/2025.

**Affidavit**

Before,
The Notary Magistrate, Chatra.
Sl. No. 338 Date-15.02.25

I Anju devi @ Sanju devi W/o Brahmdev Bhuiyan, Adhar No-2779 1712 9138 Date of Birth 01.01.1982. Years by faith Hindu, by Cast-Bhuiyan, by Occupation House wife, Resident of Village-Baliya, P.o Itkhori, P.s Itkhori, Dist Chatra, do hereby solemnly affirm as follows: -

1. That my original name is Anju devi and my nick name is Sanju devi aforesaid both name is mine.
2. That my father nick name Sanju devi has been mentioned in State Bank of India, Ac/No-32396089832 Branch Itkhori.
3. That my father original name Anju devi has been inserted into all Educational certificate and Adhar Card.
4. That there no any person in my village aforesaid both name.
5. That the aforesaid name is same person.

# पोयमंती बैस्या ने मिश्रित युगल में जीता रजत पदक

**डब्ल्यूटीटी फीडर कैपाडोकिया 2025**

एजेंसी

**अहमदाबाद।** अडानी स्पोर्ट्सलाइन के गर्व है पहल से समर्थित टेबल टेनिस खिलाड़ी पोयमंती बैस्या ने अपने जोड़ीदार आकाश पाल के साथ डब्ल्यूटीटी फीडर कैपाडोकिया 2025 में मिश्रित युगल श्रेणी में रजत पदक जीता। यह प्रतिष्ठित टेबल टेनिस टूनार्मेंट तुर्किये में 17 से 21 फरवरी के बीच आयोजित हुआ। बैस्या और पाल की जोड़ी ने अपने अभियान की शानदार शुरूआत करते हुए पोलैंड के काताजीना वेग्रिजन और मतेउस्ज जालेव्स्की को 3-1 से हराया। क्वार्टर फाइनल में भारतीय जोड़ी ने हांगकांग के ली होन मिंग और वोंग होई तुंग को 3-1 से पराजित किया। सेमीफाइनल में उन्होंने कोरिया रिपब्लिक के चो सेउंगमिन और यू सिवू को भी 3-1 से मात दी। हालांकि, फाइनल मुकाबले में उन्हें चीन के शुए फी और हान फीयर के खिलाफ 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। पोयमंती बैस्या ने अपनी उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, यह मेरे करियर का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, लेकिन अभी लंबा सफर तय करना बाकी है। इस टूनार्मेंट में हमें दुनिया के कुछ बेहतरीन खिलाड़ियों के खिलाफ खेलने का अनुभव मिला, जो भविष्य में हमारे प्रदर्शन को और बेहतर बनाने में मदद करेगा। मैं अपनी टीम, कोच, दोस्तों, परिवार और अदाणी स्पोर्ट्सलाइन का आभार व्यक्त करना चाहती हूं, जिन्होंने लगातार मेरा समर्थन किया। गर्व है पहल ने मेरी प्रगति में अहम भूमिका निभाई है, और मैं इस सफलता को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर हूं। 22 वर्षीय पोयमंती बैस्या वर्ष 2024 से गर्व है पहल का हिस्सा हैं। 2016 में लॉन्च की गई यह पहल राष्ट्रव्यापी स्तर पर प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान कर उन्हें प्रशिक्षण और संसाधन उपलब्ध कराती है, जिससे वे कॉमनवेल्थ गेम्स, एशियन गेम्स और ओलंपिक्स जैसे वैश्विक मंचों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। अडानी स्पोर्ट्सलाइन के मुख्य व्यवसाय अधिकारी संजय अडेसरा ने कहा, पोयमंती की यह उपलब्धि न केवल उनके लिए बल्कि पूरे देश के लिए गर्व की बात है। हम उन्हें इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाई देते हैं और उनके भविष्य के सफर में हरसंभव समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। तुर्किये चैंपियनशिप में बैस्या ने महिला एकल स्पर्धा में भी हिस्सा लिया और राउंड ऑफ 32 तक पहुंचीं, जहां उन्होंने चीन की डिंग यी जे के खिलाफ शानदार मुकाबला किया लेकिन 2-3 से हार गईं। वहीं, पुरुष एकल श्रेणी में भारत के अंकुर भट्टाचार्य ने राउंड ऑफ 16 तक का सफर तय किया।




## जयपुर के वुशू खिलाड़ी की रिंग में हुई मौत

**जयपुर।** ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी वुशू चैंपियनशिप में आरयू का प्रतिनिधित्व करने गए खिलाड़ी की मोहाली में टूनार्मेंट के दौरान मौत हो गई। तीन दिन पहले वुशू चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए मोहित शर्मा चंडीगढ़ पहुंचा था। उसकी सोमवार को मैच के दौरान मौत हो गयी। घटना के पीछे हार्ट अटैक की आशंका जताई जा रही है। तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें मोहाली के सिविल हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। इस मैच का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जयपुर के 21 वर्षीय डिस्ट्रिक्ट चैंपियन मोहित शर्मा के मैच के दौरान मौत हो गई. यह टूनार्मेंट मोहाली (पंजाब) स्थित चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में चल रहा था। टूनार्मेंट ऑर्गेनाइजर दीपक कुमार के अनुसार मोहित पहला राउंड जीत चुके थे और दूसरे राउंड में भी वो आगे चल रहे थे।

# एसकेएमयू कुलपति ने शिक्षक डॉ अनिल के लिखित पांच पुस्तकों का किया विमोचन

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह ने डॉ अनिल कुमार द्वारा लिखित पांच पुस्तकों का विमोचन सोमवार को किया। उल्लेखनीय है कि डॉ अनिल कुमार साहिबगंज कॉलेज साहिबगंज के रसायनशास्त्र विभाग में कार्यरत हैं।

जिन पांच पुस्तकों का विमोचन हुआ है। उनमें मास्टरिंग केमिस्ट्रीः ए कॉम्प्रिहेंसिव अप्रोच, नाइनटेल्स पब्लिशिंग, एनवायरमेंटल साइंस, जेईसी पब्लिकेशन, ए टेक्स्टबुक ऑफ ग्रीन केमिस्ट्री, एकेडमिक गुरु पब्लिशिंग हाउस, एडवांस इन केमिस्ट्री रिसर्च, साइंटिफिक इंटरनेशनल पब्लिशिंग हाउस, ए टेक्स्टबुक ऑफ इनऑर्गेनिक पॉलीमर केमिस्ट्री, एकेडमिक गुरु पब्लिशिंग हाउस शामिल हैं। इस अवसर पर कुलपति प्रो सिंह ने लेखक डॉ अनिल कुमार को बधाई देते हुए उन्हें अपने शोध कार्य में और अधिक लगन के साथ कार्य करते रहने का सलाह दिया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ राजीव कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ जय कुमार साह, डॉ इंद्रनील मंडल, डॉ संजय कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।



पुस्तक का विमोचन करते कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह व अन्य।

### तीन छात्राओं ने नेट परीक्षा में पायी सफलता

सिदो कान्हू मुर्मू विवि के स्नातकोत्तर वाणिज्य विभाग की कुल तीन छात्राओं ने इस बार यूजीसी नेट की परीक्षा में सफलता हासिल की है। जबकि अन्य दो ने पीएचडी नामांकन के श्रेणी से नेट पास किया है। यूजीसी नेट प्रिया रश्मि मरांडी ने पास किया है। प्रिया स्नातकोत्तर वाणिज्य विभाग की सत्र-2022-24 की छात्रा है। पीएचडी पास करने वाली छात्राओं के नाम नेहा प्रवीण और सुषमा हेंब्रम हैं। दोनों वर्तमान में पीजी कॉमर्स विभाग की सेमेस्टर-3 की छात्रा हैं।

# बोकारो संगीत कला अकादमी में शास्त्रीय संगीत संध्या आयोजित

>> सुरमणि सम्मान मिथिला रत्न सम्मान संगीत शिरोमणि सहित कई सम्मानों से विभूषित पं राणा झा ने राग पुरिया धनाश्री में सुमधुर शास्त्रीय गायन की प्रस्तुति दी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो संगीत कला अकादमी में शास्त्रीय संगीत संध्या का आयोजन किया गया। सुरमणि सम्मान मिथिला रत्न सम्मान संगीत शिरोमणि सहित कई सम्मानों से विभूषित पं राणा झा ने राग पुरिया धनाश्री में सुमधुर शास्त्रीय गायन प्रस्तुत करने के बाद नानक के भजन जगत में झूठी देखी प्रीत व ब्रह्मानन्द के भजन जिसको नहीं है बोध गुरु ज्ञान क्या करे... की भावपूर्ण प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इनके साथ तबले पर डॉ राकेश रंजन व तानपूरे पर संहिता भट्टाचार्य व गौरी झा ने संगति की। कार्यक्रम की शुरूआत गायिका गौरी झा के गायन से हुई। गौरी ने राग कलावती सुनाकर सबकी वाहवाही ली। इनके साथ तबले पर अमित सरकार ने संगति की। तत्पश्चात गायक विभु शंकर मिश्र ने राग यमन में छोटा ख्याल अब कौन रिझाबल जाए रे... की कर्णप्रिय प्रस्तुति से सबको आनंदित किया। इनके साथ तबले पर डॉ राकेश रंजन व हारमोनियम पर हरेकनाथ गोस्वामी ने संगति की। पं राणा झा ने कहा कि संगीत में रियाज का काफी महत्त्व है। प्रारंभ में कलाकारों का स्वागत अकादमी के प्रशासक अरुण कुमार सिन्हा ने किया। कार्यक्रम का संचालन संगीतज्ञ प्रसेनजीत शर्मा व अंत में धन्यवाद ज्ञापन अरुण पाठक ने किया। मौके पर सेल के सीजीएम अनिमेष कुमार झा संगीतज्ञ पं श्याम गोस्वामी हीरा देवी शारदा झा महाकांत झा समरेंद्र झा सीमा झा संगीता कुमारी प्रमोद भगत आदि संगीत प्रेमी व श्रोता उपस्थित थे।



## एक नजर में

### बोकारो : पूर्व विधायक ने किया 500 एमटी गोदाम भवन का शिलान्यास



बोकारो/कसमार। मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो की धर्मपत्नी सह पूर्व विधायक बबीता देवी ने कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के 500 एमटी गोदाम व मार्केटिंग भवन का शिलान्यास किया। जिसका निर्माण समेकित सहकारी विकास परियोजना रांची कोषांग के द्वारा किया जायेगा। इस दौरान पूर्व विधायक बबीता देवी ने कहा कि अब किसानों से धान अधिप्राप्ति करने के बाद पैक्स को भंडारण करने में असुविधा नहीं होगी बल्कि क्रय किये धान का सुरक्षित भंडारण हो सकेगा। उन्होंने कहा कि गोदाम के निर्माण से पैक्स को सुविधा होगी। इस गोदाम निर्माण कार्य के संवेदक को चेतावनी देते हुए कहा कि कार्य में गड़बड़ी होने पर नपे जाओगे। इस दौरान प्रमुख नियोति कुमारी बीडीओ नम्रता जोशी 20 सूत्री अध्यक्ष दिलीप हेंब्रम सहायक निबंधक बेरमो उपेंद्र यादव बीसीओ राणा रमेश नागेश्वर चौधरी पैक्स अध्यक्ष अखिलेश्वर महतो बिनोद बिहारी महतो मिथिलेश कुमार महतो हराधन ठाकुर श्याम लाल टुड्डू संजू देवी देव शरण महतो बिरसाय महतो जयपाल महतो रिंकू देवी आसमा बीबी आदि मौजूद थे।

### डीपीएस बोकारो में वित्तीय साक्षरता के विषय पर जागरूकता कार्यशाला



बोकारो। डीपीएस बोकारो में युवा पीढ़ी की जागरूकता के निमित्त शिक्षाविदों को वित्तीय साक्षरता के मूलभूत सिद्धांतों पर सशक्त बनाने के उद्देश्य से वित्तीय साक्षरता विषय पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। इस सत्र में आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के प्रोडक्ट स्पेशलिस्ट भास्कर वर्मा और वित्तीय सलाहकार जेके सिन्हा ने सभी को वित्तीय जागरूकता एवं सुरक्षित भविष्य के लिए धनराशि के समुचित प्रबंधन की जानकारी दी। विशेषज्ञों ने सुरक्षित भविष्य के लिए वर्तमान परिदृश्य में व्यवस्थित निवेश पर जोर दिया। उन्होंने दैनिक वित्तीय योजना और लेन-देन स्टॉक मार्केट म्यूचुअल फंड बीमा निवेश और बैंकिंग के कुछ प्रमुख पहलुओं पर प्रकाश डाला। वर्मा ने कहा कि निवेश किया गया आपका पैसा वास्तव में आपके लिए काम करता है और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करता है। उपस्थित शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मियों को उन्होंने बचत की महत्ता इसके फायदे समय के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था में आए बदलाव महंगाई के विभिन्न कारकों पैसिव इनकम लिक्विडिटी शेयर मार्केटिंग आदि पहलुओं की भी विस्तार से जानकारी दी। विशेषज्ञों द्वारा प्रश्नों का उत्तर दिए जाने के साथ ही इस इंटरैक्टिव सेशन का समापन हुआ। विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने वित्तीय मामलों की अद्यतन जानकारी की दिशा में उक्त कार्यशाला को महत्वपूर्ण बताया।

### चंद्रपुरा में होगा मेगा विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन

बोकारो। झारखंड विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला प्रशासन बोकारो एवं डालसा द्वारा 1 मार्च को जिले के चंद्रपुरा स्थित डीवीसी प्लस टू हाई स्कूल मैदान में राज्य स्तरीय मेगा विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन होगा। उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर समाहरणालय सभागार में डीआरडीए निदेशक मेनका ने शिविर की तैयारियों को लेकर बैठक की। बैठक में अपर समाहर्ता मुमताज अंसारी डीटीओ वंदना सेजवलकर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता जिला कल्याण पदाधिकारी जिला मत्स्य पदाधिकारी जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार मनी जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार सहित जिले के अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में निदेशक डीआरडीए ने शिविर में सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लोगों को लाभ सुनिश्चित कराने को कहा। उन्होंने सभी विभागों को स्टॉल लगाने का निर्देश दिया। इसके लिए अपने कार्यों दायित्वों को ससमय निष्पादन करने एवं लाभुकों की विवरणी तैयार कर समर्पित करने को कहा।

### कोटपा-2003 के तहत सेक्टर-4 एवं गोमिया में चलाया गया छापामारी अभियान

**बेरमो।** डॉ अभय भूषण प्रसाद सिविल सर्जन सह अभिहित पदाधिकारी बोकारो के निर्देशन में मंगलवार को खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी बोकारो एवं जिला परामर्शी बोकारो के द्वारा विशेष जांच अभियान सेक्टर 4 थाना क्षेत्र के कुल 57 दुकानों की जांच की गई जिसमें 9 दुकानों/ व्यक्तियों द्वारा कोटपा कानून उल्लघंग करते हुये पाया गया जिनसे अर्थदण्ड के रूप में कुल 1970 रुपए की वसूली की गई। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी बोकारो द्वारा सभी दुकानदारों को सुझाव दिया गया कि तम्बाकू उत्पाद की बिक्री न करें। स्कूल के 100 यार्ड के अन्दर आने वाले दुकानदार अपने दुकानों में तम्बाकू का उत्पाद न रखें। दुकानदार अपने दुकानों पर सिगरेट के विज्ञापन वाला पोस्टर लगाकर प्रचार प्रसार न करें अन्यथा कोटपा-2003 की धारा 5 के तहत कार्रवाई की जायेगी। इसके अलावा डॉ बलराम मुखी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी गोमियां एवं प्रखण्ड लेखा प्रबन्धक गौतम कुमार के साथं गोमिया थाना प्रभारी के सहयोग से भी छापामारी की गई। इस अवसर पर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी डॉ अमरिता श्वेता लकडा, छापामारी दल के सदस्य मो असलम जिला परामर्शी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम व सेक्टर 4 थाना के छापामारी दल उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### यूजीसी नेट परीक्षा में अपूर्वा मिश्रा ने देश में 5वां स्थान हासिल किया



बेरमो/कथारा। यूजीसी नेट की परीक्षा में अपूर्वा मिश्रा ने देश में 5वां स्थान हासिल की है। अपूर्वा को 99.916 प्रतिशत अंक हासिल हुआ है। अपूर्वा ने रांची में स्थित बीआईटी मिश्रा से एमबीए की डिग्री ग्रहण करने का कार्य की हैं। अपूर्व का विषय श्रम कल्याण/कार्मिक प्रबंधन/औद्योगिक संबंध/श्रम और सामाजिक कल्याण/मानव संसाधन प्रबंधन था। इस परिणाम से अपूर्वा अब जेआरएफ और सहायक प्रोफेसर के लिए परीक्षा देने के लिए अधिकृत हो गयी है। अपूर्व के इस उपलब्धि से उसके माता-पिता उषा मिश्रा और केके मिश्रा काफी प्रफुल्लित नजर आ रहे हैं। अपूर्वा के पिता केके मिश्रा सीसीएल कथारा के पूर्व महाप्रबंधक और सीएमपीडीआई के पूर्व निदेशक रह चुके हैं। पिता श्रीमिश्रा ने इस परिणाम फल की जानकारी देते कहा कि अपूर्व शुरू से ही शिक्षा को लेकर काफी मेघावी रही है।

### बेरमो थाना स्थित श्री शिव मंदिर मे अखंड हरि कीर्तन का आयोजन



बेरमो।बेरमो पुलिस की ओर से थाना परिसर स्थित श्री श्री शिवशंकर मंदिर के प्रांगण में 24 घंटे का अखंड हरि किर्तन का आयोजन किया गया। अखंड हरिकीर्तन के पूर्व शिव मंदिर में पूजा अर्चना किया गया। हरे रामा, हरे हरे, हरे कृष्णा, हर हर महादेव, सीता राम के जयकारे से पूरा क्षेत्र गुंजयमान हो गया। गायक केंदार सिंह, कौशल अलबेला, सुमंत अलबेला आदि के मंत्रोचार के साथ पूरा क्षेत्र गुंजयमान हो रहा है। वही मंगलवार को अखंड हरिकीर्तन का समापन हवन और भंडारे के साथ किया जायगा। अखंड हरि किर्तन को सफल बनाने में बेरमो थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह, महिला थाना प्रभारी सुमन कुमारी थाना के एएसआई सहित पुलिस के सभी सदस्य योगदान दे रहे है।

### वाहन जांच अभियान में डीटीओ ने वसूला 3.50 लाख जुर्माना

बोकारो। राष्ट्रीय राजमार्ग 23 पर बालीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत बालीडीह टॉल प्लाजा पर परिवहन विभाग द्वारा चलाए गए सघन वाहन जांच अभियान के दौरान 15 वाहनों से तीन लाख पच्चास हजार का जूमार्ना वसूल किया गया। उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना सेजवलकर द्वारा जांच अभियान चलाकर कुल 15 वाहन से उक्त राशि बतौर जुमार्ना वसूला गया।

### सेवानिवृत न्यायालय कर्मियों ने की बैठक

दुमका। व्यवहार न्यायालय के सेवानिवृत कर्मचारियों की बैठक मंगलवार को कोर्ट परिसर के समीप एक निजी होटल में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व लेखापाल जगन्नाथ झा ने किया। बैठक कर सेवानिवृत कर्मियों का समिति का गठन किया गया। समिति संयोजक अब्दुल कलीम खां एवं सचिव नन्द दुलाल चौधरी को मनोनित किया गया। उपरोक्त पदाधिकारियों को आगामी बैठक आहूत करने एवं समिति विस्तार का दायित्व दिया गया। बैठक में गणेश प्रसाद सिंह, उदयकांत मिश्र, जमाल अंजुम, केदार पाठक, सुशील हांसदा, केदारनाथ सिंह, मनोजरंजन प्रसाद, अशोक चालक, मो जमाल, दुर्गा प्रसाद, बबीता गोराई, अफजल, मेनासी सोरेन, मो खलीफ आदि मौजूद थे।

# बेरमो : जारंगडीह लोकल सेल में दबंगों के खिलाफ बेरोजगारों ने खोला मोर्चा

जारंगडीह बत्तीघर के समीप खेतको के सैकड़ो बेरोजगारो ने की आंदोलन की घोषणा

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** बोकारो जिला के सीसीएल कथारा क्षेत्र का जारंगडीह रोड सेल का मामला थमने के बजाय धीरे-धीरे और सुलगता जा रहा है। कारण केवल कोयला लोकल सेल में हिस्सेदारी के सवाल को लेकर स्थानीय बेरोजगारों द्वारा तथाकथित सेल कमिटी के खिलाफ मोचार्बंदी बताया जा रहा है। ज्ञात हो कि बीते दिनों जारंगडीह कोयला लोकल सेल उठाव मामले को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट की घटना के बाद खेतको के ग्रामीण युवा सेल में भागीदारी को लेकर मोर्चा खोल दिया है। इसे लेकर 24 फरवरी को खेतको के वैसे बेरोजगार युवा जिन्हें सेल कमेटी द्वारा दरकिनार कर दिया गया है, ने जारंगडीह बत्ती घर के सामने बैठक की। बैठक में उपस्थित क्षेत्र के युवाओं द्वारा एक मत से सेल में उचित भागीदारी नहीं मिलने पर जारंगडीह रोड सेल को बंद करने की बातें कही। इस अवसर पर पेटरवार प्रखंड के खेतको निवासी मो परवेज उर्फ राजू ने बताया कि उनके गांव के कुछ सफेदपोस जो आज अकूत संपत्ति के मालिक बन बैठे हैं द्वारा गांव के सैकड़ो बेरोजगार युवाओं के हकमरी में लगे हैं। वे सीसीएल प्रबंधन तथा स्थानीय प्रशासन को यह बताना चाहते हैं कि प्रबंधन यदि बेरोजगार युवाओं के हित में फैसला नहीं लेती है तो वैसी स्थिति में प्रबंधन सेल बंद करें, अन्यथा किसी भी दिन अप्रिय घटना से इनकार नहीं किया जा सकता है। निवासी मंजूर आलम ने कहा कि झारखंड सरकार के नियम अनुसार प्रभावित क्षेत्र के 75 प्रतिशत स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार मुहैया कराना है। इसे लेकर ही जारंगडीह में रोड सेल चल रहा है, जिसमें तथाकथित सफेदपोस आपस में बंदरबांट कर बेरोजगार युवाओं के हक का लाखों करोड़ों हड़प कर आज आलीशान घरों के स्वामी बने हुए हैं। मो. मुंतसिर अंसारी तथा सरमद अंसारी ने खुलासा करते हुए कहा कि उनके गांव के पूर्व मुखिया मो सब्बीर, सदर सेक्रेटरी तनवीर अंसारी, मो मुख्तार सहित मात्र 15 लोगों के बीच पैसे की बंदर बांट की जाती है, जिससे गांव के 900 से अधिक युवाओं की हकमरी की जा रही है। जिसे हम बेरोजगार युवा किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस मौके पर परवेज आलम उर्फ राजू, मंजूर आलम, अजमत अंसारी, मो शहीद रजा, फिरोज अंसारी, मन्नान, सरमद, साहिल, अशरफ, इरफान, मो शमशेर, मीना बाजार के अलावे सैकड़ो बेरोजगार युवक उपस्थित थे। इस संबंध में खेतको के पूर्व मुखिया सह पेटरवार प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष शब्बीर अंसारी ने बताया कि कुछ असामाजिक तत्वों ने उनके गांव का माहौल खराब कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि पूर्व के एक गाड़ी की वसूली की राशि कुल नौ लाख 71 हजार रुपये जो कर्बला निर्माण ० मरम्मति के नाम से लिया गया था। उसका हिसाब देने में राजू और शाहीन द्वारा आनाकानी की गयी। उनके द्वारा बताया गया कि दो सौ गांव के बेरोजगारों के बीच उक्त राशि बांट दी गयी है। उसका भी लिस्ट उपरोक्त द्वारा नहीं प्रस्तुत कर जारंगडीह सेल का माहौल बिगाड़ने में लगे है। उन्होंने बताया कि इसे लेकर बीते दिनों जारंगडीह सेल में मारपीट की घटना के बाद बीते 23 फरवरी को प्रशासन की उपस्थिति में कथारा गेस्ट हाउस में बैठक कर मामला सुलझाने की कोशिश की गयी। बावजूद इसके कुछ तथाकथित मामला सुलझाने के पक्ष में नहीं दिख रहे है।

## हाइवा कोयलांचल ऑनर एसो. के सदस्य बेरमो विधायक से मिले



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** हाईवा कोयलांचल ऑनर एसोसिएशन बेरमो के पदाधिकारी और सदस्य बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह से रांची स्थित उनके आवासीय कार्यालय में जाकर मिले। कारो और खास महल से टढछ की ट्रांसपोर्टिंग मे निरसा की हाइवा चलती है। ट्रांसपोर्टर के द्वारा बेरमो की हाइवा मालिक को भाड़ा नही देती है। हाईवा कोयलांचल ऑनर एसोसिएशन बेरमो के संरक्षक सह बेरमो विधायक ने कहा कि ट्रांसपोर्टर को बेरमो के लोगो को भी सही भाड़ा देना होगा, अन्यथा ट्रांसपोर्टर का अनिश्चितकालीन काम बंद रहेगा। मौके पर अध्यक्ष गुलश्वर महतो, उपाध्यक्ष मुन्ना कुमार, महासचिव अंसू राय, संगठन मंत्री यूसुफ अंसारी, कोषाध्यक्ष अरुण कुमार साह, कोषाध्यक्ष आजाद बाउरी, सहित महेंद्र महतो, प्रदीप ठाकुर, सुनील गुप्ता, विनय गिरी, राजू, कपिल, महावीर महतो, संजय बरनवाल आदि मुख्य रूप से शामिल हुए।

## शिवरात्रि में बाबा भोलेनाथ की फौजदारी दरबार बासुकीनाथ में निकलेगी भव्य बारात, तैयारियां पूरी

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** बासुकीनाथ मंदिर परिसर स्थित सभागार में अधिकारियों की समीक्षात्मक बैठक शिवरात्रि को तैयारियों को लेकर आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता डीसी आंजनेयुलु दोड्डे ने की। बैठक में डीसी ने कहा कि महाशिवरात्रि के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु बासुकीनाथ पहुचेंगे। श्रद्धालुओं को पूजा अर्चना में कठिनाई नहीं हो इसका विशेष ध्यान रखा जाये। रुट लाइन पर विशेष नजर रखी जाये। साथ ही भीड़ एकत्रित नहीं हो इसे सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि मेडिकल टीम उपस्थित रहेंगे एवं विपरीत परिस्थितियों को लेकर अलर्ट मोड में रहेंगे। अग्नि शमन वाहन भी अलर्ट मोड में रहे। उन्होंने कहा कि पर्याप्त रौशनी की व्यवस्था बैकअप के साथ रुट लाइन में रहे इसे सुनिश्चित करें। कहा कि साज सज्जा एवं विधुत साज सज्जा को लेकर की गई व्यवस्था की जांच बेहतर ढंग से कर लें। डीसी ने कहा कि बारात के दौरान किसी प्रकार के विधि व्यवस्था की स्थिति उतपन्न नहीं हो इसका ध्यान रखा जाये। बैठक में जिला प्रशासन के अधिकारी एवं पंडा समाज के लोग उपस्थित थे।

### बाबा बासुकीनाथ को चढ़ाया गया लावा कासा



महाशिवरात्रि के पूर्व संध्या पर मंडप पूजन एवं काशा लावा भुजने की धार्मिक रस्मों की परंपरा निभाई गई। इस धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम में मुख्य विदकरी शोखी कुंवर अपने परिवार संग लावा कासा भुजने का पुनीत कार्य किया। सम्पूर्ण धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम के दौरान एसडीएम कौशल किशोर एवं सपत्नी यजमान बने। बीडीओ सह मंदिर प्रभारी कुंदन भगत मौजूद रहे। अनुष्ठान के समापन पर पुरे विधि-विधान के साथ पवित्र कासा और लावा को महादेव और पार्वती को चढ़ाया गया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार कासा और लावा मुख्य विदकरी शोखी कुंवर के घर से लाने की पौराणिक परंपरा रही है। जिसे शिव और पार्वती को विधिपूर्वक समर्पित किया जाता है। मौके पर पंडा धर्म रक्षिणी सभा के अध्यक्ष मनोज पंडा, कुंदन झा, सारंग बाबा, दामोदर पंडा, मंदिर प्रबंधक सुभाष राव, मदन झा व भक्ति मौजूद थे।

## भागा बांध स्थित जी एम आर पब्लिक स्कूल का वार्षिक महोत्सव संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** चास प्रखंड के भागा बांध स्थित जीएमआर पब्लिक में काफी धूम धाम से वार्षिक समारोह मनाया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि डुमरी विधायक टाइगर जयराम कुमार महतो ने कहा कि शिक्षा ही हर क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाती है और विकास में चार चांद लगाती है। कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों ने एकांकी डांस लघु नाटक आदि प्रस्तुत करके सभी का मन मोह लिया। सभी ने बच्चों के प्रस्तुति की सराहना की। स्कूल के सचिव मृत्युंजय महतो ने कहा कि हम अपने कोशिश से शहर की शिक्षा को इस आदिवासी बहुल क्षेत्र में लाने के लिए कृतसंकल्प है। हमारे स्कूल में बीपीएल परिवार के बच्चों को निशुल्क शिक्षा दी जाती है। मौके पर स्कूल की प्राचार्या यमुना कुमारी ने कहा कि इस आदिवासी गांव के विकास में ही हमारा विकास होगी। किसी भी परिवार या समाज के विकास के लिये सबसे पहले शिक्षा का विकास होना सबसे जरूरी है। कार्यक्रम का संचालन विद्या सागर महतो संजय कुमार और अशोक सिंह चौधरी ने किया।

मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में अर्जुन रजवार उषा देवी पनेश्वर कुमार सरोज कुमारी दीपक रवानी लक्खी कटियार जेकेएलएम की नेत्री पूजा कुमारी स्कूल के शिक्षक विद्यार्थी व अभिभावक सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## बेरमो : एनएसएस स्वयंसेवक राज्यपाल के हाथों सम्मानित



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** राजभवन में मंगलवार को एन एस एस स्वयं सेवक सुमीत कुमार सिंह को महामहिम राज्यपाल झारखंड संतोष गंगवार ने प्रमाण पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। सुमीत कुमार सिंह का चयन युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा विशिष्ट अतिथि गणतंत्र दिवस समारोह नयी दिल्ली के लिए हुआ था। एन एस एस स्वयं सेवक के रूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते आ रहे हैं। के बी कॉलेज बेरमो के प्राचार्य लक्ष्मी नारायण, प्रो इंचार्ज प्रो गोपाल प्रजापति, कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ प्रभाकर कुमार, डॉ अरुण कुमार रॉय महतो, रविंद्र कुमार दास, सदन राम आदि कॉलेज परिवार ने बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। पूरा बेरमो का नाम इन्होंने ऊंचा किया है। विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विवि धनबाद के लिए गर्व की बात है।

## पेज एक का शेष

### बालू और पेपर...

इसके बाद स्पीकर ने अल्पसूचित प्रश्न, तारांकित प्रश्न, शून्यकाल एवं ध्यानाकर्षन भी आराम से चलाया। विधायक सुखराम उरांव के सवाल पर उच्च शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि चक्रधरपुर के जवाहरलाल नेहरू कॉलेज के भवन का डीपीआर तैयार हो रहा है। इसकी प्रशासनिक स्वीकृति की कार्रवाई की जा रही है। कांग्रेस विधायक रामचंद्र सिंह के सवाल पर जवाब देते हुए उच्च शिक्षा मंत्री सुदिव्य सोनू ने कहा कि लातेहार के बरवाडीह प्रखंड में डिग्री कॉलेज के लिये जल्द ही नीतिगत निर्णय लिया जायेगा। भाजपा विधायक रागिनी सिंह ने माडा को लेकर सवाल पूछा। जवाब में मंत्री सुदिव्य सोनू ने कहा कि झरिया में माडा शुद्ध पेयजल की आपूर्ति कर रहा है। 54 एंमएलडी से ज्यादा पानी दिया जा रहा है। विधायक मंजू देवी के गिरिडीह में मध्य विद्यालय के उत्क्रमित किये जाने के सवाल पर शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि उत्क्रमित करने के लिये अर्हताओं को देखा जाता है।

### 1984 दंगे में ...

दंगों में, देश के विभिन्न हिस्सों में हजारों सिखों की निर्दयतापूर्वक हत्या कर दी गयी उनके घरों और दुकानों को जला दिया गया और उनके सामान लूट लिये गये। इसी दौरान दिल्ली के राज नगर निवासी एस. जसवंत सिंह और उनके बेटे एस. तरुणदीप सिंह की हजारों लोगों की एक अनियंत्रित भीड़ ने हत्या कर दी थी। अभियोजन पक्ष का कहना है कि आरोपी सज्जन कुमार भीड़ का नेतृत्व कर रहे थे और उनके उकसावे पर ही भीड़ ने जसवंत सिंह और तरुणदीप सिंह को जिंदा जला दिया। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) ने 26 जुलाई 2021 के आदेश के तहत कथित अपराधों का संज्ञान लिया। बाद में, एसीएमएम ने 30 जुलाई 2021 के आदेश के अनुसार, अपराध दंड संहिता की धारा 207 के प्रावधानों के अनुपालन के बाद मामले को सत्र न्यायालय में स्थानांतरित कर दिया, क्योंकि आईपीसी की धारा 302 के तहत दंडनीय अपराध तथा अन्य अपराधों से संबंधित मुकदमों में विशेष रूप से सत्र न्यायालय सुनवाई करता है।

### अबतक 64 करोड़...

महाशिवरात्रि पर बुधवार को अंतिम स्नान में आंकड़ा 66 करोड़ के पार हो जाने की संभावना है। सनातन धर्मावलंबी जितनी बड़ी संख्या में यहां पहुंचे हैं, उतने पूरी दुनिया में आज तक कहीं दूसरी जगह एक साथ एकत्र नहीं देखे गये। श्रद्धालुओं का आंकड़ा सात बार दो करोड़ के पार जा चुका है।

**सभी शिव मंदिरों की सुरक्षा कड़ी :** डीजीपी वैभव कृष्ण ने कहा कि 26 फरवरी को महाशिवरात्रि है और महाकुंभ का आखिरी स्नान भी है। सभी शिव मंदिरों पर पुलिस की तैनाती की है। स्नान घाटों पर सुरक्षा कड़ी है। पूरे क्षेत्र को नो व्हीकल जोन घोषित किया गया है। पूरे कुंभ क्षेत्र में जोनल व्यवस्था से ट्रैफिक संचालन होगा। जो लोग आ रहे हैं वो पुलिस के डायवर्जन का पालन करें, पुलिस उनकी सुविधा के लिए उनको डायवर्ट कर रही है।

स्पीड न्यूज

## कोर्ट ने लालू और उनके पुत्र, पुत्री को किया तलब

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री लालू प्रसाद को नौकरी के बदले जमीन घोटाले के संबंध में तलब किया। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने प्रसाद के बेटे और बिहार के पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव और बेटी हेमा यादव को भी तलब किया। न्यायाधीश ने राजद सुप्रीमो के छोटे बेटे और बिहार के पूर्व उपाध्यक्ष तेजस्वी यादव को नया समन जारी किया। आरोपियों को 11 मार्च को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया गया है। यह मामला मध्य प्रदेश के जबलपुर में स्थित भारतीय रेलवे के पश्चिम मध्य मंडल में की गईं समूह डी नियुक्तियों से संबंधित है।

## पाकिस्तान में 10 आतंकवादी मारे गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक अभियान के दौरान 10 आतंकवादियों को मार गिराया। आईएसपीआर ने मंगलवार को बताया कि आतंकियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी मिलने के बाद यह अभियान शुरू किया गया। सुरक्षाकर्मियों ने ठिकाने पर हमला किया और 10 आतंकवादियों को मार गिराया।

## बंगाल के कई हिस्सों में भूकंप के झटके

**कोलकाता।** बंगाल की खाड़ी में मंगलवार सुबह तेज भूकंप आया। कोलकाता और पश्चिम बंगाल के कई हिस्सों में भी इस भूकम्प के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.1 मापी गई है। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) ने बताया कि भूकंप सुबह 6:10 बजे आया। एनसीएस ने बताया कि भूकंप के झटके पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों और कोलकाता में महसूस किए गए।

## आंध्र में हाथियों के हमले में तीन श्रद्धालुओं मौत

**कडप्पा।** आंध्र प्रदेश के अन्नामय्या जिले के वाई कोटा गांव में मंगलवार तड़के हाथियों के झुंड के हमले में तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गयी और दो अन्य घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह घटना तड़के तब हुयी, जब वाई-कोडा गांव के कन्नेगुंटा कॉलोनी के करीब 30 श्रद्धालु महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव की पूजा करने के लिये प्रसिद्ध सिद्धेश्वर स्वामी मंदिर जा रहे थे और सभी श्रद्धालु जंगल के इलाके से गुजर रहे थे। उसी दौरान, हाथियों के झुंड ने उन पर हमला कर दिया।

## सेंसेक्स 147 अंक चढ़ा और निफ्टी फिसला

**मुंबई ।** महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, जोमैटो, मारुति, आईसीआईसीआई बैंक और इंफोसिस समेत 17 कंपनियों में हुई लिवाली की बदौलत मंगलवार को सेंसेक्स में तेजी लौट आई वहीं बिकवाली के दबाव में निफ्टी मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स 147.71 अंक की तेजी लेकर 74,602.12 अंक पर पहुंच गया जबकि निफ्टी 5.80 अंक फिसलकर 22,547.55 अंक पर आ गया।

## कैबिनेट : औरंगाबाद समेत पांच जिलों में नये मेडिकल कॉलेज के लिए राशि मंजूर

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को कैबिनेट बैठक में 30 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं को मंजूरी दे दी। ये बैठक 3 मार्च को पेश होने वाले बजट से ठीक पहले हुई। इन परियोजनाओं में मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा के दौरान दक्षिण बिहार के जिलों में की गई घोषणाओं से संबंधित 120 योजनाएं शामिल हैं। इसके अलावा, कैमूर, जहानाबाद, बांका, नवादा और औरंगाबाद में मेडिकल कॉलेज बनाने के लिए 2000 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि भी जारी की गई। सचिवालय के मंत्रिमंडल कक्ष में हुई इस बैठक में 146 परियोजनाओं पर मुहर लगी। पांच जिलों में बनेगा मेडिकल कॉलेज अस्पताल : कैबिनेट की बैठक में पांच जिलों में मेडिकल कॉलेज बनाने का भी फैसला लिया गया। इन जिलों में कैमूर, जहानाबाद, बांका, नवादा और औरंगाबाद शामिल हैं। इन मेडिकल कॉलेजों के निर्माण के लिए 2000 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि जारी करने का आदेश मुख्यमंत्री ने दिया।

# अमेरिका ने यूएन में रूस का दिया साथ

## यूक्रेन युद्ध के लिए पुतिन को दोषी ठहराने से किया इनकार

**महासभा ने 18 के मुकाबले 93 मतों से मंजूरी दी, 65 सदस्यों ने मतदान का किया बहिष्कार**

एजेंसी

**संयुक्त राष्ट्र ।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अंतर अटलांटिक संबंधों में एक नाटकीय बदलाव देखने को मिला है क्योंकि यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने की मांग से संबंधी संयुक्त राष्ट्र के तीन प्रस्तावों पर सोमवार को मतदान में अमेरिका ने यूक्रेन पर आक्रमण के लिए रूस को दोषी ठहराने से इनकार कर दिया और इस मुद्दे पर अपने यूरोपीय सहयोगियों से अलग रुख अपनाया। यूक्रेन में तीन साल से जारी युद्ध को समाप्त करने की मांग करते हुए संयुक्त राष्ट्र में ये प्रस्ताव पेश किए गए थे। संयुक्त राष्ट्र महासभा में अमेरिका और रूस ने यूरोप समर्थित यूक्रेन के प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया। प्रस्ताव में रूस की आक्रामकता की निंदा की गई है तथा रूसी सैनिकों की तत्काल वापसी की मांग की गई है। इसके बाद अमेरिका ने अपने प्रतिस्पर्धी प्रस्ताव पर मतदान से खुद को अलग कर लिया, क्योंकि फ्रांस के नेतृत्व में यूरोपीय देशों ने इसमें संशोधन करके यह स्पष्ट कर दिया कि रूस ही हमलावर है। यह मतदान उस समय हुआ जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप वाशिंगटन में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की मेजबानी कर रहे थे। इसके बाद अमेरिका ने 193 सदस्यीय विश्व संस्था की शक्तिशाली संयुक्त राष्ट्र



सुरक्षा परिषद में अपने मूल मसौदे पर मतदान के लिए दबाव डाला। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य देश अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन और फ्रांस के पास वीटो की शक्ति है। 15 सदस्यीय परिषद में शून्य के मुकाबले 10 वोट से मतदान हुआ और पांच देश मतदान से दूर रहे। ये सभी यूरोपीय देश थे। अमेरिका का राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रंप ने संघर्ष के जल्द से जल्द समाधान के लिए रूस के साथ अचानक बातचीत शुरू की जिससे यूक्रेन के साथ अमेरिका के रिश्ते में तल्खी आई है और यूरोपीय नेता भी इस बात से निराश हैं कि पिछले सप्ताह उन्हें और यूक्रेन को रूस के साथ प्रारंभिक वार्ता से बाहर रखा गया। सोमवार को पहले मतदान में महासभा ने यूक्रेन संबंधी प्रस्ताव को 18 के मुकाबले 93 मतों से मंजूरी दी, जबकि 65 सदस्यों ने मतदान का बहिष्कार किया। इस परिणाम से यूक्रेन के लिए समर्थन कम होता दिख रहा है, क्योंकि पिछले मतदान में 140 से अधिक देशों ने रूस की आक्रामकता की निंदा की थी और तत्काल रूसी सैनिकों की वापसी की मांग की थी। इसके बाद सभा ने रूस-यूक्रेन संघर्ष के दौरान हुई दुखद जनहानि से संबंधी अमेरिका के प्रस्ताव को मंजूरी दी। प्रस्ताव में संघर्ष को शीघ्र समाप्त करने तथा यूक्रेन एवं रूस के बीच स्थायी शांति की अपील की गई है, हालांकि इसमें रूस की आक्रामकता का कहीं भी उल्लेख नहीं किया गया है। एक आश्चर्यजनक कदम में फ्रांस ने तीन संशोधनों का प्रस्ताव रखा, जिसका समर्थन 100 से अधिक यूरोपीय देशों ने किया। प्रस्ताव में कहा गया कि संघर्ष रूसी संघ द्वारा यूक्रेन पर पूर्ण पैमाने पर आक्रमण का परिणाम था। रूस ने संघर्ष के मूल कारणों को संबोधित करने के लिए एक संशोधन भी प्रस्तावित किया। सभी संशोधनों को मंजूरी दे दी गई और प्रस्ताव आठ के मुकाबले 93 मतों से पारित हो गया। कुल 73 सदस्य मतदान में शामिल नहीं हुए। यूक्रेन ने प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया, अमेरिका ने मतदान में भाग नहीं लिया तथा रूस ने इसके विरोध में मतदान किया।

### भारत और चीन अनुपस्थित रहा

संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारत के पड़ोसी देश म्यांमार, नेपाल और भूटान ने भी यूक्रेन के पक्ष में मतदान किया है। भारत और चीन इस मतदान के दौरान अनुपस्थित रहे। संयुक्त राष्ट्र में मतदान के दौरान कुल 93 देशों ने यूक्रेन के पक्ष में मतदान किया। अमेरिका ने यूक्रेन के विरोध में पहली बार मतदान करके रूस के साथ चल रही वार्ता को और आगे बढ़ाने के संकेत दिए हैं। भारत और चीन सहित 65 देश इस मतदान के दौरान अनुपस्थित रहे। इनमें बांग्लादेश, श्रीलंका, पाकिस्तान, ईरान, इराक, ओमान, सहित कई खाड़ी देश और इस्लामिक देश शामिल हैं।

## बिहार की अमूल्य धरोहरों में से एक है पटना मेडिकल कॉलेज : राष्ट्रपति

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि पटना मेडिकल कॉलेज बिहार की अमूल्य धरोहरों में से एक है। इस संस्थान का पुरातनता को संरक्षित करने और आधुनिकता की ओर निरंतर अग्रसर होने का गौरवशाली इतिहास रहा है। पटना मेडिकल कालेज एवं हास्पिटल (पीएमसीएच) एशिया के सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों में से एक रहा है। इस संस्थान के पूर्व छात्रों ने अपनी प्रतिभा, सेवा और समर्पण के बल पर देश-विदेश में अपना और पीएमसीएच का नाम रोशन किया है। वह मंगलवार को पटना मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के शताब्दी समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहीं थीं। राष्ट्रपति ने कहा कि इलाज के लिए दूसरे शहर या राज्य में जाने से कई तरह से नुकसान होता है, जैसे इलाज में



देरी, भोजन, आवास और रोजगार की समस्या। इससे बड़े शहरों के चिकित्सा संस्थानों पर भी बोझ पड़ता है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि पीएमसीएच के प्रति हमारा विशेष लगाव है। जब सरकार में नवंबर, 2005 से यहां काम करने का मौका मिला तो हम लोगों ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई काम किया। छह मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल थे। अब 12 मेडिकल कॉलेज हो गए हैं, जबकि 14 का निर्माण किया जा रहा है। आठ जगहों पर केन्द्र सरकार निर्माण करा रही है।

## दिल्ली में आबकारी नीति से 2000 करोड़ से अधिक के राजस्व का नुकसान

**विधानसभा में सीएजी की रिपोर्ट पेश**

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को विधानसभा में सीएजी की रिपोर्ट पेश की। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछली आम आदमी पार्टी सरकार की आबकारी नीति से 2000 करोड़ रुपये से अधिक के राजस्व का नुकसान हुआ। सीएजी रिपोर्ट में उल्लेख किया गया कि दिल्ली सरकार को अपनी 2021-22 की आबकारी नीति में खामियों के कारण 2,026.91 करोड़ रुपये का भारी वित्तीय झटका लगा है। इस रिपोर्ट में भारत में निर्मित विदेशी शराब और दिल्ली में विदेशी शराब के विनियमन और आपूर्ति की जांच के लिए 2017-18 से 2021-22 तक चार वर्षों की अवधि को कवर करते हुए दिल्ली में शराब के विनियमन और आपूर्ति पर किए गए निष्पादन लेखापरीक्षा के परिणाम शामिल हैं।

## महाशिवरात्रि पर प्रयागराज से 350 से अधिक ट्रेनें चलेंगी

**रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने स्टेशनों पर विशेष सतर्कता बरतने का दिया निर्देश**

**नयी दिल्ली।** महाकुंभ 2025 का अंतिम अमृत स्नान 26 फरवरी को है। गंगा यमुना और सरस्वती के मिलन स्थल संगम पर स्नान करने के लिए उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, झारखंड और बंगाल सहित देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज आए हुए हैं ।

रेलवे की पूरी व्यवस्था की निगरानी का नेतृत्व रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने स्वयं किया है। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार भी लगातार रेलवे बोर्ड से ट्रेनों की मॉनिटरिंग में लग रहे हैं।

रविवार और सोमवार को भी बिहार के पटना, दानापुर, मुजफ्फरपुर, गया, सासाराम, कटिहार, खगड़िया, सहरसा, जयनगर, दरभंगा आदि स्टेशनों पर यात्रियों की संख्या अधिक रही । उत्तर प्रदेश के गोरखपुर लखनऊ अयोध्या वाराणसी कानपुर गोंडा दीनदयाल उपाध्याय झांसी आदि जिलों के रेलवे स्टेशनों पर प्रयागराज जाने वाले यात्रियों की संख्या औसत से काफी ज्यादा रही। मध्य प्रदेश के चित्रकूट, जबलपुर, सतना, खजुराहो जैसे स्टेशनों पर भी भीड़ रही जबकि झारखंड के धनबाद बोकारो, रांची, गढ़वा और मेदनी नगर स्टेशन से बड़ी संख्या में लोग प्रयागराज के लिए रवाना हुए। अमृत स्नान के बाद अपने-अपने शहर वापस जाने वाले लोगों और श्रद्धालुओं का भारी हुजूम रेलवे स्टेशनों पर उमड़ना संभावित है। इसे ध्यान में रखते हुए उत्तर मध्य रेल, पूर्वोत्तर रेल और उत्तर रेलवे ने व्यापक तैयारी की है और सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने कार्य स्थल पर मुस्तैदी के साथ टिके रहने का निर्देश दिया है। रेलवे ने मौनी अमावस्या के दिन 360 से अधिक गाड़ियों का परिचालन करके 20 लाख से अधिक लोगों को उनके गंतव्य स्थान पर भेजने में सफलता पाई थी। महाशिवरात्रि स्नान के बाद भी श्रद्धालुओं की सेवा के लिए अधिक संख्या में ट्रेनों को चलाने की योजना बनाई गई है और प्रयागराज के समीप वाले स्टेशनों पर अतिरिक्त रेक रखे गए हैं जिनका उपयोग आवश्यकतानुसार किया जाएगा।

